# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 108, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 855 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। } 10

## नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान जारी

झारखंड में सुरक्षा बलों द्वारा आठ नक्सलियों को ढेर किये जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। } 12



## नहीं रहे पोप फ्रांसिस



एजेंसी

वेटिकन सिटी। अपने विनम्र स्वभाव और गरीबों के प्रति चिंता एवं करूणा का भाव रखने वाले तथा एक सहृदय पोप के रूप में विश्व पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले कैथोलिक समुदाय के पहले लैटिन अमेरिकी पादरी, पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। पोप के निधन पर देश भर के राजनीतिक और धार्मिक नेताओं ने शोक व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोप फांसिस के निधन से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पोप की करुणा और बेहतर विश्व के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता पोप के तौर पर उनके कार्यों को परिभाषित करती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि फ्रांसिस को मानव समाज, विशेष रूप से गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के प्रति उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए याद किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मिशनरी-वामपंथी कर रहे थे जनजातीय समाज का ब्रेनवॉश : योगी

### सीएम योगी ने बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास को हर तरह की सहायता प्रदान करने के लिए किया सम्मानित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जन जातियों को 2017 से पहले मतदान के अधिकार नहीं थे। राशन कार्ड और कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं थी। भाजपा की सरकार आने के बाद से थारू, मुसहर, कोल, गोंड, समेत सभी जनजातियों को हर सुविधा उपलब्ध कराई गई। यही नहीं, इससे पहले कुछ मिशनरी और वामपंथी जनजातीय समाज का ब्रेनवॉश भी किया करते थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास को हर तरह की सहायता प्रदान करने व छात्र-छात्राओं के पारस्परिक सहयोग के लिए सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को भी सीएम ने सम्मानित किया। ये बातें लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल गोमतीनगर विस्तार ऑडिटोरियम में रविवार को श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5.0 के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने कहा कि वनटांगिया के 55 गावों में कोई अधिकार नहीं थे। यह स्थिति देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में यात्राओं की एक लंबी श्रृंखला रही है। आदि शंकराचार्य ने भी शंकर दिग्विजय यात्रा के माध्यम से भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ा था। ऐसी धार्मिक यात्राएं केवल आस्था नहीं, बल्कि समाज को एकसूत्र में बांधने का माध्यम होती ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ थारू, मुसहर, कोल, गोंड, समेत सभी जनजातियों को उपलब्ध कराई हर सुविधा





❍ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले व सीएम ने किया दीप प्रज्वलन

संक्षेप

### ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर किया हमला

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी थाना क्षेत्र में कथित तौर पर बिना अनुमति के स्थापित की जा रही डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा को हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम की सोमवार सुबह ग्रामीणों के साथ झड़प हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने टीम पर पथराव किया, जिससे कुछ पुलिस कर्मियों और सरकारी अधिकारियों को मामूली चोटें आईं। बांसी के पुलिस क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली कि समोगरा गांव में बिना अनुमति के बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जिसके बाद वह उप जिलाधिकारी, बांसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को प्रतिमा स्थापित न करने के लिए मनाने की कोशिश की। द्विवेदी ने कहा कि हालांकि, मौके पर मौजूद ग्रामीणों एक महिला के कथित उकसावे पर पुलिस और प्रशासन की टीम पर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें कुछ अधिकारी एवं कर्मी घायल हो गए।

### महिला ने पति की हत्या कर, शव के किये टुकड़े

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में एक महिला ने दस दिन पहले दुबई से लौटे अपने पति की अपने प्रेमी के साथ मिलकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मृतक का शव उसके घर से करीब 55 किलोमीटर दूर एक खेत में पड़े सूटकेस से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक नौशाद अहमद (38) दस दिन पहले दुबई से भटौली गांव लौटा था और सूटकेस पर लगे विमानन कंपनी के टैग के जरिये उसकी शिनाख्त की गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी एक किसान ने रविवार सुबह अपने खेत में एक लावारिस ट्रॉली बैग देखा, जिसके अंदर एक व्यक्ति के शव के टुकड़े रखे हुए थे।



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 38.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


❍ बेहतर कानून व्यवस्था से यूपी उद्यमियों की पहली पसंद (पृष्ठ-02)
❍ बिजली हुई महंगी, उपभोक्ताओं को लगा झटका (पृष्ठ-02)
❍ सोना एक लाख रुपये के पास, चांदी भी मजबूत (पृष्ठ-10)
❍ रुपया 25 पैसे बढ़कर 85.13 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
❍ चमड़ा, जूता निर्यात 5.7 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)


# एक हजार साल के लिए बना रहे नीतियां : मोदी

## पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती भारत की नौकरशाही

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढेंर्रे पर नहीं चल सकती तथा उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे अगले 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगी।

मोदी ने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है और अब ऐसा माहौल बना रहा है जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है। मोदी ने यहां विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। उन्होंने नौकरशाहों को दिए गए लगभग 40 मिनट के अपने भाषण के दौरान भारत के समाज, युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा आज हम ...शेष पृष्ठ 10 पर



## पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से की वार्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को व्यापक वार्ता के दौरान द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया। वार्ता के बाद मोदी ने वेंस, भारतीय मूल की अमेरिका की द्वितीय महिला उषा और उनके अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया। भारतीय विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया।

इसमें कहा गया उन्होंने दोनों देशों के लोगों के कल्याण पर केंद्रित पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वार्ता में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का स्वागत किया। वक्तव्य में कहा गया, इसी प्रकार, उन्होंने ऊर्जा, रक्षा, सामरिक प्रौद्योगिकियों और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में जारी प्रयासों पर भी ध्यान दिया। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया तथा आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति का आह्वान किया। वक्तव्य में कहा गया प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति, द्वितीय महिला और उनके बच्चों को भारत में सुखद और उपयोगी प्रवास के लिए शुभकामनाएं दीं। इसमें कहा गया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर



## एक करोड़ के इनामी समेत आठ नक्सली ढेर

रांची/नयी दिल्ली। झारखंड के बोकारो जिले में सोमवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें से एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ जिले में लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई। उन्होंने बताया कि 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) और राज्य पुलिस के अभियान में आठ नक्सली मारे गए और एक एके राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), आठ देसी बंदूक एवं एक पिस्तौल बरामद की गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में उग्रवादी संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति का सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हमपर संसदीय व कार्यपालिका में अतिक्रमण का आरोप

### सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा पर हुई सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायपालिका को हाल में निशाना बनाए जाने का स्पष्ट जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि हम पर संसदीय और कार्यपालिका के कार्यों में अतिक्रमण करने का आरोप लगाया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हाल में हुई हिंसा की जांच कराए जाने का अनुरोध करने वाली एक नयी याचिका पर न्यायालय की पीठ द्वारा विचार किए जाते समय न्यायमूर्ति गवई ने यह टिप्पणी की। इस पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। विधानसभा चुनावों के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने का अनुरोध करने वाले दो याचिकाकर्ताओं की ओर से 2021 में जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पीठ से नयी याचिका पर सुनवाई करने का मंगलवार को आग्रह किया। जैन ने कहा कि 2021 की याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है तथा पश्चिम बंगाल में हिंसा की और घटनाओं को सामने लाने वाली नयी याचिका पर भी सुनवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कल की सूची में मद संख्या 42 पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने से संबंधित है। यह याचिका मैंने दायर की है। उस याचिका में मैंने पश्चिम बंगाल राज्य में हुई हिंसा की कुछ और घटनाओं को सामने लाने संबंधी अभियोग और निर्देश के लिए एक अंतर्वर्ती (इंटरलोक्यूटरी) आवेदन दायर किया है। अंतर्वर्ती (इंटरलोक्यूटरी) आवेदन एक औपचारिक कानूनी अनुरोध होता है जो अंतरिम आदेश या निर्देश प्राप्त करने के लिए न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दायर किया जाता है। जैन ने कहा कि अर्धसैनिक बल की तैनाती और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 355 का हवाला दिया, जो बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्यों की रक्षा करने के संघ के कर्तव्य से संबंधित है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत इस बारे में रिपोर्ट मांग सकती है कि राज्य में क्या हो रहा है। जैन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने 2021 की याचिका पर पहले नोटिस जारी किया था। उन्होंने कहा, जब मामले पर सुनवाई होगी तो मैं बताऊंगा कि हिंसा कैसे हुई। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2021 में जनहित याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस याचिका में केंद्र को ...शेष पृष्ठ 10 पर



उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायपालिका को हाल में निशाना बनाए जाने का स्पष्ट जिक्र करते हुए कहा कि हम पर संसदीय और कार्यपालिका के कार्यों में अतिक्रमण करने का आरोप लगाया जा रहा है।

हाल में उच्चतम न्यायालय पर हमलावर हुए नेताओं का जिक्र करते हुए कोर्ट ने जतायी चिंता।

## होमस्टे चलाने वाले लोग उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर : धामी

### गांव से ग्लोबल तक होम स्टे संवाद कार्यक्रम का आयोजन

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य में होमस्टे संचालकों द्वारा पारंपरिक व्यंजन को बढ़ावा देने के साथ ही राज्य की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। होमस्टे चलाने वाले सभी लोग राज्य के ब्रांड एंबेसडर हैं।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में मुख्य सेवक संवाद के तहत गांव से ग्लोबल तक होमस्टे संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने राज्यभर से आये होमस्टे संचालकों से बातचीत कर राज्य में होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा होमस्टे को तेजी से बढ़ावा दिया गया है। होमस्टे संचालक प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को ठहरने अच्छी सुविधा के साथ राज्य की संस्कृति, परंपरा, खानपान, पहनावे से भी अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की असली आत्मा गांवों में बसती है। जहां प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति और पारंपरिक विरासत का अद्भुत संगम एक ही स्थान पर देखा जा सकता है। स्थानीय अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ...शेष पृष्ठ 10 पर




विशेष खबर — राजाजीपुरम के गौरी शंकर पार्क में आयोजित हुआ लखनऊ परिक्षेत्र युवा व्यापार मण्डल के शपथ ग्रहण समारोह

## विराज सागर दास ने नवनिर्वाचित व्यापारी पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

समरेश पति त्रिपाठी

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और लखनऊ परिक्षेत्र युवा व्यापार मण्डल के मुख्य संरक्षक विराज सागर दास ने सोमवार को नवनिर्वाचित लखनऊ परिक्षेत्र युवा व्यापार मण्डल के विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारियों को शपथ दिलायी।

यह शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम राजाजीपुरम क्षेत्र के गौरी शंकर पार्क में आयोजित हुआ। इसमें लखनऊ परिक्षेत्र युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने बताया कि सहादतगंज क्षेत्र में अध्यक्ष पद पर तनिष्क गुप्ता, महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष पूनम सिंह, उपाध्यक्ष अंशुमान गुप्ता, उपाध्यक्ष अर्पित गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री नितिन केसरिया को शपथ दिलायी गयी। वहीं, सदस्य के तौर पर नीतू सिंह, सुनीता वर्मा, लथनी सिंह, कनक सिंह, पूजा धवन को शपथ दिलायी गयी। काकोरी युवा व्यापार मण्डल से अजीत यादव अध्यक्ष, महामंत्री चमन बाबू, आलमबाग युवा व्यापार मण्डल से विजेन्द्र सिंह अध्यक्ष, मोन्टू पाल महामंत्री, कोषाध्यक्ष अवनीश पाल, उपाध्यक्ष अशफाक हुसैन, शरीपुरा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष आकाश लोधी, उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, महामंत्री अमित द्विवेदी, वरिष्ठ महामंत्री अंकित सिंह, कोषाध्यक्ष सज्जन बाजपेई को शपथ दिलायी गयी।



बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और युवा व्यापार मण्डल के मुख्य संरक्षक विराज सागर दास ने नवनिर्वाचित व्यापारी पदाधिकारियों को दिलायी शपथ फोटो : अमित वर्मा

## पेड़ से टकरायी कार छह लोगों की मौत, दो घायल

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में एक कार के पेड़ से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना रविवार देर रात नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के शुक्ल भुजौली चौराहे पर उस समय हुई जब कार सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए देवगांव जा रहे थे।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया तथा दो अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

मृतकों की पहचान नारायणपुर चरगहा निवासी हरेंद्र मद्धेशिया, योगेंद्र मद्धेशिया, रंजीत एवं मुकेश और कुसमा गांव निवासी भीम लक्ष्मण यादव तथा कार चालक ओम प्रकाश के रूप में हुई है। हादसे का शिकार हुए सभी लोगों की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और जिले के अधिकारियों को घायलों का शीघ्र एवं पर्याप्त उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

संक्षेप

## बीफार्मा का संभावित परीक्षा कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 की विषम सेमेस्टर के बीफार्मा के प्रथम वर्ष के पहले सेमेस्टर की परीक्षा का संभावित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। लिखित परीक्षाएं छह से नौ मई तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी। वहीं, प्रयोगात्मक और प्रोजेक्ट परीक्षाएं 10 से 13 मई के बीच ऑफलाइन मोड में होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया की ओर से संबद्ध संस्थानों के निदेशकों एवं प्राचार्य को पत्र जारी कर परीक्षा कार्यक्रम से संबंधित त्रुटि एवं संशोधन को 23 अप्रैल तक ईमेल के माध्यम से देने को कहा है।

## मयंक त्रिवेदी बने रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी



**लखनऊ।** रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर और राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के अनुमोदन के बाद मयंक त्रिवेदी को रालोद का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया जाता है। इसके पूर्व मंयक त्रिवेदी प्रदेश सह मीडिया प्रभारी के पद के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने आशा की है कि इस गहन दायित्व का निर्वहन करते हुए मयंक त्रिवेदी भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह एवं श्रद्धेय चौधरी अजित सिंह की विचारधारा-रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुए रालोद को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक, प्रमोद शुक्ला, आमिर साबिरी, मुकेश वर्मा आदि लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बेहतर कानून व्यवस्था से यूपी बना उद्यमियों की पहली पसंद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मजबूत कानून व्यवस्था, औद्योगिक नीतियों और निवेशकों के अनुकूल वातावरण के चलते देश की दिग्गज कंपनियां अब उत्तर प्रदेश का रुख कर रही हैं। सिर्फ राम सनेही घाट

- **हैंडलूम, बॉटलिंग, एग्री बिजनेस, सीमेंट और टेलीकॉम सेक्टर में होंगे नए निवेश, मिलेंगे लाखों रोजगार**
- **राम सनेही घाट औद्योगिक क्षेत्र में देश की बड़ी कंपनियों ने दिखाई रुचि**

औद्योगिक हब, बाराबंकी की ही बात करें तो यहां देश की कई प्रमुख कंपनियां आगे आई हैं, जिससे प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने वाले हैं। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को भेजे गए प्रस्तावों के मुताबिक विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों ने यूपी में अपने नए कारोबार की नींव रखने का निर्णय लिया है। इनमें हैंडलूम, एग्री बिजनेस, बॉटलिंग, सीमेंट, टेलीकॉम और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर प्रमुख हैं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बेहतर कानून व्यवस्था को व्यापार के लिए काफी अनुकूल बताया है। आईआईए अयोध्या मंडल के अध्यक्ष प्रमित कुमार सिंह ने बताया कि गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड ने राम सनेही घाट में 25 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए रुचि जताई है। कंपनी 102 करोड़ रुपये से चावल भूसी तेल निष्कर्षण और रिफाइनरी परियोजना शुरू करेगीए जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। त्रिवेणी आलमारी प्राइवेट लिमिटेड ने 40 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक आलमारी विनिर्माण संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया है। 250 करोड़ की लागत से लगने वाले इस प्रोजेक्ट से रोजगार के 1000 प्रत्यक्ष और 6000 अप्रत्यक्ष अवसर मिलेंगे। सिंघानिया सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड भी 200 करोड़ के निवेश से 25 एकड़ क्षेत्र में सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट की स्थापना करने जा रही है। इससे



रोजगार के 300 प्रत्यक्ष और 2000 अप्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध होंगे। आरके हैंडलूम एसेसरीज प्राइवेट लिमिटेड ने स्टॉलए स्कार्फ और गारमेंट्स से संबंधित उत्पादन के विस्तार के लिए 30,000 स्क्वायर मीटर भूमि की मांग की है। यह कार्य होने पर 300 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। शालीमार ग्रुप की दो कंपनियां (शालीमार कंक्रीट प्रोडक्ट्स और शालीमार वाटर टैंक) 25-25 एकड़ भूमि पर दूरसंचार परियोजना संयंत्र और बॉटलिंग प्लांट लगाएंगी। प्रत्येक प्लांट से 225 प्रत्यक्ष और 1000 अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। राजस्थान लिकर लिमिटेड भी 40 एकड़ भूमि पर 400 करोड़ के पूंजीगत व्यय से 200 किलो लीटर प्रति दिन (केएलपीडी) अनाज आधारित डिस्टिलरी और बॉटलिंग प्लांट की स्थापना करेगी। इससे करीब 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा। व्यापार के लिहाज से उत्तर प्रदेश इन कंपनियों की पहली पसंद बन चुका है। औद्योगिक विकास विभाग के अनुसारए किसी भी उद्योग के लिए मजबूत कानून व्यवस्था सबसे जरूरी होती है। ऐसा वातावरण जहां कानून व्यवस्था दुरुस्त हो, ताकि निवेशक अपनी क्षमता के आधार पर आगे बढ़ सकें। ऐसा वातावरण देने में उत्तर प्रदेश अग्रणी प्रदेश बनकर उभरा है। इन सभी निवेश प्रस्तावों के पीछे का कारण सीएम योगी की मजबूत कानून व्यवस्था, पारदर्शी प्रशासन और उद्योगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य न केवल निवेश आकर्षित करना है, बल्कि युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसी वजह से इस वर्ष टेक्निकल एजुकेशन प्राप्त युवाओं को बड़े पैमाने पर अवसर मिलने वाले हैं। आईआईए के अनुसार सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाई की ओर अग्रसर है, जहां हर युवा को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और राज्य आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाएगा।

## जॉब क्रिएटर बन रहे राज्य के युवा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप यूपी के युवा अब जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बन रहे हैं। इसकी गवाही एमएसएमई विभाग के आंकड़े दे रहे हैं। यूपी दिवस पर 24 जनवरी को लांच मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सुपरहिट साबित हो रही है।

स्वरोजगार के लिए अभियान के तहत महज 67 दिनों में रिकार्ड 2,07,158 से अधिक आवेदन मिले हैं। यानि स्वरोजगार के लिए हर रोज

- **1,66,522 आवेदन बैंकों को भेजे गये, 44,521 आवेदन बैंकों ने स्वीकृत किए, 30,595 युवाओं को स्वरोजगार के लिए मिला लोन**

ढाई हजार से अधिक आवेदन युवाओं ने किए हैं। सीएम योगी के मिशन रोजगार को एमएसएमई विभाग धरातल पर उतार रहा है। जिसका नतीजा है कि सीएम युवा अभियान के तहत एमएसएमई विभाग को मिले आवेदनों में से 1,66,522 आवेदन बैंकों को भेजे गए हैं। जबकि 44,521 आवेदनों को बैंकों ने स्वीकृत कर दिया है और 30,595 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन भी मिल गया है। विभाग ने 121 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी भी स्वीकृत कर दी है। इस बारे में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सीएम की मंशा के अनुरूप शासन स्तर से बैंकों के साथ नियमित समन्वय किया जा रहा है, ताकि फाइलें लंबित न रहें और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही, विभाग की ओर से तकनीकी प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट और मेंटरशिप आदि जैसी सहायक सेवाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं। सीएम योगी की 'नए भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की अग्रणी भूमिका' के विजन को साकार करने में यह योजना एक मजबूत कड़ी साबित हो रही है। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक, युवा आज इस अभियान के माध्यम से खुद का उद्यम शुरू कर रहे हैं, जिससे रोजगार सृजन हो रहा है।

# बिजली हुई महंगी, उपभोक्ताओं को लगा झटका

समरेशपति त्रिपाठी (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली अप्रैल में महंगी हो गई है। अब उपभोक्ताओं को बढ़ा हुआ बिजली बिल देना होगा। बिजली बिलों में पहली बार 1.24 प्रतिशत ईंधन और ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) जुड़कर आया है। जैसे किसी उपभोक्ता

- **अप्रैल के बिजली बिलों में 1000 पर 12.40 रुपये की हुई बढ़ोत्तरी**

का बिजली बिल 1 हजार रुपये था तो उसे एफपीपीएएस के तौर पर 12.40 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने इस साल 8 जनवरी को वितरण और पारेषण के लिए बहुवर्षीय टैरिफ नियमन के तीसरे संशोधन को मंजूरी दी थी। इसके तहत ईंधन और ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) लगाने को मंजूरी दी गई थी। इस आधार पर जनवरी में बिजली कंपनियों ने 78.99 करोड़ रुपये सरप्लस का आकलन किया था। इसके समायोजन के लिए अप्रैल में सभी उपभोक्ताओं के बिलों पर 1.24 प्रतिशत अधिभार लगा दिया गया।

**कंपनियों पर उपभोक्ताओं का बकाया, सरचार्ज गलत : अवधेश वर्मा :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33122 करोड़ रुपये बकाया हैं। ऐसे में अगर ईंधन व ऊर्जा



खरीद में कुछ रुपये बिजली कंपनियों के सरप्लस निकल भी रहे थे तो उसे इस रकम से समायोजित करना चाहिए था। उन्होंने सरचार्ज लगाए जाने को अवैध करार दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में अभी निजीकरण लागू नहीं हुआ है और निजी औद्योगिक घरानों का दबाव महसूस किया जाने लगा है। उनके ही दबाव में हर महीने सरचार्ज लगाए जाने का नियम बनाया गया था। पांच साल में पहली बार बिजली दरों में इजाफा भी हो गया। पावर कॉरपोरेशन के राजस्व आवंटन इकाई के मुख्य अभियंता ने निदेशक (तकनीकी) को लिखे पत्र में 1.24 प्रतिशत अधिभार लगाने को कहा था। इसमें सभी उपभोक्ताओं पर समान रूप से सरचार्ज लगाने की बात कही थी। एक समान अधिभार प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं से वसूलने पर भी सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, बिजली उपभोक्ताओं की कई श्रेणियां हैं और उनकी बिजली दरें भी अलग-अलग हैं। ऐसे में एक समान अधिभार सभी पर क्यों लगाया गया है? अगर अधिभार लगाना भी था तो अलग-अलग श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग दरें होनी चाहिए थीं।

**घट या बढ़ सकती हैं बिजली दरें :** नियामक आयोग द्वारा जारी रेगुलेशन में हर महीने सरचार्ज की दरें तय करने का अधिकार पावर कॉरपोरेशन को दिया गया है। जैसे अप्रैल के बिल में जनवरी में ईंधन व ऊर्जा खरीद में हुए खर्च का समायोजन किया गया है, ठीक उसी तरह मई में फरवरी के खर्च का समायोजन किया जाएगा। आयोग ने तय किया था कि ईंधन व ऊर्जा खरीद के खर्च का आकलन होगा और तीन महीने बाद के बिल में उसे समायोजित किया जाएगा। अप्रैल के बाद हर महीने सरप्लस रकम को समायोजित करने के लिए अलग-अलग दरें तय की जाएंगी जो कम या ज्यादा हो सकती हैं। अगर किसी महीने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का बकाया निकलेगा तो वह रकम भी बिल में समायोजित होगी यानी कम की जाएगी।

## सड़क निर्माण के लिए 825.91 लाख रुपये मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद लखनऊ में सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों हेतु 825.91 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, लखनऊ को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से इन्दिरा प्रियदर्शनी वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड, पेपर मिल वार्ड, स्माइलगंज द्वितीय वार्ड, विधानसभा पश्चिम, वार्ड न्यू हैदरगंज द्वितीय, विधानसभा सरोजिनी नगर, वार्ड सरोजिनी नगर द्वितीय, विधानसभा पश्चिम, वार्ड हैदरगंज तृतीय, फैजुल्लागंज प्रथम, तृतीय एवं चतुर्थ वार्ड, जानकीपुरम द्वितीय वार्ड तथा मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण संबंधी कार्य कराया जाएगा। यह धनराशि प्रथम किश्त के रूप में मंजूर करते हुए जिलाधिकारी, लखनऊ के निवर्तन पर रखी गई है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से की शिष्टाचार भेंट

## मनरेगा श्रमिकों के खातों में सीधे जायेगी धनराशि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मनरेगा मजदूरों के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2300 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्रदान की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) भारत की सबसे महत्वपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजनाओं में से एक है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को रोजगार की गारंटी प्रदान करती है। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के मनरेगा मजदूरों के लिए 2300 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि अवमुक्त की है। यह धनराशि बकाया भुगतानों को पूरा करने और समय पर मजदूरी सुनिश्चित करने में मदद करेगी।

# दलितों पर अत्याचार में यूपी नंबर वन : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि दलितों पर अत्याचार के मामले में भाजपा सरकार के समय में यूपी नंबर एक बन गया है। सवाल ये है कि दलितों पर हमलों और दलितों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराधों में, वो भी खासतौर से दलित महिलाओं के उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की वारदातों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, ओड़िशा, महाराष्ट्र जैसे वो ही राज्य क्यों है, जो भाजपा शासित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश के दलितों के साथ अन्याय, अत्याचार चरम पर है। भाजपा सरकार आरक्षण और आजादी तो छीन ही रही है अब तो सत्ता संरक्षित प्रभुत्ववादी, दबंग और गुण्डे जान ले रहे हैं। प्रयागराज में गेहूं काटने से इंकार करने पर हुई दलित युवक की हत्या अंदर से



हिला देने वाली घटना है। यादव ने कहा कि भाजपा मूलतः परम्परागत प्रभुत्ववादियों की पार्टी है और वर्चस्ववादी भाजपाइयों की बुनियादी सोच सामंतवादी है, जिसमें गरीब, वंचित, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आधी आबादी (महिलाओं) और आदिवासियों के लिए सिर्फ अपमान और जलालत के अलावा और कुछ नहीं है। मन, मानस और आचरण में भाजपाई आजादी से पहले की ही सोच में जी रहे हैं इसीलिए भाजपाई संविधान के भी विरोधी हैं क्योंकि भाजपा में संगठन और सरकार के प्रमुख पदों पर हमेशा ही केवल कुछ खास लोग ही विराजमान रहते हैं और बाकी दौड़-भाग, डंडा-झंडा, बैनर-दरी के काम औरों को दे दिये जाते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के अंदर पदनाम भले किसी दलित, पिछड़े को मिल जाए पर पदमान कभी नहीं मिलता।

## सड़क दुर्घटना पर हुई मौत पर अखिलेश ने जताया दुख

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुशीनगर के भुजौली में हुई सड़क दुर्घटना में रामकोला विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर चरगहा के छः लोगों की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता की मांग की। दुर्घटना में छः लोगों की मौत और दो लोग घायल हो गये है। मृतकों में पांच लोग एक ही परिवार के है। हरेन्द्र मद्धेशिया, रंजीत मद्धेशिया, योगेन्द्र मद्धेशिया, ओम प्रकाश मद्धेशिया और मुकेश मद्धेशिया, भीम यादव का अंतिम संस्कार रगडगंज घाट पर हुआ। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी एवं राधेश्याम सिंह, रणविजय सिंह पूर्व प्रत्याशी हाटा, विधानसभा अध्यक्ष निठुरी राजभर, ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# भाजपा की मजबूत बूथ संरचना किसी भी चुनाव को जीतने में सक्षम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/सीतापुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

उन्होंने सीतापुर जिला कार्यालय

- **धर्मपाल सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर की चर्चा**
- **भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन ने जिला कार्यालय के विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में कार्यकर्ताओं से किया संवाद**

में अलग-अलग बैठकों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों, लहरपुर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेंद्र संयोजकों के साथ ही लहरपुर विधानसभा के अनुसूचित मोर्चा के पार्टी पदाधिकारियों व



कार्यकर्ताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव की विजय रणनीति पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा अनवरत कार्य करने वाला राजनैतिक दल है। जहां एक ओर सपा, बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नेता सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय होते है। वहीं भाजपा सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यों तथा जनसरोकार से जुड़े कार्यों के साथ अहर्निश जनता के बीच रहकर कार्य करती है। भाजपा विचार आधारित दल है जबकि सभी विपक्षी दल परिवार आधारित व जाति आधारित दल है। यही कारण भाजपा को अन्य दलों से अलग करते हैं और यही कारण भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनाते है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अथक परिश्रम का पर्याय है। यही कारण है कि भाजपा जनसरोकार व जन-जागरण के अभियानों को कार्यकर्ताओं के परिश्रम से लोकव्यापी बनाने में सफल होती है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव देश की आवश्यकता है, जो राष्ट्र को राजनैतिक स्थिरता के साथ आर्थिक समृद्ध और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ सुधार जन-जागरण अभियान के माध्यम से हमें वक्फ कानून के नाम पर देश में कांग्रेस द्वारा दी गई लूट की छूट का पदार्फाश करना है। इसके साथ ही वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 से पसमांदा मुसलमानों व मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार का संकल्प भी अल्पसंख्यक वर्ग के साथ ही सभी वर्गों के बीच पहुंचाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता, भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर सम्मान अभियान के माध्यम से जिला स्तर पर गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। गोष्ठियों के माध्यम से हमें बाबा साहेब के प्रेरक जीवन के साथ ही भाजपा द्वारा बाबा साहेब के सम्मान में किए गए कार्यों तथा कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों द्वारा बाबा साहेब के विरूद्ध किए गए षड़यंत्र को भी जनमानस के बीच पहुंचाने का काम करना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा की मजबूत बूथ संरचना किसी भी चुनाव को जीतने में सक्षम है। भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य से केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जो अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुए गरीब और वंचित वर्ग की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मजबूत बूथ संरचना से मजबूत व्यूह रचना तैयार करना है। जो विपक्ष के हर भ्रम और झूठ को समाप्त करने के लिए बूथ पर लगातार सम्पर्क व संवाद करेगी और प्रत्येक बूथ पर भाजपा की विजय का परचम फहराएगी। उन्होंने कहा कि हमें सभी मोर्चो को भी बूथ पर मजबूत करते हुए मेरा बूथ-सबसे मजबूत के संकल्प के साथ काम करना है।

# गुणवत्ता के साथ तय समय पर पूरा करें निर्माणाधीन कार्य : बृजेश सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने उप्र राज्य सेतु निगम के मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को सेतु निगम

- **लोक निर्माण राज्य मंत्री ने उप्र राज्य सेतु निगम के मुख्यालय में समीक्षा बैठक कर विभागीय अधिकारियों को किया निर्देशित**
- **पिछले आठ वर्षों में सेतु निगम ने पूर्ण की 471 सेतु परियोजनाएं**
- **गत वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक रिकार्ड 76 परियोजनाएं करायी गयी पूर्ण**

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अब तक स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और कार्यों के गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए विभिन्न स्तर पर चेकिंग के निर्देश दिये, वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना में ऐसे कार्य जो स्वीकृत न हो पाये ऐसे कार्यों को पुनः प्रेषित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर लोक निर्माण राज्य मंत्री ने चालू कार्यों की समीक्षा की और कार्यों पर अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय की जानकारी ली और निर्देश दिया कि कतिपय परियोजनाएं लम्बे समय से गतिमान हैं उन कार्यों की प्रगति और अधिक बढ़ायी जाय, जिससे चालू कार्यों को शीघ्रतिशीघ्र पूर्ण किया जा सके और आम जनमानस को उसका तत्काल लाभ मिल सके। निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता के संबंध में निर्देश दिया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर नियमित देखरेख की जाये।

बृजेश सिंह ने निर्देश दिया कि जो कार्य ईपीसी पर कराये जा रहे हैं उनके अनुबंध में दिए गए माइलस्टोन के



अनुसार प्रगति सुनिश्चित करायें यदि माइलस्टोन के अनुसार प्रगति नहीं हो रही है तो सम्बंधित कांट्रैक्टर के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करें, इसके साथ ही संबंधित अधिकारी की लापरवाही पाये जाने पर उसकी भी जवाबदेही तय की जाय। निर्माणाधीन कार्यों की उच्च अधिकारी नियमित समीक्षा करें। निर्माण कार्यों में लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में धर्मवीर सिंह प्रबंध निदेशक सेतु निगम ने राज्य मंत्री के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी दी। यह भी अवगत कराया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पिछले आठ वर्षों में सेतु निगम द्वारा 471 सेतु परियोजनाएं पूर्ण की गयी हैं, जिसमें मुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में गत वित्तीय वर्ष में 76 परियोजनाएं पूर्ण करायी गयी हैं, जो कि अब तक का सर्वाधिक रिकार्ड है। साथ ही गत वित्तीय वर्ष का टर्न ओवर भी सर्वाधिक प्राप्त किया गया है। एमडी सेतु निगम ने राज्य मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क श्रीराज, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन एके द्विवेदी, मुख्य अभियंता (सेतु) रवीन्द्र सिंह और सेतु निगम के सभी अंचलीय अधिकारी एवं मुख्यालय के नियंत्रक/नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# आगामी विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी करछना, हंडिया, बारां में लड़ेगी चुनाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा प्रयागराज पहुंची। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने बताया कि यात्रा 30 नवम्बर को मां शाहकुंभरी देवी, शक्तिपीठ सहारनपुर से शुरूआत की गयी थी। उन्होंने बताया कि संवैधानिक

- **निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा का प्रयागराज पहुंचने पर स्वागत**

अधिकार यात्रा को चार चरणों में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में पहुंचने का लक्ष्य रखा गया था यात्रा अब अपने अंतिम चरण में हैं।

आज जनपद प्रयागराज होते हुए प्रतापगढ़, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र और लखनऊ में यात्रा का समापन होगा। निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी पार्टियों के इतिहास में पहली बार किसी पार्टी और निषाद नेता ने आरक्षण के मुद्दे को लेकर कोई यात्रा निकाली है, आज यात्रा का जिस प्रकार से मछुआ समाज का जनसमर्थन मिल रहा है, उससे यह तो



स्पष्ट है कि जल्द ही मछुआ समाज अपने आरक्षण के मुद्दे पर हमारे सहयोगी दल व सत्तारूढ़ पार्टी को आरक्षण के विषय पर सोचने के लिए मजबूर जरूर करेगा। निषाद पार्टी और भाजपा का गठबंधन आरक्षण के मुद्दे समेत मछुआ समाज के अन्य मुद्दों को लेकर हुआ था। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति निषाद पार्टी और मछुआ आरक्षण को लेकर मछुआ समाज के साथ नहीं खड़ा है उससे 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी दूरी बनायेगी। निषाद पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में हंडिया, करछना और बारां सीट पर चुनाव लड़ेगी। निषाद ने कहा कि ये जो निषाद नेता दूसरी पार्टियों में जाकर किरायेदार बन गये है, मछुआ समाज को पूर्वांचल से पश्चिमांचल तक सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि इन्हीं लोगो ने मछुआ समाज के आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक अनुसूचित जाति आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार को भटकाने का काम कर रहे हैं, ये कहते हैं कि अगर मछुआ समाज को आरक्षण मिल गया तो डॉ संजय निषाद और निषाद पार्टी मछुआ समाज के लिए अंबेडकर बन जायेंगे इसलिए ये मछुआ समाज किरायेदार नेता किसी भी सूरत में आरक्षण को लागू नहीं होने देना चाहते हैं।

संक्षेप

## रंजिश में हुई मारपीट, चार पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में सांगीपुर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के अमावां गांव निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र गयाबक्श सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर उन्नीस अप्रैल को दोपहर करीब बारह बजे गांव के संतोष कुमार सिंह की पत्नी राधा सिंह, पुत्र रितिक तथा पुत्री रिया व धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्व. शिवमूर्ति सिंह ने गालीगलौज करते हुए उसे तथा उसकी पत्नी को मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़ित की पत्नी बेहोश हो गयी। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। एसओ उदयपुर राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## किशोरी के अपहरण का आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर दर्ज मुकदमे के आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते अटठाईस अक्टूबर 2022 को उसकी नाबालिग पुत्री को क्षेत्र के नरवल गांव निवासी उपेन्द्र कोरी पुत्र गणेश कोरी बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। एसओ राधेश्याम ने बताया कि सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी उपेन्द्र कोरी को रामपुर कसिहा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

सिद्धार्थनगर जनपद के उसका रोड पर एचडीएफसी बैंक के बगल में स्थित श्रद्धा क्लिनिक में आज रविवार शाम लगभग 8:00 बजे आग लग गई। यह क्लिनिक डॉक्टर सुमन शुक्ला द्वारा संचालित किया जाता है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इस घटना में क्लिनिक में रखी दवाइयां और अन्य सामान जलकर राख हो गए, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

## अभियुक्त गिरफ्तार

इंटवा सिद्धार्थनगर। जिले के मिश्रौलिया थानाध्यक्ष नन्दलाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस ने अपहरण के आरोप में वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में सुभेन्दू सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष मिश्रौलिया नरायन लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 59/2025 धारा 87,137(2) बीएनएस मे त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त शेर मोहम्मद गद्दी उर्फ मैराज पुत्र रहमतुल्लाह गद्दी निवासी लाक्षपुर टोला तकिया बारी थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज राज्य बिहार को 21.अप्रैल को गिरफ्तार कर आवश्यक विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए रिमांड हेतु न्यायालय भेजा गया।

## पुलिस मुठभेड़ में गौकशी के चार आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर। जिले के नूरपुर थाना इलाके में पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गौकशी के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जिनमें से दो के पैरों में पुलिस की जवाबी गोली लगी है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेयी ने बताया कि कि रविवार/सोमवार की दरमियानी रात नूरपुर पुलिस स्योहारा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक कार से आए चार बदमाश रुकने का इशारा करने पर वाहन से उतरे और पुलिस पर गोली चलाते हुए खेतों में भागने लगे। एएसपी ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश सद्दाम और इरशाद के पैरों में गोली लग गयी। पुलिस ने इनके दो अन्य साथी जीशान पुत्र अतीक और जीशान पुत्र दिलशाद को भी दो तमंचों और गौवध के औजारों सहित गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि चारों आरोपी आवारा गौवंश मारकर उसका मांस बेच देते थे।

# वनी नाथ में पुरातत्व विभाग ने शुरू किया सफाई अभियान

- वॉइस ऑफ लखनऊ ने जन जन के आराध्य शिव श्रावस्ती में बदहाल नामक शीर्षक प्रमुखता से खबर पुरातत्व विभाग ने लिया संज्ञान
- मंदिर परिसर के साफ-सफाई चला सफाई अभियान

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती**। सघन झाड़ियों के झुरमुटों में के संजाल में द्वापर कालीन बनी नाथ बदहाल थे। पुरातत्व विभाग के अपेक्षा में बानी नाथ शिवलिंग अपना पहचान होता जा रहा था इसको लेकर वॉइस ऑफ लखनऊ ने इसी 15 अप्रैल तथा 17 अप्रैल 25 के अंक में जन जन के आराध्य शिव श्रावस्ती में बदहाल प्रमुखता से खबरों का प्रकाशन किया था।

भारतीय पुरातत्व विभाग में हलचल मचीऔर पुरातत्व विभाग ने अपने अपने सफाई करिंदों कीफौज उतार कर वनी नाथ परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। ज्ञातव्य हो कि श्रावस्ती की जेतवन वन के समीप्त बड़े टीले की खुदाई में द्वापर कालीन का विशाल शिवलिंग निकला।

यह शिवलिंग भी अवध क्षेत्र के

### खबर का असर

बहराइच बाराबंकी आदि स्थानों पर मौजूद शिवलिंगों की समतुल्य है लोक मान्यता है की वनवास प्रवास के अंतिम समय में पांडव पुत्रों भीम द्वारा जहां-जहां वन क्षेत्र में आश्रय लिया था वहां-वहाँ शिवलिंगों का स्थापना किया था। पांडव कालीन अन्य शिवलिंग देश-विदेश की जनमानस के कौतुक हल्का केंद्र बिंदु है वहीं श्रावस्ती के क्षेत्र में निकले इस विशाल शिवलिंग को भारतीय पुरातत्व विभाग ने अपने संरक्षण में संरक्षित कर लिया था। शिव लिंग वन क्षेत्र में निकलने के कारण भारतीय पुरातत्व विभाग ने इस शिवलिंग का नामकरण बनी नाथ


जन-जन के आराध्य शिव श्रावस्ती में बदहाल



किया था। लेकिन भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग द्वारा अपेक्षित रखकर प्रचार प्रसार में कोताही के कारण शिवलिंग बनी नाथ गुमनामी अंधेरे में गोते लगाते रहे। फलता बानी नाथ का द्वापर कालीन शिवलिंग जन मानस की जानकारी से पृथक रहा समाचार प्रकाशन से जनमानस की जिज्ञासा जाग उठी दूर-दूर से लोग बानी नाथ के दर्शन के लिए आने का वदस्तूर सिलसिला बढा तो भारतीय पुरातत्व संरक्षण की हकिम सक्रिय हुए। विभाग ने आनंद-खनन में बानी नाथ परिषद की विधवक साफ सफाई के लिए अपने करिंदों की समूह को उतार दिया। पुरातत्व विभाग के अधिकारी भी अब कहते हैं की बनी नाथ का कायाकल्प बहुत जल्दी और सशक्त रूप से होगा अधिकारी बताते हैं कि अब वह दिन दूर नहीं कि बनी नाथ का परिसर पर्यटक और धार्मिक लिहाज से चमकेगी दमकेगी।

## एसपी ने थाना एएचटी का किया औचक निरीक्षण



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने सोमवार को पुलिस कार्यालय परिसर स्थित थाना एएचटी, त्रिनेत्र शाखा व मॉनिटरिंग शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर का गहन भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यों की जानकारी ली। एसपी चौरसिया ने संबंधित शाखा प्रभारियों को अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव एवं उन्हें अद्यतन (अप-टू-डेट) रखने के निर्देश दिए। थाना एएचटी के प्रभारी को विशेष रूप से बाल श्रम, बाल विवाह एवं मानव तस्करी के मामलों पर सतत चेकिंग अभियान चलाने और बाल अपचारियों से जुड़ी सूचनाएं एकत्र कर शीघ्र अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया।

## आकांक्षी जनपद रूपांतरण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न



श्रावस्ती। नीति आयोग भारत सरकार के केन्द्रीय नोडल अधिकारी धीरज साहू ने सोमवार को श्रावस्ती में आकांक्षी जनपद रूपांतरण कार्यक्रम की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि व अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। नोडल अधिकारी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार से जिले का समग्र विकास संभव है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण, संस्थागत प्रसव व पोषण पर विशेष बल देने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को कृषि योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसमें 100% टीकाकरण, स्तनपान, पाठ्यपुस्तक वितरण, सूक्ष्म सिंचाई, पेयजल, शौचालय, आवास और सड़क कनेक्टिविटी शामिल हैं।

## पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी ने सीएम योगी से की मुलाकात



सिद्धार्थनगर- लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी ने मुलाकात कर जिले के बिस्कोहर-सिगारजोत मार्ग के विकास का अनुरोध किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का मुद्दा उठाया। श्री द्विवेदी ने 305 इटवा विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक भनवापुर में बिस्कोहर बाजार से सिकौथा तक के मार्ग के विकास की मांग रखी गई। यह मार्ग नावडीह, दखिनहवा और सिकंदरपुर होते हुए सिंगारजोत तक जाता है। यह सड़क बलरामपुर जनपद की सीमा को भी जोड़ती है। मुख्यमंत्री योगी ने पूर्व मंत्री की मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दिया गया। उन्होंने बिस्कोहर-सिंगारजोत मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य को जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया गया।

## कंपोजिट विद्यालय घुसाह का औचक निरीक्षण

### डीएम ने छात्रों से गणित, सामान्य ज्ञान के सवाल पूछ परखी शैक्षिक गुणवत्ता



बलरामपुर। शासन की मंशानुरूप जनपद में परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को बेहतर शिक्षण एवं अन्य योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किए जाने को डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड बलरामपुर के ग्राम धुसाह में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय धुसाह का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका, कंपोजिट ग्रांट रजिस्टर, छात्रों की उपस्थिति पंजिका आदि का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष कम उपस्थित पर नाराजगी व्यक्त की एवं नामांकन के सापेक्ष छात्रों की उपस्थिति बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया। विद्यालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था न पाए जाने पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की, विद्यालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने रसोई घर का निरीक्षण कर छात्रों को मेनू के अनुसार भोजन मिल रहा है अथवा नहीं इसका जायजा लिया। उन्होंने छात्रों से भी मिड डे मील में मिल रहे भोजन का फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण एवं मेनू के अनुसार भोजन मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने कक्षा 06, 07 एवं 08 के छात्र-छात्राओं से गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछ कर शैक्षिक गुणवत्ता को परखा। उन्होंने शिक्षकों को शैक्षिक स्तर में सुधार लाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

## संस्कृति व चरित्र पर आधारित हो शिक्षा : उमेश द्विवेदी



प्रतापगढ़। क्षेत्र के भेभौरा देवनगर स्थित पं. डीएन तिवारी कान्वेंट स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह व शिक्षा व संस्कृति पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। गोष्ठी में दण्डीस्वामी आनंदाश्रम जी महराज, भागवतभूषण पं. विनय शुक्ल एवं डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी ने गुरूकुल शिक्षा पद्धति को संस्कृतपरक शिक्षा का मजबूत आधार बताया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा में ज्ञान के साथ चरित्र व संस्कृति का बोध कराते हुए उनके व्यक्तित्व का निर्माण केन्द्रित हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक जयप्रकाश तिवारी व संचालन साहित्यकार अंजनी अमोघ ने किया। सिद्धि, याशमीन, मनु, माही, प्रियांशी, प्रिंस, शौर्य, अनुराग, अनन्त, देवांश, श्रेया व स्वाती ने स्वागत गान तथा मनमोहक भाव नृत्य से कार्यक्रम की समां बांधी। कार्यक्रम में जूनागढ़ राजस्थान के सन्त कवि अक्षयशिवम शुक्ला, प्रयागराज के शिवराम त्रिपाठी, दिल्ली के देवचंद्र शुक्ल ने काव्यपाठ भी किया। वहीं आयोजन समिति की ओर से समाजसेवी चंद्रशेखर शुक्ल, रघुनंदन शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल को आनन्दाश्रम जी महराज ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्या सुधा तिवारी ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संरक्षक डॉ. विजयप्रकाश त्रिपाठी ने आभार जताया।

## महज पोस्ट लाइक करना आईटी एक्ट के तहत अपराध नही : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा कि व्हाट्सऐप या फेसबुक पर पोस्ट पसंद करना, उसे प्रकाशित या ट्रांसमिट करने जैसा नहीं है, इसलिए महज एक पोस्ट पसंद करने पर उस पर आईटी अधिनियम की धारा 67 लागू नहीं होगी जो कि अश्लील या आपत्तिजनक सामग्री के प्रकाशन पर लागू होती।

इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने आगरा जिले के इमरान खान नाम के व्यक्ति के खिलाफ चल रहा आपराधिक मुकदमा रद्द कर दिया।

अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में दर्ज तथ्यों से प्रतीत होता है कि ऐसा कोई संदेश रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है जिसकी प्रकृति भड़काऊहो सकती है और एक संदेश को पसंद करने मात्र से आईटी अधिनियम की धारा 67 लागू नहीं होगी। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ मामला रद्द करने की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सीआरपीसी की धारा 482 (उच्च न्यायालय की निहित शक्तियां) के तहत यह याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता पर चौधरी फरहान उस्मान की पोस्ट को लाइक करने के लिए मामला दर्ज किया गया था। उस्मान की पोस्ट राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट के पास लोगों को एकत्रित करने से जुड़ी थी। इमरान खान पर सोशल मीडिया पर भड़काऊसंदेश के लिए मामला दर्ज किया गया था क्योंकि बिना अनुमति के जुलूस निकालने के लिए मुस्लिम समुदाय से करीब 600-700 लोग इस संदेश को पढ़कर एकत्रित हुए थे। अदालत ने कहा कि आईटी अधिनियम की धारा 67 अश्लील सामग्री के लिए है न कि भड़काऊ सामग्री के लिए। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उसके मुवक्किल के फेसबुक एकाउंट पर ऐसी कोई सामग्री नहीं पाई गई। हालांकि, पुलिस ने कहा कि इमरान खान ने उसे मिटा दिया था, लेकिन इसी तरह की सामग्री व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पाई गई।

अदालत ने पिछले बृहस्पतिवार को दिए गए अपने निर्णय में कहा कि वकील की दलील सुनने और रिकॉर्ड देखने के बाद मुझे कोई ऐसी सामग्री नहीं मिली जो याचिकाकर्ता को किसी आपत्तिजनक पोस्ट से जोड़ती हो।

## एक दर्जन से अधिक घर-दुकानें की जमींदोज

सिद्धार्थनगर- बांसी में रविवार को बड़ी कार्रवाई हुई। तहसील और नगर पालिका प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ मंगल बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक घर और दुकानों को जमीनदोज कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि यह जमीन रामलीला समिति की है। इस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। प्रशासन कानूनी प्रक्रिया के तहत इसे खाली करा रहा है। वहीं, प्रभावित परिवारों का दावा अलग है। उनका कहना है कि वे चार पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं। उनके पूर्वजों ने यह जमीन बांसी के तत्कालीन राजा से ली थी। उनके पास लगान की रसीद और अन्य पुराने कागजात मौजूद हैं। कुछ परिवारों के पास तो रजिस्ट्री के कागजात भी हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने बिना उचित पैमाइश के यह कार्रवाई की है। उनका कहना है कि अगर पैमाइश के बाद कार्रवाई होती तो इतनी परेशानी नहीं होती। मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि सभी कार्रवाई न्यायसंगत तरीके से की जा रही है।

## पिता-पुत्री के विरोध के बाद झुका प्रशासन ,शराब की दुकान स्थानांतरित करने पर हुआ सहमत

आगरा। जिले के कौलारा कलां गांव में एक व्यक्ति और उसकी 10 वर्षीय बेटी के विरोध के बाद प्रशासन शराब की एक दुकान को स्थानांतरित करने पर सहमत हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि कौलारा कलां गांव निवासी बंटी सिकरवार और उसकी बेटी अंशिका शराब की एक दुकान को हटाने की मांग को लेकर एक अप्रैल से धरना दे रहे थे, जिसके बाद प्रशासन ने मामले में हस्तक्षेप किया। बंटी ने पत्रकारों से कहा कि मैंने शराब की एक दुकान को हटाने की मांग को लेकर अपनी बेटी अंशिका के साथ एक अप्रैल को शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन शुरू किया था। शराब की यह दुकान उस रास्ते पर स्थित है, जिसका हम नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं और हम चाहते थे कि इसे कहीं और स्थानांतरित कर दिया जाए। जिला आबकारी अधिकारी नीरज द्विवेदी ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की। उन्होंने कहा, शराब की यह दुकान पिछले पांच साल से चल रही है। जब पिता-पुत्री ने आपत्ति जताई, तो हमने गांव का दौरा किया और स्थानीय लोगों से चर्चा की। चर्चा में तय हुआ कि गांव वाले खुद ही दुकान के लिए कोई वैकल्पिक स्थान सुझाएंगे।

## तीन बच्चों की मां पति के चचेरे भाई के साथ भागी

हापुड़। जिले में एक महिला कुछ नकदी और जेवर लेकर अपने पति के चचेरे भाई के साथ कथित तौर पर भाग गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पति की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है।

कोतवाली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अर्जुन नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी लक्ष्मी पड़ोस में रहने वाले उसके चचेरे भाई के साथ घर छोड़कर भाग गई है।

शिकायत में अर्जुन ने आरोप लगाया है कि लक्ष्मी अपने साथ 15 हजार रुपये नकदी और कुछ जेवर लेकर गई है। अर्जुन ने कहा है कि लक्ष्मी को खोजने और फोन पर उससे संपर्क करने की उसकी सभी कोशिशें विफल रहीं, जिसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया। अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह वाहनों की पुताई का काम करता है और उसने 2017 में ग्रेटर नोएडा के एनटीपीसी क्षेत्र के जारचा गांव की मूल निवासी लक्ष्मी से शादी की थी। अर्जुन और लक्ष्मी के तीन बच्चे (दो बेटी और एक बेटा) हैं और वह उन्हें छोड़कर चली गई है।

## 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष ललिया सत्येन्द्र वर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मथुरा बाजार उ0नि0 प्रतीक पाण्डेय मय हमराह हे0का0 राकेश मौर्य, का0 अजीत कुमार कुशवाहा व का0 सागर रावत के देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम, जांच पेडिंग मुकदमात की विवेचना में क्षेत्र में भ्रमणशील थे न्यायालय जारी किये गये गिरफ्तारी वारंट के तामीला के क्रम में 04 नफर अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में अनीसुर्रहमान उर्फ गुन्दहे पुत्र रफी निवासी ग्राम मथुरा बाजार थाना ललिया -कोयलहे पुत्र तालुकदार, मुस्तकीम पुत्र तालुकदार निवासीगण लालपुर, कन्जेभारिया थाना ललिया -अनीसुर्रहमान उर्फ गुन्दहे पुत्र रफी निवासी ग्राम मथुरा बाजार थाना ललिया तथा वंशीलाल पुत्र स्वामी बनिया निवासी ग्राम लालपुर कन्जेभरिया थाना ललिया हैं।

## संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से लटकता मिला मजदूर का शव, मचा कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में मजदूर का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। पुलिस की सूचना पर मृतक के माता पिता पहुंचे और पीएम के बाद मृतक के शव को लेकर घर चले गये। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। हरदोई जनपद के रमपुरवा टेढ़ियावां निवासी बाइस वर्षीय दीपू सरोज पुत्र इंद्रपाल सरोज देवी का पुरवा बहादुरपुर मुस्तफाबाद स्थित ईट भटठे पर मजदूरी करता था। वह यहीं झुग्गी में अकेले रहता था। रविवार की रात वह अपने झुग्गी में सोने चला गया था। सोमवार की सुबह संदिग्ध दशा में झुग्गी के अंदर वह फांसी के फंदे से लटकता मिला। मजदूर साथियों को जानकारी होने पर उन्होनें इसकी सूचना ईट भटठा संचालक अगई निवासी आशू सिंह उर्फ आजाद पुत्र स्व. इकबाल बहादुर सिंह को दी। आशू सिंह मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने मजदूर दीपू सरोज को मृत घोषित कर दिया। ईट भटठा संचालक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उन्होनें बताया कि मृतक पड़ोसी जनपद सलोन रायबरेली स्थित ईट भटठे पर काम करता था। पांच दिन पहले वह काम करने मेरे ईट भटठे पर आया था। उदयपुर एसओ राधेश्याम का कहना है कि पीएम के बाद मृतक के शव को उसके माता-पिता अंतिम संस्कार के लिए अपने घर ले गये। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

विशेषज्ञ टीम ने विभिन्न गांवों में कृषि उपज को लेकर किया किसानों से संवाद

प्रतापगढ़। क्षेत्र के बरीबोझ तथा अगई, रायपुर तियांई, रानीगंज कैथौला व खजुरी में सोमवार को कृषि विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा खरीफ की फसल को लेकर कृषक संवाद किया गया। निदेशालय से नामित टीम के नोडल अधिकारी अपर कृषि निदेशक कृषि रक्षा टीएस त्रिपाठी द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की संवाद कार्यक्रम में किसानों से समीक्षा की गयी। टीम मे शामिल उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, तकनीकी सलाहकार डॉ. संदीप जायसवाल व सुनील कुमार सिंह ने बरीबोझ में लाभार्थी द्वारा स्थापित हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग सेण्टर का निरीक्षण किया गया। वही टीम द्वारा अगई तथा रायपुर तियांई व बरीबोझ में उर्द व मूंग की फसल के उन्नतशील पैदावार को लेकर किसानों को तकनीकी जानकारियां दी गई। रानीगंज कैथौला में कृषि सोलर पम्प की उपयोगिता का टीम ने परीक्षण किया। खजुरी गांव में मृदा परीक्षण अभियान की शुरूआत भी हुई। इस मौके पर रामअभिलाष पाण्डेय, कन्दर्प नारायण पाण्डेय, रामलखन तिवारी ने मृदा नमूना टीम को सौंपा।

## अधिवक्ता संघ के चुनाव में पहले दिन अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर गहमागहमी के बीच हुआ नामांकन

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में सोमवार को नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद समेत विभिन्न पदों पर उम्मीदवारो ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। कड़ी पुलिस प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसील में सोमवार को चुनाव को लेकर माहौल सरगर्म दिखा। प्रत्याशियों ने गाजेबाजे तथा शंख ध्वनि के बीच चुनाव समिति के कार्यालय पहुंचकर समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर पहले दिन अनिल त्रिपाठी महेश, निवर्तमान अध्यक्ष संदीप सिंह, राममोहन सिंह ने प्रस्तावकों व समर्थकों के साथ नाम निर्देशन किया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अबरार अहमद, नीलेश बहादुर सिंह, अम्बुज कुमार पाण्डेय तथा महामंत्री पद पर शिवरंजन यादव व लाल स्नेहांश प्रताप सिंह एवं सदस्य कार्यकारिणी के पद पर सलमान खॉन ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। महामंत्री विकास मिश्र ने बताया कि मंगलवार व बुधवार को भी प्रातः दस बजे से अपरान्ह तीन बजे तक नामांकन पत्र के दाखिले होंगे। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, कमलेश कुमार तिवारी, प्रमोद सिंह, रमेश पाण्डेय, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रामलगन यादव, इरफान खान, घनश्याम सरोज आदि रहे।

## पोषण पखवाड़े का आयोजन



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत शोहरतगढ़.अध्यक्षा उमा अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को पोषण पखवाड़ा का आयोजन नपा0 सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन उमा अग्रवाल ने पोषण पखवाड़ा के शुभारम्भ के अवसर पर सभी को बधाई दी। चेयरमैन उमा अग्रवाल ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक बुधवार व शनिवार को बीएचएनडी दिवस का आयोजन होगा, जिसमें अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच/चिन्हांकन, पोषाहार का वितरण, गोदभराई आदि करायें। उक्त 02 दिवस अपरिहार्य स्थिति में ही छुट्टी लें। गर्भवती महिलाओ को एक दिन पहले सूचित करें। सभी लोग मिलक आकांक्षी जनपद को कुपोषण मुक्त कराकर अग्रणी जनपद की श्रेणी में लाने के लिए कार्य करें। सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओ का शत-प्रतिषत टीकाकरण करायें। सरकार द्वारा पोषण पखवाड़ा के माध्यम से धात्री महिलाओ, गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पोषाहार का वितरण की उनको कुपोषण से मुक्त कराया जायेगा। पोषण पखवाड़ा के अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं अन्नप्रासन्न भी कराया गया। पोषण पखवाड़ा शपथ दिलाया गया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, बाल विकास परियोजना के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## एसपी ने जनता दर्शन में सुनी फरियाद



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याओ शिकायतों की सुनवाई किया गया। शासन की मंशा अनुरूप जनता दर्शन में आए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने के लिए दायित्वों के प्रति क्रियाशील पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों की सुनवाई करते हुए त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का भरोसा दिलाते हुए फरियादियों को न सिर्फ संतुष्ट किया, अपितु फरियादियों के समस्याओ शिकायतों को निस्तारण कर सम्बंधित फरियादियों को न्याय सुलभ कराए जाने का निर्देश दिया गया , पुलिस अधीक्षक के समक्ष जनसुनवाई के दौरान कुल 2 1प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

संक्षेप

## शेरनी रूपा ने चार शावकों ने जन्म दिया

इटावा। सफारी पार्क के बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र में बीते 26 जून 2019 को जन्मी बब्बर शेरनी रूपा इटावा सफारी पार्क में तीसरी बार 4 शावकों को जन्म दिया है। शेरनी रूपा की मेटिंग गुजरात से आये नर शेर कान्हा से दिनांक 05 जनवरी को हुई थी। प्रसव की सम्भावित तिथि 17 अप्रैल से 21 अप्रैल होने के कारण सफारी प्रशासन पूरी तरह से सजग था जिसके चलते आज शेरनी रूपा ने 20, 21 अप्रैल की रात्रि में चार शावकों को जन्म दिया है। प्रथम शावक 00.35 बजे, दूसरा शावक 1.42 बजे तथा तीसरा शावक आज सुबह 5.59 बजे तथा चैथा शावक प्रातः 9.10 बजे पर हुआ। शेरनी रूपा व चारों नवजात शावक स्वस्थ है। शेरनी द्वारा चारों शावकों को अपना दूध पिलाना शुरू कर दिया गया है। नवजात शावक व मादा बब्बर शेरनी की विशेष देखभाल पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से शेरनी रूपा एवं नवजात शावकों के स्वास्थ्य एवं व्यवहार पर पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेष के डा. आरके सिंह, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सक डा. रोबिन सिंह यादव एवं डा. शैलेन्द्र सिंह द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। ज्ञातव्य है कि गुजरात के अतिरिक्त एशियाई बब्बर शेर का एकमात्र प्रजनन केन्द्र उत्तर प्रदेश के जनपद इटावा में है।

## युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

फतेहपुर चैरासी उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव पट्टी हमीद में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव निवासी रियासत की लगभग बीस वर्षीय पुत्री रेशमा की सोमवार को अचानक तबियत खराब हो गई जिसे देखकर परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों में चर्चा रही कि मृतका कुछ कम बुद्धि की भी थी।

## उन्नाव जनपद की सभी सीमाओं पर रही डेढ़ घंटे नाकाबंदी

उन्नाव। एसपी उन्नाव के निर्देशन में सोमवार को नाकाबंदी स्कीम के तहत जनपद की सीमाओं में संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने कार्यवाही भी की। आपको बता दे कि एसपी दीपक भूकर के निर्देशन मे जनपद में नाकाबंदी स्कीम चलाई गई। डेढ़ घंटे जनपद की सभी सीमाओं की नाकाबंदी करके सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों पालन करने वाले तो सुरक्षित निकल गए लेकिन उलंघन करने वालों पर पुलिस का हंटर चला। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्यवाही की।

## आग से वृद्ध झुलसा

ऊसराहार, इटावा। बिजली के तार से हुई सार्टसर्किट से घर में रखे छप्पर में आग लगने से वृद्ध का सामान जला रात को सोते समय हुई घटना। ब्लॉक क्षेत्र के रम्पुरा गांव में राधेश्याम के घर में रखे छप्पर में रविवार रात करीब एक बजे अचानक आग लग गई, सोते समय लगी तेज गर्मी को देख नींद खुली तो वह छप्पर में आग फैल चुकी थी जिसको लेकर वह वहां रखे सामान को हटाने का प्रयास करने लगे जिसमें उनके हाथ और पैर झुलस गए, ग्रामीणों ने काफी मसक्कत से आग पर काबू पाया जिसमें वृद्ध राधेश्याम की एक बिक्की, पंखा, कूलर, कपड़े, लहसुन की फसल व कपड़ों में रखा मोबाइल और रुपये जलकर राख हो गये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम विजय कुमारी जयसवाल अंकित है, जबकि मेरे पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम शर्मिला जायसवाल दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे आधार में मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **शर्मिला जायसवाल पत्नी परशुराम नि.- ग्राम पूरनपुर पांडे सरांय निबौची तह. लहरपुर जनपद सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित करना है मैने अपने पुत्र बृजेश कुमार को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **अयोध्या पुत्र विदई नि.- ग्राम व पोस्ट हकामी, थाना असंन्द्रा, तहसील रामसनेही घाट, बाराबंकी।**

# जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक विभाग एक दूसरे के पूरक

## केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने जिला अनुश्रवण समिति की बैठक में लिया भाग

जिला संवाददाता (vol)




गोरखपुर। केन्द्रीय राज्यमंत्री ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार/सांसद बांसगांव कमलेश पासवान की अध्यक्षता में एनेक्सी भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में विकास कार्यों की एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये सड़क, पानी, आवास, बिजली के मुद्दो पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर भी विस्तृत समीक्षा और चर्चा की गयी।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक विभाग एक दूसरे के पूरक है, और दोनों का प्रमुख कार्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति का विकास और कल्याण करना है। उन्होंने कहा कि जनता की सारी अपेक्षाएं जनप्रतिनिधियों से जुड़ी होती है। इसलिए उनके द्वारा जनता के उठाये गये समस्याओं को गंभीरता से ले, और संवाद बनाकर उनका निस्तारण करें। किसी भी विकास कार्य के सम्बंध में जनप्रतिनिधियों को अवश्य अवगत कराये। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में प्रगति स्थिति को लगातार बढ़ाते रहे। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न विभाग यथा ग्रामीण विकास विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंचायती राज मंत्रालय, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाये जाने वाली योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं के क्रियान्वयन में और भी तेजी लाने का निर्देश दिया।

जनपद में सड़कों के विकास की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी सड़के खराब है या निर्माणधीन है वहां निर्माण की कार्यवाही जल्द से जल्द करें। इस दौरान विधायक चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी ने उरूवां से धुरियापार जाने वाली सड़क की स्थिति को सुधारने के मुद्दे को अध्यक्ष के समक्ष रखा। जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मार्गो पर बाईपास, सर्विस लेन तथा कट के निर्माण के लिए सुझाव दिया जिस पर अध्यक्ष महोदय ने संबंधित विभागों को पर विचार करके कार्य करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन योजना की समीक्षा के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने इस मिशन को अभियान के तौर पर पुनः तेजी से प्रचार प्रसार कर जागरूकता लाने का निर्देश दिया। विभिन्न जनप्रतिनधियों ने ग्राम पंचायतो एवं नगर पंचायतो में बंद सामुदायिक शौचालयों के बंद होने का मुद्दा उठाया। जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने संबंधित विभाग से उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान यह बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, एवं ग्रामीण के अन्तर्गत जनपद में नए मानक के अनुसार सर्वे का कार्य किया जा रहा है। नये लक्ष्य के सापेक्ष आवासों के निर्माण का कार्य त्वरित गति से किया जाएगा। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। बैठक में स्वामित्व योजना (घरौनी) की समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने बताया गया कि जनपद में तहसीलवार घरौनी बनाने के कार्य को तेजी से किया जा रहा है, और इसके अंतर्गत 137148 घरौनियों को डिजिटल किया जा चुका है। अमृत 2.0 योजना के समीक्षा के दौरान यह बताया गया कि जनपद में इस योजना के अन्तर्गत तालाबों के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान राज्य स्मार्ट सिटी योजना के कार्यो की भी समीक्षा की गयी। बैठक में मनरेगा, एनआरएलएम, कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम, प्रधानमंत्री केयर योजना, बेठी बचाओं बेटी पढ़ाओं, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना आदि की भी विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जर्जर तारो, सड़क के बीच खम्भों एवं निर्माणधीन विद्युत केन्द्रों के समस्या को अध्यक्ष के समक्ष रखा, जिस पर महोदय ने विद्युत विभाग को त्वरित गति से कार्य करने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि सिस्टम को सुचारू ढंग से चलने के लिए निचले स्तर तक सेंसटाइज करें, जिस स्तर पर लापरवाही हो, उसको तत्काल प्रभाव से ठीक करें। खेल विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि सभी विकासखण्डो में मिनी स्टेडियम का प्रस्ताव बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। अध्यक्ष महोदय ने सरस मेला का फीडबैक लेते हुए कहा कि इसमें जागरूकता की आवश्यकता है, इसका आयोजन प्रत्येक विकासखंड में रोटेशन के रूप में किया जाए। उक्त समस्त समस्याओं/मुद्दो के निस्तारण के दिशा निर्देश अध्यक्ष द्वारा सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

बैठक में महापौर डा0 मंगलेश श्रीवास्तव, विधायकगण राजेश त्रिपाठी, श्री राम चौहान, महेंद्र पाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, इंजी0 सरवन निषाद, जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना, ब्लाक प्रमुखगण, जिला पंचायत सदस्यगण, सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूलों में खुली लूट पर प्रशासन कार्रवाई करें: अध्यक्ष




इटावा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा है कि जिले में स्कूलों द्वारा फीस के नाम पर मनमानी वसूली की जा रही है, जिससे अभिभावको की जेब पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर 11 अप्रैल को एक ज्ञापन भी दिया था। यह ज्ञापन देश भर में दिए गए। पड़ोसी जिले औरैया में इसका असर भी हुआ और वहां के जिलाधिकारी ने स्कूल संचालकों के साथ बैठक करके मनमानी फीस रूकवाई है, लेकिन इटावा में अभी तक इस संबंध में कुछ कार्यवाही नहीं की गई है। कांग्रेस की मांग है कि जल्द ही इस संबंध में कार्यवाही की जाए और मनमानी फीस रूकवाई जाए, क्योंकि यदि अप्रैल का महीना बीत गया और एडमिशन हो गए तो फिर उसके बाद कार्यवाही का कोई अर्थ नहीं रह जाता। उन्होंने आरोप लगाया की दुकानों को निर्धारित कर दिया गया है, जहां से स्कूल बैग व सामग्री खरीदनी पड़ती है और इन दुकानों पर अभिभावकों से मनमानी कीमत वसूली की जाती है। अभिभावकों की मजबूरी है कि उन्हें यहीं से सामग्री खरीदनी है। इसके साथ ही विकास शुल्क के नाम पर भी वसूली की जाती है। यह भी कहा कि एक ही अभिभावक के दो बच्चे पढ़ने पर नियमानुसार छूट नहीं दी जाती। शिक्षा के अधिकार कानून के विपरीत कार्यवाही की जा रही है। कांग्रेस ने फिर जिलाधिकारी से मांग की है कि इस मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाई जाए। बातचीत के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रशांत तिवारी, अरुण यादव, सरवर अली, अंसार अहमद, असित यादव, अंबुज त्रिपाठी, प्रदीप द्विवेदी उपस्थित रहे।

## सीओ आयुषी ने करियर बनाने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया




जसवंतनगर, इटावा। नगर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में जूनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किया गया इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक जसवंतनगर आयुषी सिंह ने स्कूली छात्र-छात्राओं को भविष्य में करियर बनाने के लिए शानदार तरीके से प्रेरित किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के दौरान अपना करियर बनाने के लिए मुख्य अतिथि से अनेक प्रकार के प्रश्न पूछे। पुलिस उपाधीक्षक ने छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओ को शांत करते हुए उन्हें अत्यंत सरल तरीके से उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने कहा कि आपको अपना भविष्य बनाने के लिए पूरे मनोयोग से पढ़ाई लिखाई करना है, पढ़ने का समय निर्धारित करें, पढ़ाई को योजना बनाकर पढ़ें कि कितने प्रश्न प्रतिदिन आपको कंठस्थ करने हैं। अगर आप मेरी तरह से मेहनत कर कर पढ़ोगे तो फिर अवश्य ही मेरी तरह के अफसर बनोगे। उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बेड टच के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उनसे हिम्मत से काम लेने की सीख दी। इस अवसर पर पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रवेश गोयल ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष रश्मि चैहान एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## ईट भट्ठा श्रमिकों के बच्चों का कराया गया नामांकन



गोला, गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के विकास खंड बड़हलगंज में स्थित प्राथमिक विद्यालय भीटी बाल में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को प्रधानाध्यापक हरि लाल निषाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अध्यापक एवं शिक्षिकाओं द्वारा ईट भट्ठो के बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराने के लिए प्रधानाध्यापक हरि लाल निषाद ने कहा कि सरकार सभी को शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं चलाकर बच्चों के लिए विभिन्न सुविधा उपलब्ध करा रही हैं। ऐसे में अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराते हुए सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराऐ।

भट्ठा मालिक गुड्डू मिश्र ने बताया कि अन्य राज्यों जैसे बिहार झारखंड छत्तीसगढ़ उत्तराखंड उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के मजदूरों के बच्चों का नामांकन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरि लाल निषाद धर्मेंद्र कुमार राव अर्चना जायसवाल सरिता देवी कमलकांत सिंह मालती देवी सहित शिक्षक एवं बच्चों के अभिभावकगण मौजूद थे।

## जमीन दिलाने के नाम पर हड़प लिया रुपये, एडीजी से शिकायत

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर को दिए शिकायती पत्र में जनपद महराजगंज के श्यामदेउरवां थाना निवासी युवक पर जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपए हड़प कर लेने का गंभीर आरोप लगाया हैं।

गीडा थाना क्षेत्र के नगवा निवासी विनोद कुमार यादव ने सोमवार को एडीजी गोरखपुर को दिए एक शिकायती पत्र में कहा कि महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के हरपुर तिवारी बैरिया निवासी जावेद अख्तर पुत्र नासिर खान ने उसको जमीन दिलाने के नाम पर ऑन लाइन बैंक द्वारा 401800 रुपए तथा 298200 रुपए नगद कुल करीब सात लाख रुपए हड़प कर लिए हैं। छः माह से लगातार रुपए वापस मांगने पर भी रुपए नहीं लौटाए। अब आरोपी से रुपए मांगने पर वह जानमाल की धमकी दे रहा हैं। पीड़ित ने बताया कि बीते रविवार को जब इसकी शिकायत श्यामदेउरवां थाने पर किया गया तो थानेदार ने यह कहते हुए वापस कर दिए कि रुपए का लेनदेन वाले मामले में उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही कार्यवाही की जाएगी। थक हारकर पीड़ित ने जोन के अपर पुलिस महानिदेशक से न्याय की गुहार लगाई हैं।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई लोग घायल

गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें दोनों ओर से कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए गोला थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पक्ष के नागेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के दुखंती सिंह ने उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। नागेंद्र सिंह के मुताबिक, उनके पिता स्वर्गीय यदुवंश सिंह और उनके भाई स्वर्गीय शंकर सिंह के बीच वर्षों पूर्व बंटवारा हो चुका था। शंकर सिंह के पुत्र गणेश और बैजनाथ अपने हिस्से की जमीन पर काबिज हैं, जबकि यदुवंश सिंह के चार पुत्रों—राजेंद्र, नागेंद्र, सुरेंद्र और अशोक—में से राजेंद्र और अशोक विदेश में रहते हैं, और नागेंद्र व सुरेंद्र यहीं रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। नागेंद्र का कहना है कि जब उन्होंने अपने हिस्से की जमीन मांगी तो दुखंती सिंह ने उन पर हमला कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के दुखंती सिंह ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि विवादित जमीन पूरी तरह से उनकी है और पाटीदार होने के नाते वह उस पर वर्षों से काबिज हैं। उनका आरोप है कि नागेंद्र सिंह और उनके परिजन जबरन जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि इस जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद काफी पुराना है, और करीब एक साल पहले भी इसी जमीन को लेकर मारपीट की घटना हो चुकी है।

## पत्रकार की तीसरी पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि



गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के डिहुलपार निवासी हरिशंकर तिवारी की तीसरी पुण्यतिथि पर क्षेत्र के सम्भ्रांत व पत्रकार साथियों ने उनके आवास पर आयोजित तीसरी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तीन वर्ष पूर्व आज के ही दिन मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी यह काफी मृदुभाषी व मिलनसार थे। उनके छोटे भाई हरीश तिवारी एडवोकेट ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा की वह हमारे परिवार के मणी थे इसकी भरपाई कभी नहीं हो पाएगी लेकिन उन्होंने इतने कम समय में जो समाज में पहचान बनाई थी वह आज हम सबको लाभान्वित करती है। मेरा पूरा प्रयास रहता है की उनके द्वारा शुरू कराए गये सभी कार्यों को पूरा कर उनकी पवित्र आत्मा को शांति प्रदान कर सकूं। इस अवसर पर सन्त कुमार सिंह, जयराम तिवारी, कृपाशंकर सिंह, सन्तोष कुमार शुक्ल, डी पी राय, अनुराग सिंह, सुधाकर तिवारी, दीपक तिवारी, अनिल सिंह राठौड़, सरितेश मिश्र, राहुल हरेंद्र सिंह, यशवंत चन्द कौशिक, सन्त प्रसाद द्विवेदी, संजय मिश्रा, संजीव राय, शिशु शाही, शिवधन प्रजापति, प्रहलाद मौर्य, सहित अनेकों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सादा निकाह अपनाएं, फिजूलखर्ची से बचें- इमरान राईन

इटावा। जमीयत-उर-राईन कमेटी के युवा शहर अध्यक्ष मोहम्मद इमरान राईन ने राईन समुदाय से सादा निकाह को अपनाने की पुरजोर अपील करते हुए कहा कि इस्लाम में निकाह को एक पाक और आसान इबादत करार दिया गया है, न कि दिखावे और फिजूल खर्ची का मैदान। मोहम्मद इमरान राईन ने कहा आज हमारे समाज में निकाह को इतना मुश्किल बना दिया गया है कि गरीब तबके के लिए यह एक बोझ बन गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

इटावा। ट्रेन की चपेट में आ जाने से युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी ट्रेन के ड्राइवर ने स्टेशन अधीक्षक को बताया स्टेशन अधीक्षक ने संबंधित थाने को घटना की जानकारी मेमो द्वारा अवगत कराई मौके पर पहुंचे चैकी इंचार्ज ने सबको कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया है।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले का रहने वाला 33 वर्षीय अमरीश पुत्र महेश चंद्र रविवार रात करीब 8.30 बजे रेलवे ट्रैक पार कर रहा था तभी इटावा से कानपुर की तरफ जा रही वन्दे भारत ट्रेन की चपेट में आ जाने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी ट्रेन के ड्राइवर ने स्टेशन अधीक्षक को दी स्टेशन अधीक्षक ने मेमो द्वारा फ्रेंड्स कॉलोनी थाना को जानकारी दी मौके पर पहुंचे मेहरा चुंगी चैकी इंचार्ज सौरभ सिंह ने युवक के सबको कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया है वही पिता ने बताया कि पुत्र अमरीश ऑटो ड्राइविंग का काम किया करता था परिवार में अमरीश और उसकी एक बहन दें जिसकी 15 वर्ष पहले ही शादी हो चुकी है स्टेशन अधीक्षक के मेमो द्वारा जानकारी दी गई की खंबा पर युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## कार्बन क्रेडिट की बिक्री से मिली धनराशि का वितरण किसानों को किया




पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और आमदनी का संगम देखने को मिला बारा झगरपुर कृषि वानिकी सहकारी समिति में, जहां कार्बन क्रेडिट की बिक्री से मिली धनराशि का वितरण किसानों को किया गया। इस पहल ने न केवल हरियाली को बढ़ावा दिया, बल्कि ग्रामीणों को लाखों रुपये की आमदनी भी दिलाई। आईएफएफडीसी, नई दिल्ली के निदेशक अंकित सिंह परिहार ने किसानों को उनके हिस्से की चेक सौंपते हुए बधाई दी और इस प्रयास को हरियाली से खुशहाली की दिशा में एक मिसाल बताया। उन्होंने बताया कि वर्षों से अनुपयोगी जमीन पर वानिकी कार्य चल रहा था, लेकिन अब पेड़ों को काटे बिना ही आय प्राप्त करने का रास्ता खोल दिया गया है। दरअसल, कार्बन क्रेडिट एक ऐसा वैश्विक तंत्र है, जिसमें उद्योगों को अपने कार्बन उत्सर्जन की भरपाई के लिए ऑक्सीजन उत्सर्जन करने वालों से कार्बन क्रेडिट खरीदना होता है। इसी नीति का लाभ उठाते हुए परिहार ने समिति के जरिए वन क्षेत्र के लिए कार्बन क्रेडिट हासिल किया, जिससे किसानों को पेड़ काटने के बजाय उनकी हरियाली से नियमित आमदनी मिलने लगी। कुछ किसानों को तो लाखों रुपये की आमदनी हुई है, जो सामान्य लकड़ी की बिक्री से कहीं अधिक है। इस अभिनव मॉडल की सराहना किसानों और ग्रामीणों ने दिल से की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदय प्रताप सिंह, समिति अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, सचिव निरंजन सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तीन अपराधी शातिर गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। पुलिस ने रविवार रात चेकिंग अभियान के दौरान एक थाने के हिस्ट्रीशीटर शातिर अपराधी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कई थानों में लूट, चोरी, और गिरोहबंदी अधिनियम में आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मय फोर्स के बारन्टीयो की खोजबीन करने में जुटी हुई थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर अपराधी धोरेरा गाँव के पास किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़ा है तो मौके पर उपनिरीक्षक आशीष कुमार मय फोर्स के पहुँचे तो वहाँ खड़ा शातिर अपराधी ने भागने की कोशिश की तो शातिर अमित कुमार को गाँव धौरेरा से करीब 100 मीटर पहले पकड़ा गया। उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। इस संबंध में धारा आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया है। अमित पर पूर्व में हत्या, डकैती, चोरी और गिरोहबंदी जैसे गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं वहीं क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में कार्रवाई करते हुए अलग अलग स्थानों से दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पहला अभियुक्त मनोज कुमार गाँव बलेयापुर दूसरा अभियुक्त सिंकू सिंह गाँव शाहजहांपुर के रहने वाले, गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## मल्टी लेबल पार्किंग के लिए हुआ भूमि पूजन



उन्नाव। शहर के बडे चैराहे के निकट स्थित ओवर ब्रिज के पास लेविल पार्किंग बनाने के कार्य का सदर विधायक पंकज गुप्ता एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में निर्धारित पार्किंग स्थल व आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह को पार्किंग स्थल के आस-पास के क्षेत्र में अवैध कब्जे हटवाने तथा आवश्यकतानुसार सार्वजनिक शौचालय व पेयजल इत्यादि व्यवस्थाएं करवाने के निर्देश दिए। उन्होने निर्माण कार्य कराने वाली फर्म के कॉन्ट्रेक्टर को सख्त निर्देश दिए कि समस्त निर्माण कार्य ससमय निर्धारित मैप एवं मानकों के अनुसार कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस जगह को री-कन्स्ट्रक्ट करके एक बेहतर स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि पार्किंग के साथ-साथ आम जनमानस को घूमने-फिरने, खाने-पीने आदि सुविधाएं मिल सके। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरूण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम आनन्द कुमार नायक, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

यातायात कर्मियों को कप्तान ने बोतल व छाता प्रदान किया

इधर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा यातायात पुलिसकर्मियों को पानी की बोतल एवं छाता प्रदान किया गया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं सोनम सिंह क्षेत्राधिकारी नगर मौजूद रहे।

## गैस लीक होने से घर में लगी आग, खाना बनाते समय हुआ हादसा, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

इटावा। बसरेहर कस्बे में सोमवार सुबह एक मकान में गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। कमाल उद्दीन के घर में सुबह करीब 8 बजे खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से रिसाव शुरू हो गया। इससे अचानक सिलेंडर में आग लग गई। परिवार के सदस्यों ने शुरूआत में खुद आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन जब आग की लपटें तेज होने लगीं, तो स्थिति उनके नियंत्रण से बाहर हो गई। तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। एफएसएसओ आशीष माहौर के नेतृत्व में फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची। टीम में एलएफएम शिवराज सिंह, चालक विपिन कुमार, कृष्णेन्द्र कुमार, अश्वनी कुमार, रूप सिंह, धर्मेंद्र सिंह तोमर और रंजीत कुमार शामिल थे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। दमकल विभाग की सूझबूझ से आग घर के अन्य हिस्सों में नहीं फैल सकी। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और मकान को भी गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल था, लेकिन दमकल टीम की त्वरित कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय निवासियों ने फायर ब्रिगेड टीम की सराहना की।

## 6 बीघा रखा भूसा जलकर हुआ खाक

इकदिल, इटावा। के गांव पिलखर के सामने स्थित माता भट्टा के पास सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे एक खेत में 6 बीघा भूसे के ढेर में अचानक आग लग गई। यह घटना इतनी भयंकर थी कि आग तेजी से फैलने लगी और किसानों में अफरातफरी मच गई। आग ने आस-पास के खेतों को भी अपनी चपेट में लेने की कोशिश की, लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। किसान शिवपाल यादव के पुत्र कौशल यादव ने बताया कि वह गेहूं की फसल को पहले ही सुरक्षित उठा चुके थे केवल भूसा ही खेत से उठाना बाकी था। लेकिन जैसे ही दोपहर में आग लगी, वह घबरा गए। खेत में पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग इतनी तेजी से भड़की कि जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक करीब 15 हजार रुपये के मूल्य का भूसा जलकर खाक हो चुका था। अन्य किसानों का भी आस-पास के खेतों में भूसा और अनाज के ढेर रखे हुए थे। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि किसानों को डर था कि अगर आग उनके खेतों तक पहुंच गई तो उनके अनाज और भूसे के ढेर भी जल सकते थे, जिससे भारी नुकसान हो सकता था। किसानों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत ही आग पर काबू पा लिया जिससे एक बड़ी अनहोनी होने से बच गई।

संक्षेप

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर ।पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निदेर्शानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम व चिन्हित किये गये अपराधियों, वाछित एंव वारंटी, अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कलान के कुशल नेतृत्व में थाना कलान पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।थाना कलान पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 121/2025 धारा 80 (2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर में वांछित चल रहे अभियुक्तगण अशोक कुमार पुत्र रमेश , रमेश पुत्र मेवाराम निवासीगण ग्राम रोहन नगला थाना कलान जिला शाहजहांपुर को अभियुक्तगण उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में प्लाट के सामने से ईंटे हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम नौतेला भवानीगंज निवासी शाईरा पत्नी मुजीर और पडोस में रहने वाले शफी,उसकी पत्नी गुलनाज और उसके पिता के बीच प्लाट के सामने लगी ईंटे हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। धीरे-धीरे बात इतनी बढ गई दोनों पक्षों में ईंट पत्थर के साथ लाठी डन्डे चलने लगे। जिसमें दोनों पक्षो के लोग घायल हो गये। पुलिस ने शाईरा की तहरीर पर शफी,उसकी पत्नी गुलनाज और उसके पिता के खिलाफ और गुलनाज की तहरीर पर शाईरा आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## खेत के विवाद में मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में खेत के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई।पुलिस ने पीडित पक्ष की तहरीर पर दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।ग्राम दलेलगनर निवासी विनोद पुत्र प्रहलाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार को खेत के विवाद को लेकर गांव निवासी कौशल पुत्र प्रहलाद, प्रहलाद की पत्नी गुड्डी देवी व उर्मिला देवी पत्नी विनोद से कहासुनी हो गई। जिसके बाद उक्त लोगों ने उसे लाठी डन्डो से मारापीटा। जिसमें वह घायल हो गया।

## सडक दुर्घटना में 7 घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) क्षेत्र में अलग-अलग सडक हादसों में आधा दर्जन से अधिक घायल हो गये।जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हैदराबाद निवासी नीता देवी (40) पत्नी अविनाश, ममरी निवासी सुधा (23) पत्नी अनूप कुमार और उनका चार वर्षीय पुत्र अमन, गांधीनगर निवासी अल्ताफ (40) पुत्र रहमान, लखनऊ निवासी नीरज रावत (30) व सुभाष (26) पुत्र दिलीप , फरधान थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी अभिजीत सिंह (7) पुत्र अनूप कुमार सडक दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# पुलिस की पिटाई से घायल बेटियों को नहीं मिला समुचित इलाज



• पीड़ित बेटियों को ठेलिया से अस्पताल लेकर पहुंचा पिता

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पुलिस की प्रताड़ना से कराह रही बेटियों को इलाज मिलना मुश्किल हो गया। रविवार को फिर अचानक उनकी हालत बिगड़ गयी। परिजन उन्हें ठेलिया पर लादकर बांकेगंज सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें गोला रेफर कर अपना पल्लू झाड़ लिया गया। हर रोज सिस्टम लचर होता जा रहा है।

बांकेगंज से सटे ग्राम कोठीपुर की दो किशोरियों को मैलानी पुलिस ने इतना पीटा के उनकी हालत खराब हो गई। जिसे लेकर शनिवार को बांकेगंज पुलिस चैकी पर हंगामा भी हुआ था। पुलिस ने हंगामा करने वालों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की थी। सोमवार को उन दोनों किशोरियों की हालत फिर बिगड़ गई। परिजनों ने बताया कि महिला पुलिस द्वारा इतना प्रताड़ित किया गया है कि उनकी बेटियां बेदम हो गईं हैं और दर्द से कराहती रहती हैं। बेटी के शरीर में मार के निशान पड़े हुए हैं। बाँकेगंज सीएचसी में चेकअप के दौरान एक की हालत नाजुक पायी गई। जिसके बाद उसका रेफर बनाया गया, लेकिन रेफर में भी खेल कर दिया गया। कागज पर किसी अस्पताल का नाम नहीं डाला गया। इसलिए बेहोश किशोरी को न ही गोला में डाक्टरों ने एडमिट किया और न ही जिला अस्पताल में इलाज मिल सका। गांव कोठीपुर निवासी रामू ने आरोप लगाये कि मैलानी थाने की पुलिस द्वारा परिवार को 3 दिन से बांकेगंज चैकी पर बुलाया जा रहा था। वहां पर महिला कांस्टेबल चारू पाठक और सुनीता ने बेंत और मुक्के मार-मारकर प्रताड़ित किया। इससे पहले घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की थी। जिसमें 14 वर्षीय शालिनी, 13 वर्षीय वैशाली और 18 वर्षीय शालू को पुलिस चैकी में बुलाकर महिला पुलिस चारू पाठक और सुनीता द्वारा बेंत से मार-पीटकर और गालियां देकर प्रताड़ित किया जाता था और करंट लगाकर धमकी दी जा रही थी। परिवार के मुखिया रामू ने बताया कि उनका पुत्र सौरभ 20 जनवरी से गायब है और पड़ोसी गाँव की लड़की भी गायब।

लड़की के पिता कालिका प्रसाद ने उसके बेटे के खिलाफ तहरीर दी थी। अब लड़की को उनका बेटा लेकर गया और वह कहां है , उनको जानकारी नहीं है। यदि बेटे ने ऐसा कोई कदम उठाया भी है तो उसको ढूंढकर सजा दी जाए। मेरी बेटियों का क्या कसूर जो पूछताछ के लिए उनको इतना पीटा गया जो वह बार-बार बेहोश हो रही है। मुझे और मेरी पत्नी को पीटा, लेकिन मेरी बेटियों की ऐसी हालत कर दी है कि मुझसे देखा नहीं जा रहा है। सिस्टम देखिए रामू का कहना है कि वह अपनी बेटी को लेकर गोला पहुंचे तो बताया गया इस कागज में किसी का नाम नहीं है उन्हें लखीमपुर ले जाने की सलाह दी गई परेशान रामू किसी तरह लखीमपुर पहुंचा तो जिला अस्पताल में बताया गया कि यह पुलिस केस है पहले पुलिस फिर करो तब इलाज होगा।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार का कहना है कि बांकेगंज सीएचसी से जो रेफरल लेटर बनाया गया था वह लखीमपुर के लिए था। मरीज भूल बस गोला गए थे फिर भी उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया था। थाना अध्यक्ष मैलानी निराला तिवारी का कहना है कि इलाके के एक गांव से लड़की भगाने के मामले में कोठीपुरा निवासी युवक नामजद है। जिसे लेकर बतौर पेस बंदी उसके परिजन तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। उनके परिजनों से कोई मारपीट नहीं की गई है।

## मकान में सेंध लगाकर उड़ाया लाखों का माल, क्षेत्र में दहशत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में चैरों ने फिर गोपालापुर में एक घर में नकब लगा कर 80 हजार रुपये नगदी समेत लाखों का जेवरात पार कर ले गए। क्षेत्र के गांव गोपालापुर में रविवार की रात चोरों ने दीवार में सेंध काट कर अंदर प्रवेश कर लिया और कमरे में रखे लाखों रुपये के आभूषण, अस्सी हजार रुपये की नगदी पार कर दी। जब गृह स्वामी को पता चला तो कमरे में जाकर देखा नगदी और जेवरात गए थे।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गोपालापुर निवासी हरिश्चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार की रात चोरों ने उसके घर को निशाना बनाते हुए पीछे की दीवार काट कर घर में घुस गए। घर के बक्से में आपरेशन के लिए रखे अस्सी हजार रुपया नगद , सोने के झाला , सोने के कुंडल, मांगबेंदी, तीन जोड़ी चांदी पायल , सोने की अंगूठी, चोरी कर ले गए। गृह स्वामी ने बताया कि रविवार की रात दो बजे आंख खुली तो दरवाजा खुले देख कर अनहोनी की आशंका हुई। देखने पर घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा मिला। चैकी इंचार्ज गोविंद सिंह यादव ने बताया उन्हें घटना की सूचना मिली है। छानबीन की जा रही है। इससे पहले भी 26 मार्च को गोपालपुर निवासी दीपू सिंह के घर चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखा लाखों का जेवरात और 6000 नगद पर कर दिए थे। इसके दो दिन बाद 28 मार्च की रात अलीगंज निवासी सचिन वर्मा का खेत गोपालपुर में है। वहां से चोर 40 क्विंटल गन्ना बीज पार कर ले गए थे। जिसकी सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी गई थी। पुलिस ने बा मुश्किल 17 अप्रैल को घटना की रिपोर्ट दर्ज की थी।दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस इस दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई है। जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

## शिक्षिका की प्रसव के बाद मौत डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

शाहजहाँपुर। आईएम प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पीके अग्रवाल के अस्पताल में शिक्षिका चारु चड्डा की प्रसव के बाद मौत हो गई। स्वजन ने चिकित्सक डॉक्टर दीपा सक्सेना पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

इस दौरान परिजनों ने अस्पताल में हंगामा भी किया, चिकित्सक के खिलाफ एफआइआर के लिए तहरीर दी। आईएमए प्रदेश अध्यक्ष के अस्पताल में प्रसव के बाद शिक्षिका की मौत हो गई। नाराज स्वजन ने बृजदीप नर्सिंग होम की चिकित्सक डॉक्टर दीपा सक्सेना पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस दौरान विरोध स्वरूप हंगामा भी किया। घटना से बाद अस्पताल परिसर से लेकर बाहर और सडक पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर कोतवाली और थाना सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। रात 12 बजे पुलिस को घटना संबंधित तहरीर दी गई।

गोला निवासी मयंक चड्ढा से हुई थी शादी, सुरक्षित प्रसव के लिए रह रही थी माँ बाप के साथ मोहनगंज निवासी मुकेश आहूजा की बेटी चारू आहूजा की शादी लखीमपुर खीरी के गोला क्षेत्र निवासी मयंक चड्ढा से हुई थी। चारु बंडा क्षेत्र में एक विद्यालय में शिक्षिका थीं। शनिवार रात प्रसव पीडा होने पर स्वजन ने उन्हें बृजदीप नर्सिंग होम (कोतवाली थाना क्षेत्र) ले गए। रात करीब ढाई बजे चारु ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। स्वजन के अनुसार डिलीवरी के बाद चारु की कुछ समय तक ठीक ठीक रही। रविवार सुबह तबीयत बिगड़ने लगी। स्वजन का आरोप है चिकित्सक को तबीयत बिगडने की सूचना दी, लेकिन वह नहीं आईं। दोपहर बाद हालत बिगडने पर डॉक्टर दीपा सक्सेना ने डॉक्टर विजय पाठक समेत चिकित्सक बुला लिए। इसके बाद चारू को कमला हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। कमला हॉस्पिटल के चिकित्सक पहुंचने के बाद भी समय रहते उचित इलाज न मिलने से चारु की मौत हो गई। हालांकि नवजात बच्ची स्वस्थ है। स्वजन का कहना है की यदि यदि समय रहते सही इलाज मिलता तो चारु औकी जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और मौके पर कार्रवाई की मांग को लेकर देर रात तक शव के पास बैठे रहे। सड़क पर जाम के चलते यातायात भी बाधित रहा। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले में तीन नामजद सहित एक अन्य पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

## श्रीमद्भागवत पुराण का श्रवण करने से आत्म-कल्याण होता है

मीरजापुर। प्रधानमंत्री के नवरत्नों में शामिल जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने श्रीमद्भागवत पुराण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका अध्ययन, श्रवण एवं मनन के साथ पुराण में बताए गए सदाचरण का अनुशीलन पर चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पुराण जीवन को उन्नति की ओर ले जाता है। जगद्गुरु ने यह संदेश नगर के तिवराने टोला स्थित डॉ भवदेव पाण्डेय शोध संस्थान में चल रहे श्रीमद्भागवत सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित भण्डारा प्रसाद वितरण के दौरान 20 अप्रैल, रविवार को दिया। संभल जनपद से चलकर लखनऊ होते हुए मीरजापुर अपने निर्धारित समय के 4 घण्टे विलंब से रात 10 बजे कार्यक्रम में शामिल हो सके पर जगद्गुरु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लगभग 40 मिनट संस्थान में जगद्गुरु रुके। इस बीच 'हर हर महादेव', 'जयश्रीराम' तथा 'जगद्गुरु की जय हो' के नारे लगते रहे। जगद्गुरु आशीर्वाद की मुद्रा में रहे तथा जो भी उनका चरण स्पर्श करने पहुंचा, उसे शुभाशीष दिया।

जगद्गुरु का संदेश था कि सनातन संस्कृति के मूल में आत्म-कल्याण के साथ लोक-कल्याण का भाव सन्निहित है, लेकिन सनातन संस्कृति में बताए गए सद-उपायों के अनुसार जीवन जीना चाहिए। जगद्गुरु ने भंडारे में उनके निमित्त बने सादगीपूर्ण प्रसाद को ग्रहण किया। जगद्गुरु ने सपरिवार पधारे एडीएम (वित्त एवं राजस्व) शिवप्रताप शुक्ल को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (सिटी) नितेश सिंह, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट गुलाब प्रसाद भी मौजूद रहे। भँडारे में अपर आयुक्त डॉ विश्राम सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक जेआरडी राज्य विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने शास्त्री पुल से उनकी आगवानी की। जगद्गुरु अपने रथ से आए थे लेकिन नगर में रथ के आवागमन में कठिनाई के चलते उन्हें अपने वीसी प्रो पाण्डेय की इनोवा से नगर के भीतरी हिस्से में आए।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर 2 व 3 मई को सेना के लड़ाकू विमान उतरेंगे




शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र के गांव अतिबरा के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर बने हवाई पट्टी पर सेना के लड़ाकू विमान उतारकर अभ्यास किया जाएगा। इसके लिए सेना एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने हलचल तेज कर दी है।

2 दिन पहले एक्सप्रेसवे का बरेली से आए वायु सेना के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। उन्होंने जो दिशा-निर्देश दिए थे, उसके अनुरूप निर्माण कंपनी के अधिकारी हवाई पट्टी के पांच किलोमीटर के दायरे में जरूरी व्यवस्थाएं कराने में जुट गए हैं। चमरपुर कलां से खंडहर गांव के बीच पांच किमी लंबी हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है। वायुसेना के अधिकारियों ने हवाई पट्टी का बारीकी से किया था। उन्होंने सामरिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए वहां लड़ाकू विमानों को उतारने का अभ्यास कराने के लिए कई व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए थे। इनमें हवाई पट्टी के आसपास के गांवों में किसी संदिग्ध व्यक्ति के आकर रुकने का अभियान चलाकर जांच कराने, छुट्टा पशुओं की घुसपैठ रोकने के लिए तारों की बाड़ लगाने, विमान उतारने के अभ्यास के दौरान पूरे क्षेत्र में कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था कराने आदि निर्देश शामिल हैं।

## सम्भव दिवस में समस्याओं का हुआ निस्तारण

सोनभद्र। सरकार के निदेर्शानुसार जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन किया जाता है। आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद में 5, नगर पंचायत घोरावल में 0, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 4, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2 समस्त निकायों को मिलाकर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के सभाषदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी, आदि उपस्थित रहे।

## दबंगों का हमला, मां-बेटे को डंडों से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव कोला में दो दबंगों ने 50 रुपए उधार न देने पर मां-बेटे को बुरी तरह पीट दिया। घटना सोमवार दोपहर की है। पप्पू पुत्र नवाब अली के घर हरी बाबू भिन्ना और



लाला नाम के व्यक्ति 50 रुपए मांगने आया तभी वह गाली-गलौज किया और पप्पू ने बताया कि उस समय उनके पास पैसे नहीं थे और उन्होंने अगले दिन देने की बात कही। इस बात से नाराज होकर दोनों आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। जब पप्पू ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने डंडों से हमला कर दिया। हमले में पप्पू का सिर फट गया। तभी पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और उसने बताया की मारपीट से बेटे की चीख-पुकार सुनकर बचाने आई मां मकसूदन पर भी हमलावरों ने डंडे बरसाए, जिससे उनका भी सिर फट गया। पीड़ित पप्पू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण करवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई में जुटी है।

## घर के बाहर बंधी भैंस चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में चोर एक कीमती भैंस चुरा ले गये। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम ककलापुर निवासी मूलचंद वर्मा की दुधारू भैंस घर के बाहर बंधी थी। बीती रात चोर खोल ले गए। जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपए बताई जा रही है।

## जंगली जानवर हमले से पशुपालक घायल, रेफर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुर में पशु चरा रहे एक पशुपालक पर जंगली सूअर ने हमला बोलकर गंभीर घायल कर दिया। जिसे सीएचसी लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुर निवासी करतार सिंह सोमवार को खेत पर पशु चराने गए थे तभी उन पर जंगली सूअर ने हमला बोल दिया जिससे वह गंभीर घायल हो गए आसपास खेतों पर काम कर रहे लोगों ने शोर मचाया और फिर उन्हें अस्पताल ले गए जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किसानों का कहना है कि अब खेत पर काम करना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। बाघ का पहले से ही डर सता रहा है। तमाम जाने जा चुकी हैं। अब जंगली सूअर भी प्राण घातक बन गया है। छुट्टा जानवर भी जी का जंजाल है। उनसे फसल ना बचाई जाए तो सब चौपट हो जाएगा, अगर फसल बचाई जाए तो जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है।

## बाथम वैश्य महासभा चुनाव के लिए समिति गठित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) अब जल्दी ही बाथम वैश्य महासभा का चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए पांच सदस्यीय चुनाव समिति का गठन कर दिया गया है। बाथम वैश्य महासभा के संरक्षक संदीप कुमार मित्तल ने बताया कि महासभा का चुनाव प्रक्रिया संपन्न करने के लिए जिन्हें दायित्व दिया गया है। उनमें अनूप गुप्ता को मुख्य निर्वाचन आयुक्त, बालकृष्ण गुप्ता को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजेश गुप्ता गुड्डन और विमल गुप्ता को सहायक निर्वाचन अधिकारी और लोकेश गुप्ता को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इन पर निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव सम्पन्न कराने की जिमेदारी निहित है। सभी को पत्र भेज कर जिमेदारियों से अवगत कराया जा चुका है। यह पदाधिकारी 23 अप्रैल को सम्मलित बैठक कर चुनाव तिथि के अगले कार्यक्रम और चुनाव तिथि की घोषणा करेंगे।

## साले ने बहनोई से नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगे रुपये

शाहजहांपुर। जनपद थाना जलालाबाद में ग्राम हैबतपुर निवासी सौरभ ने बजे प्रार्थना पत्र देकर बताया ग्राम तिकोला निवासी उनके साले देवेंद्र ने उनको नौकरी दिलाने के नाम पर 10000 दिए थे और कहा था कि 2 महीने में नौकरी नहीं मिली तो रुपए वापस कर देंगे 2 महीने तक जब उसे नौकरी नहीं मिली तो उसने रुपए वापस मांगे सभी गांव टिकोला निवासी देवेंद्र ने उसके साथ मारपीट व गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## फरधान थाना क्षेत्र में लटकते मिले पति-पत्नी के शव

लखीमपुर खीरी। थाना फरधान क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू कलह के चलते पति पत्नी ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्म हत्या। सोमवार की सुबह घर के बाहर पति पत्नी के शव बंगला के अंदर लटकते मिले। शव मिलने का कारण कारण पुलिस तलाश कर रही है। मनोज 35 वर्ष पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम नकहा पिपरी साशीया थाना फरधान व उनकी पत्नी तारा देवी का शव घर के बाहर पड़ा बंगला की थमरी में लटकता मिला। शव के लटकाने की जानकारी मृतक मनोज के पिता विजय कुमार द्वारा थाना फरधान पुलिस को दी गई। थाना अध्यक्ष दया शंकर द्विवेदी ने घटना स्थल का निरीक्षण गया। निरीक्षण के बाद दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। पुलिस कई एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। इस संदर्भ में दयाशंकर द्विवेदी थानाध्यक्ष फरधान ने बताया कि पति-पत्नी में आपस में विवाद रविवार को हुआ था रात 11:00 बजे दोनों लोग सो गए घर में पति-पत्नी के साथ उनके तीन बच्चे भी रहते थे। सोमार की मनोज कुमार का उनकी पत्नी तारा देवी का शव लटकता मिला। आत्महत्या के प्रकरण की जानकारी मनोज के पिता विजय कुमार द्वारा थाने पर दी गई। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पुलिस के डंडा मारने से हुआ सड़क हादसा, महिला की मौत

शाहजहांपुर ।जिले में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा कथित रूप से डंडा मारने के बाद बाइक से गिरी एक महिला की ट्रक से कुचलकर मौत हो गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना निगोही अंतर्गत धूलिया मोड़ के पास पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। रविवार शाम कल्याणपुर निवासी प्रदीप अपनी पत्नी के साथ बारात में शामिल होने जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मी ने बाइक पर डंडा मार दिया। एसपी ने बताया कि डंडा मारने के चलते बाइक का संतुलन बिगड़ गया और उस पर बैठी प्रदीप की पत्नी अमरावती (34) गिर पड़ी और पीछे चल रहे डंपर से कुचलकर उनकी मौत हो गयी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया जो रात में दो बजे प्रशासन तथा पुलिस अधिकारियों ने खत्म कराया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार को सौंपी गयी है। मामले में निगोही थाना के उप निरीक्षक ऋषिपाल तथा डंपर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस ने मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोशल मीडिया पर तिलहर क्षेत्र की भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है जिसमें वह पुलिसकर्मियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कह रही हैं कि शादी विवाह का सीजन चल रहा है, ऐसे में रोज-रोज चेकिंग करने के लिए मैंने मना किया था। विधायक सलोना कुशवाहा ने सोमवार को बताया कि प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



जलालाबाद शाहजहांपुर। जलालाबाद के महाराणा प्रताप चौक पर शाहजहांपुर जनपद के भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा को आज कलान जाना था, भाजपा जिला अध्यक्ष के आने की खबर उनके कार्यकर्ताओं को लगी तभी कार्यकर्ता एकत्र होकर महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचे जहां उन्होंने जिला अध्यक्ष को फूल माला पहनकर स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत से जिला अध्यक्ष अति प्रसन्न हुए और उन्होंने उनके हाल-चाल पूछे और बस्ती संपर्क अभियान के बारे में जानकारी ली, और कहा यह अभियान लगातार जारी रहेगा,तभी कार्यकर्ता भी उनके साथ कलान के लिए रवाना हो गए, और जिला अध्यक्ष कलान क्षेत्र में पहुंचे तो उन्होंने क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात की और उसके बाद प्राचीन शुक्राचार्य की तपोभूमि पटना देवकली मंदिर पर भोलेनाथ के दर्शन किए, और वहां की साफ सफाई व्यवस्था को दिखा वहीं पर किसी ने उनसे कहा कि यहां पर कुछ अवस्थाएं हैं उनको भी सही कराया जाए वहीं जिला अध्यक्ष ने मंदिर के महंत पुजारी से कहा कि गर्मियों का दौर चल रहा है जो खराब पड़े हुए नल है उनको सही कराया जाए कोई दिक्कत अगर आए तो हमें बताएं हर तरीके से सहयोग करेंगे। जिला अध्यक्ष के दौरे के दौरान उनके साथ में जिला प्रतिनिधि जितेंद्र प्रताप सिंह, और भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार अभिनेत्री प्रधान याकूबपुर राजीव शर्मा, भाजपा युवा नेता अजय सिंह चंदेल, अखिलेश वर्मा युवा मोर्चा संयोजक,दिनेश सिंह राठौर ,सहित आज तमाम लोग उनके साथ में मौजूदरहे।

## चोरी की दो मोटरसाइकिल संग अभियुक्त गिरफ्तार



लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चोरी की दो बाइक सहित अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।

थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त महादेव कनौजिया पुत्र बुलाकी नि0 ग्राम खखरा थाना मैगलंगज खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी की दो मो0सा0 रजि0 नं0 UP32FD8253 होण्डा शाइन व मो0सा0 रजि0नं0 UP41AL4227 हीरो पैशन प्रो बरामद की गयी। अभियुक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 113/25 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 विनोद सिंह, का0देवेन्द्र सिंह, का0जितेन्द्र कुमार, का0प्रदीप सरोज शामिल रहे।

## सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

सोनभद्र ।जिले के बभनी थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने के कारण उस पर सवार दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गयी और एक अन्य युवक घायल हो गया। थाना बभनी के एसएचओ कमलेश पाल ने बताया कि जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के नगवां गांव निवासी दो भाई जगदीश प्रसाद (30) एवं वीर बहादुर (25) तथा उनका मित्र रामकेश (27) रविवार की देर शाम एक बारात में शामिल होने के लिए एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बभनी जा रहे थे। बभनी चौना मार्ग पर घाघरा गांव के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिसके कारण जगदीश और वीर बहादुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी तथा रामकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया तथा घायल को बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मण्डलायुक्त ने किया गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश



आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपदों में चल रही गेहूँ खरीद की स्थिति जायजा लेने हेतु सोमवार को जनपद आजमगढ़ के पवई लाडपुर-सरायमीर एवं संजरपुर स्थित गेहूँ क्रय केन्द्रों का अकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनो गेहूँ क्रय केन्द्र क्रियाशील पाये गये। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों से अब तक की गई खरीद की जानकारी प्राप्त की, जिसमें पाया गया कि गेहूँ क्रय केन्द्र बी पैक्स संजरपुर में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम खरीद की जा रही है। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ तथा जिला प्रबन्धक, पीसीएफ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया।

मण्डलायुक्त विवेक के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी पवई लाडपुर द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर अब तक 52 कृषकों से 205.45 एमटी गेहूँ खरीद की गयी है, जिसके सापेक्ष 184 एमटी गेहूँ का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम डिपो में किया जा चुका है। उक्त क्रय केन्द्र पर कृषक रामकिशोर यादव, ग्राम-फत्तनपुर के गेहूँ की तौल होते हुए पाया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित कृषकों से सीधे वार्ता की गयी, जिसमें कृषकों द्वारा बताया गया कि उन्हें केन्द्र पर गेहूँ विक्रय किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इसी प्रकार बी पैक्स संजरपुर के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर 14 कृषकों से 79.30 एमटी गेहूँ खरीद की गयी है। मण्डलायुक्त ने इसे लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम पाते हुए सख्त नाराजगी व्यक्त किया तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ तथा जिला प्रबन्धक, पीसीएफ व अन्य के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्हों केन्द्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। संजरपुर क्रय केन्द्र पर ग्राम मैनपारपुर, रानी की सराय निवासी कृषक मणिराम यादव के गेहूँ की तौल की जा रही थी। मण्डलायुक्त ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गांवों में जाकर कृषकों से सम्पर्क कर उनकी सुविधा को ध्यान रखते हुए नियमानुसार मोबाईल केन्द्र के माध्यम से भी गेहूँ खरीद में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कृषकों को निर्धारित समयावधि में उनकी उपज का भुगतान किया जाये तथा किसानों के समक्ष किसी समस्या नहीं आनी चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने केन्द्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान आदि की व्यवस्था के साथ ही समय से क्रय केन्द्रों का खुलना, मौके पर कर्मचारियों की उपस्थिति आदि सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

## एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर मंत्री ने किया रवाना



सोनभद्र। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में 108 डायल की 15 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये, इस दौरान मंत्री ने एक एडवांस लाइव सपोर्ट सिस्टम एम्बुलेंस को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये, इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें। इस दौरान मंत्री ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से 108 डायल नम्बर की कुल 21 एम्बुलेंस रिप्लेश के रूप में अब तक जनपद को प्राप्त हुईं हैं। जिसमें से आज 15 एम्बुलेंस व एक एडवांस लाइव सपोर्ट सिस्टम की एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जनपद में रिप्लेस के रूप में प्राप्त एम्बुलेंसों से जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी और लोगों को समुचित ईलाज की सुविधा समय से उपलब्ध हो सकेगी।

## संक्षेप

### लूट का पर्दाफाश करने में पुलिस विफल

जौनपुर। जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र में बीते बृहस्पतिवार की रात को जफराबाद बाईपास पर स्कार्पियो सवार बदमाश एक पिकअप मैक्स को लूटकर फरार हो गए इसके पदार्फाश के लिए पुलिस लगी हुई है लेकिन स्कॉर्पियो सवार और पिकअप मैक्स लूटने वाले लोग पुलिस के लिए सिर दर्द बन गए है। घटना के बाद जिले के आला अधिकारी ने बयान में कहा था कि अगर घटना का खुलासा 24 घंटे के अंदर नहीं होता है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जायेगी, लेकिन 24 घंटा क्या 48 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी स्कार्पियो सवार और पिकअप मैक्स लूटने वाले बदमाश पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुलिस के अधिकारी कार्यवाही की बात कहकर उसे भूल जाते है जिससे उनके प्रति विश्वास कम होता है और अपराधियों के हौसले बढ़ते जाते है। उक्त लूट की घटना के 24 घंटे के बजाय 48 घंटे से अधिक होने के बाद भी पुलिस के अधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं किया। इस बात की चर्चा है कि जब थानाध्यक्ष पर मंत्री और अधिकारियों की छत्रछाया है तो अपराधियों हौसले बुलंद होगें। इस रवैये पर लगाम लेने के लिए पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों में विश्वास पैदा करना होगा नहीं तो क्षेत्र और थाना राम भरोसे ही चलेगा।

### कई न्यायिक अधिकारी हुए इधर से उधर

आजमगढ़। जिलाधिकारी जनहित और शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन के लिए जिले के कई न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से कर दिया है। वहीं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राहुल विश्वकर्मा स्थानांतरित किये गए न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने नवीन पदों पर तत्काल प्रभाव से पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लें और इसकी आख्या उपलब्ध कराएं। स्थानांतरित किये गए न्यायिक अधिकारियों में एसडीएम राज कुमार बैठा को कुम्भ मेला प्राधिकरण प्रयागराज की संबंद्धता खत्म कर उन्हें उप जिलाधिकारी तहसील मार्टीनगंज, मार्टीनगंज के उप जिलाधिकारी रामानुज शुक्ला को इसी के साथ ही अतिरिक्त अधिकारी (प्रथम)। सदर तहसील के अतिरिक्त अधिकारी (प्रथम) भूपाल सिंह को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर के पद पर कार्यरत प्रियंका सिंह को अतिरिक्त अधिकारी (द्वितीय) सदर, नंदिनी शाह उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सगड़ी को अतिरिक्त अधिकारी (द्वितीय) से उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सगड़ी के पद पर स्थानांतरित किया है।

### धरना प्रदर्शन आज

सोनभद्र। प्रांतीय निर्णय के अनुसार एक दिवसीय धरने का आयोजन संपादित किया जाना है। सूरज बली सिंह जनपद अध्यक्ष सेवानिवृत्ति कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठन ने बताया कि जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाना है धरना पूर्वन 11 से अपरण है 3 बजे तक संपादित होगा जिसमें केंद्र सरकार द्वारा पारित विधायिका के अनुसार जनवरी 2025 के पूर्व सेवानिवृत कार्मिकों को 8वें वेतन आयोग का लाभ न दिए जाने सहित पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने एवं कोरोना काल का 18 महीने का फ्रिज किया गया है भुगतान अब तक न किए जाने की मांग सम्मिलित समस्त सेवानिवृत्ति कार्मिकों से आग्रह है की समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# 3 अपराधी अष्टधातु की मूर्ति के साथ गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना चुनार पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 15 किलोग्राम वजन के अष्टधातु की चोरी की गई मूर्ति के साथ तीन अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। बताते हैं कि रविवार 20 अप्रैल को प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य व पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि इस दौरान थाना चुनार क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा चोरी के सामानों की बिक्री करने की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरगवां खरहटिया के पास से मोटर साइकिल सवार 03 व्यक्तियों को पकड़ा गया, जिन्होने पूछताछ में अपना नाम पता अभिमन्नू उर्फ मन्नू पुत्र राजाराम निवासी बलुआ बजाहुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर, नागेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 जोखन प्रसाद निवासी बलुआ बजाहुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर व रविकान्त उर्फ सोनू पुत्र राजकुमार निवासी डुलहाडौल थाना चुनार जनपद मीरजापुर बताया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का अष्टधातु की वेणू गोपाल की मूर्तिमूर्ति बरामद किया गया। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन संख्या यूपी वढ 63 ए एच 3473 को 207 एम.वी. एक्ट में सीज किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 193/2025 धारा- 16 प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम 1904, 25 प्राचीन वस्तु एवं कला खजाना अधिनियम 1972 व धारा 317(2),317(5) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया। बरामद मूर्ति की कीमत करोड़ों रुपया बताया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगो का एक संगठित गिरोह है। हम लोग अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ये अष्टधातू की मूर्ति वेणू गोपाल की मूर्ति दक्षिण भारत के किसी मंदिर से चोरी किये थे। जिसे हम लोगो द्वारा आज बेचकर प्राप्त धनराशि को आपस में बाट लेने का योजना था परन्तु पकड़े गए।

## प्रतिभा से ऊंचाइयों पर पहुंच सकते है छात्रः प्रतिमा वर्मा




जौनपुर। मछलीशहर की क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने कहा कि यदि किसी बच्चे में प्रतिभा है, तो वह अभावों के बावजूद भी सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है।

सोमवार को आरबीएस किसान मजदूर इंटर कॉलेज अकोढ़ा में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कही। उन्होने कहा कि वह स्वयं एक साधारण किसान परिवार से हैं और शुरूआत में उनके अंक अच्छे नहीं आते थे, लेकिन माता-पिता की प्रेरणा, अच्छे दोस्तों की संगति और समाज की पीड़ा ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अच्छे मित्रों का चयन जीवन को नई दिशा दे सकता है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 से 9 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में रितु बिंद, यश कुमार, अश्वनी, साक्षी पटेल, शिवम कन्नौजिया, सबा, अल्फाज और अंकित शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर अनूप कुमार बिंद, अंशिका पटेल, प्रिया, रूपांजल यादव, जैद, जोया, जिशान और जैस पटेल रहे। विद्यालय के प्रबंधक सत्यनारायण यादव ने मुख्य अतिथि सीओ प्रतिमा वर्मा को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रह्मदेव दूबे ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## छात्रा अर्चिता की आवाज को बुलंद करेगा राजपूत सेवा संगठनः सत्या

आजमगढ़। कलेक्ट्रेट के आस-पास छात्रा अंकिता को न्याय दो न्याय दो की आवाज से गूंज उठा। मामला बीएचयू पीएचडीं प्रवेश परीक्षा में छात्रा अंकिता सिंह को न्याय दिलाने का था। इसी को लेकर मुखर दिखी राजपूत सेवा संगठन आजमगढ़ ने प्रधानमंत्री को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। संगठन ने बीएचयू की व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए हिंदी विभाग के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश में अन्याय, धांधली और राजनैतिक व जातिगत भेद-भाव का आरोप मढ़ते हुए मामले में पीएम से हस्तक्षेप की बात कहीं।

राजपूत सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष सत्या सिंह परिहार ने बताया कि बीएचयू हिंदी विभाग में पीएचडी के पाठ्यक्रम में सत्र 2025 में प्रवेश को लेकर देश की एक होनहार बेटी अर्चिता सिंह विवि प्रशासन के विरुद्ध चार दिनों से धरनारत है। अंकिता ने ईडब्लूएस कोटे के अंतर्गत हिंदी विभाग के पीएचडी पाठ्यक्रम में आवेदन किया था और काउंसलिंग व मेरिट आदि की प्रक्रिया के बाद वह चयनित हो गई थी। अंतिम प्रवेश के लिए जब अर्चिता से ईडब्लूएस प्रमाण-पत्र मांगा गया, उसके पास नवीनीकृत रूप नही था, तय मोहलत में नवनीतम ईडब्लूएस प्रमाणपत्र जमा करने पहुंचती है तो देखती है कि उसका प्रवेश रद्द करके किसी अन्य छात्र भाष्कर त्रिपाठी को प्रवेश दे दिया गया है। श्री सिंह आरोप लगाया कि अर्चिता के स्थान पर चयनित हुए छात्र का आरएसएस-बीजेपी की छात्र ईकाई एबीवीपी से रिश्ते हैं।

## किन्नरों ने लगाया जाम, गैंग रेप के बाद हत्या का आरोप



जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किन्नर की मौत सड़क हादसे में हो गई थी। अब प्रकरण में नया मोड़ आ गया है दर्जनों की संख्या में किन्नरों ने सोमवार की सुबह किन्नर के शव को थाने के सामने सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किन्नरों का उग्र रूप देखकर पुलिस के हाथ-पांव फूल गए।

ज्ञात हो कि शनिवार की शाम को थाना क्षेत्र के सरायरूस्तम गांव निवासी अंजली 30 वर्षीय किन्नर आर्टिका से ड्राइवर कोदहूं निवासी अंबुज मौर्या के साथ प्रयागराज गई थी। रविवार की सुबह लौटते समय पांडेयपुर गांव के पास आर्टिका खाई में चली गई। हादसे में किन्नर अंजली की मौत हो गई जबकि ड्राइवर अंबुज को गम्भीर हालत में वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौत को लेकर रविवार की शाम हत्या करने का मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु किन्नरों ने मुंगराबादशाहपुर थाना में हंगामा किया था। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद अंजली का शव घर पहुंचते ही किन्नर आक्रोशित हो गए और शव को लेकर थाने पहुंच गए। इसके बाद शव को सड़क पर रखकर किन्नरों ने चक्का जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। चक्का जाम के कारण के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। किन्नरों को समझाने के लिए पुलिस प्रशासन को पसीने छूट गए। किन्नरों का आरोप है कि गाड़ी के ड्राइवर व उसके चार पांच साथियों द्वारा किन्नर अंजली का गैंग रेप किया गया फिर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर चालक अंबुज मौर्या व उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी ड्राइवर अंबुज मौर्या को वाराणसी के अस्पताल में पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि किन्नर की गैंगरेप के बाद हत्या करके उसे हादसे का रूप दिया गया है या हादसे में ही उसकी मौत हुई है।

# सरकारी बोर्डिंग स्कूल में छात्राओं को प्रेग्नेंसी किट देने के मामले ने पकड़ा तूल

जिला संवाददाता(vol)

- एसडीएम बोलीं–ऐसा कुछ नहीं, महिला आयोग की सदस्य ने कहा– मेरे पास बच्चियों के लिखित बयान
- राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात के सामने छात्राओं ने लगाए थे सनसनीखेज आरोप
- डिप्टी डायरेक्टर करेंगे मामले की जांच

मीरजापुर। जनपद के एक सरकारी आवासीय विद्यालय में प्रेग्नेंसी टेस्ट किट देने, सेनेटरी पैड चेक करने के मामले में जिला प्रशासन बैकफुट पर आ गया है। आनन-फानन में मड़िहान की एसडीएम ने बयान जारी कर कहा कि आरोप गलत हैं, ऐसा कुछ नहीं है। यह पूरा घटनाक्रम मड़िहान तहसील के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति स्कूल से जुड़ा है।

प्रशासन की बनाई जांच कमेटी के सामने छात्राओं ने अपने साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार का दर्द बयां किया था। मामला तूल पकड़ने पर अब मीरजापुर जिला प्रशासन बच्चियों के आरोपों को गलत बता रहा है। वहीं, महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने प्रशासन के इस रवैये को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि उनके पास बच्चियों के लिखित बयान है, प्रशासन लीपापोती कर रहा है। ज्ञात हो कि राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात के मुताबिक, उन्होंने जनवरी में विद्यालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान छात्राओं ने उन्हें अपना दर्द बताते हुए बताया कि जब मैं विद्यालय में गई तो लाइब्रेरी में एक बच्ची अंधेरे में पढ़ रही थी। लड़कियों को ठीक से यूनिफॉर्म तक नहीं दिया गया था। कई छात्राएं दो-दो तीन-तीन साल पुराने स्वेटर पहने थीं। कई के कपड़े फटे हुए थे। एक बालिका के सेफ से प्रेग्नेंसी किट मिला, जिसे बालिका ने बताया कि स्कूल में इसे वितरित किया जाता है।

सदस्य नीलम प्रभात के मुताबिक, छात्राओं ने उनके सामने कई गंभीर खुलासे किए, जो ये हैं- जिनका मासिक रुक जाता है, मैडम उन छात्राओं को जांच करने के लिए कहती हैं। छात्राओं के मुताबिक, कुछ स्टूडेंट प्रेग्नेंट भी हो चुकी हैं। स्कूल में प्रेगनेंसी किट भी वितरण किया गया है।

लड़कियों ने रोते हुए मुझे बताया था कि उनकी पिटाई की जाती है, उनसे मिलने के लिए आने वाले अभिभावकों को मिलने नहीं दिया जाता है। धूप में खड़ा रखा जाता है। जो छात्राएं शिक्षिकाओं के पैर दबाती हैं, उन्हें ही स्मार्ट क्लास में जाने दिया जाता है। लड़कियों ने यह भी बताया कि मैम के कहने पर स्कूल के सर उन्हें सेनेटरी पैड लाकर देते हैं। बाबू सिगरेट पीकर उनके मुंह पर धुआं धोड़ता है, बाबू की लड़कियों के प्रति नीयत ठीक नहीं रहती है। वह बाहर से पान मसाला, गुटखा खाकर आता है। बालिकाओं ने बताया कि उन्हें जो चावल खाने के लिए दिया जाता है, इसमें कीड़े पड़े रहते हैं। विद्यालय की टीचर एसी वाले स्मार्ट क्लास में बैठकर ड्रिंक करती हैं और सोती हैं. क्लास अटेंड न करने पर जब छात्राएं उन्हें बुलाने जाती हैं तो डांटकर भगा दिया जाता है. एक शिक्षिका तो गाली देकर बात करती हैं। विद्यालय में विज्ञान और कम्प्यूटर की टीचर नहीं हैं। छात्राओं को पढ़ने के लिए पूरी किताबें नहीं दी जाती, जो किताबें मिलती हैं, उसके पन्ने फटे होते हैं। छात्राओं को विषय चयन का अवसर नहीं दिया जाता है। साइंस व आर्ट की छात्राओं में काफी भेद-भाव किया जाता है। मर्जी के विरुद्ध विषय चयन करने के लिए विवश किया जाता है। कॉपी, पेन, स्पाइरल व आवश्यकतानुसार सामग्री नहीं दी जाती। पैसों के बल पर छात्राओं को प्रैक्टिकल में नंबर दिए जाते हैं। छात्राओं ने कहा था, आवश्यकतानुसार ड्रेस व जूते नहीं दिए जाते. एक्सपायर डेट का साबुन मिलता है। न तो किसी प्रकार का खेल-कूद कराया जाता है न ही स्पोर्ट्स का सामान दिया जाता है।

विद्यालय में अभिभावक के बैठने और टायलेट की व्यवस्था नहीं है। उन्हें अपने अभिभावकों से मिलने से रोका जाता है। इस मामले में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने 6 फरवरी को तीन सदस्यीय टीम गठन कर जांच करने के आदेश दिए थे। इसके बाद एसडीएम मड़िहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी और बीडीओ जमालपुर ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। सुविज्ञ सूत्र के अनुसार मीरजापुर के आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्राओं को प्रेग्नेंसी किट देने के मामले की जांच होगी। डिप्टी डायरेक्टर मौके पर जाकर सच का पता लगाएंगे, इसके बाद इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।

विभागीय समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने छात्राओं के साथ हुई अमानवीय हरकतों का संज्ञान लिया है, उन्होंने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर जयराम को मौके पर जाकर जांच करने के लिए कहा गया है. इसके बाद वह इसकी विस्तृत रिपोर्ट देंगे। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं माना जा रहा है मामले में प्रशासन के बैकफुट पर आने के बाद अब पूरी सच्चाई लोगों के सामने आ पाएगी।

### युवा खेल महोत्सव संपन्न

सोनभद्र। युवा खेल महोत्सव का समापन सोमवार को किया गया। सोनभद्र योगासन खेल संघ द्वारा युवा खेल महोत्सव का शुभारंभ 18 अप्रैल,2025 को किया गया था। युवा खेल महोत्सव का आरंभ युवाओं में खेल के प्रति रुचि को बढ़ाने के लिए किया गया था। जिसमें खो खो, कराटे, कबड्डी, योग और हैमर बाल जैसे प्रसिद्ध खेलों को शामिल किया गया था। युवा खेल महोत्सव का समापन समारोह डाइट के मैदान में किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सोनभद्र के अध्यक्ष डॉ आर एस सिंह, अतिथि के रूप में डिप्टी सी एमओ डॉक्टर एस के जयसवाल, अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी शमीम अहमद, अतिथि के रूप में गुरमा जेल से जेलर जेपी दुबे, हैमर बॉल के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडे खो-खो के अध्यक्ष आर पी जैन, कराटे खेल के अध्यक्ष विकास सोनकर और सोनभद्र योगासन खेल संघ की अध्यक्ष पूनम शामिल हुए। युवा खेल महोत्सव 18 अप्रैल 2025 खेलों के आयोजन में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल शक्ति नगर, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल रावट्र्सगंज, प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल रावट्र्सगंज, डीएवी स्कूल रॉबर्ट्सगंज, जय प्रकाश नारायण आश्रम पद्धति विद्यालय रॉबर्ट्सगंज ग्लेनहिल स्कूल रावट्र्सगंज स्कूल ने भाग लिया।

## एसएसपी ने समस्याएं सुन दिए निर्देश

मीरजापुर। सोमेन बर्मा वरिष्ट पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पी.पी.एस. (रिटायर्ड) आफिसर वेलफेयर एसोशियन उ.प्र. व उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान की गोष्ठी की गयी। उक्त गोष्ठी में पुलिस पेंशनर्स की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारी को निराकरण के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण एवं पुलिस पेंशनर्स मौजूद रहें।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

जौनपुर। न्याय पंचायत स्तरीय डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरहुरपुर पर मनाई गई रैली को हरी झंडी दिखा करके



श्रीअमरेश कुमार सिंह ने रवाना किया। रैली गांव से होते हुए विद्यालय तक डॉ0 भीमराव अंबेडकर का नारा गूंजता रहा। खंड शिक्षा अधिकारी ने सरस्वती और अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया और विद्यालय में सबसे अधिक उपस्थित जिन बच्चों की थी उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नोडल शिक्षक संकुल रामकृष्ण विश्वकर्मा, अरविंद कुमार सिंह, अमर बहादुर यादव, रमेश चंद्र यादव, नवीन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे संचालन सिनिध्द कुमार सिंह ने किया।

### ईरान से बेटे की लाश मंगवाने की पिता ने लगायी गुहार

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के तिलवारी गांव का एक परिवार इन दिनों गहरे सदमे में है। उनका 22 वर्षीय बेटा शिवेंद्र प्रताप सिंह, जो मर्चेंट नेवी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था, ईरान में एक दर्दनाक हादसे में अपनी जान गंवा बैठा। अब उसका शव भारत लाने के लिए परिवार दर-दर की ठोकरें खा रहा है। परिजनों ने बताया कि शिवेंद्र ने फरवरी माह में मर्चेंट नेवी के एमवी रासा नामक जहाज को ज्वाइन किया था। यह जहाज ईरान के किस-आइसलैंड पोर्ट पर खड़ा था, जहां 27 मार्च की शाम को एक दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। घर का इकलौता बेटा शिवेंद्र अपने माता-पिता की उम्मीदों का केंद्र था। उसकी मौत की खबर मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार को शिवेंद्र के पिता संदीप सिंह अपने गांव के कुछ लोगों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और डीएम दिनेश चंद्र सिंह से मिलकर बेटे के शव को भारत लाने की अपील की। उन्होंने बताया कि बेटे की डेड बॉडी अब भी ईरान में है और परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी नहीं कि वे निजी तौर पर उसे मंगवा सकें। डीएम ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि वे भारत सरकार और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करके जल्द से जल्द शव को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू करवाएंगे। शिवेंद्र की असामयिक मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है, और अब सबकी निगाहें प्रशासन की ओर हैं कि कब तक यह इंतजार खत्म होगा।

### अधेड़ को पड़ोसी ने मारी गोली, हालत गंभीर

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा गांव में सोमवार की भोर में नमाज पढ़ने जा रहे अधेड़ को पड़ोसी ने गोली मार कर घायल कर दिया। घायल को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। दोनों पक्ष में जमीन बटवारा को लेकर विवाद चल रहा है। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा गांव निवासी 55 वर्षीय सरफराज का उसके पट्टीदार से गांव में और मुंबई में स्थित भूमि बटवारा का विवाद चल रहा है। सोमवार की भोर में सरफराज नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहे थे। दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर गोली मार दी। गोली कुल्हा में लगने से सरफराज घायल हो गये। भोर में गोली चलने से गांव में अफरा तफरी मच गई। परिजन घायल को लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे, डॉक्टर ने हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में घायल को भर्ती कराया गया है। पुलिस दूसरे पक्ष के अनीश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। 2016 में भी सरफराज पर मस्जिद में नमाज पढ़ते समय गोली मारकर जानलेवा हमला किया गया था। गोली उनके पैर में लगी थी। बताया जा रहा है कि मुंबई और गांव में दोनों ही स्थानों पर पुस्तैनी जमीन हैं। पट्टीदारों से भूमि बटवारा को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा है। गांव में यह भी चर्चा है कि आरोपी के बनाए गए मकान को घायल सरफराज ने पूर्व में किसी को बैनामा कर दिया गया था। जिसको लेकर विवाद और बढ़ गया। कोतवाल जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

### अश्वनी, मुकेश व प्रखर ने हांसिल किए 98.4 प्रतिशत

सोनभद्र। माँ वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल, रॉबर्ट्सगंज के मेधावी छात्रों अश्वनी पटेल, मुकेश और प्रखर चैहान ने आईआईटी मेन्स परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98.4 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यदेव कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर दुबे ने भी दोनों छात्रों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, ह्यइनकी मेहनत और लगन ने यह सिद्ध कर दिया कि सफलता केवल परिश्रम से ही संभव है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक होगी। शिक्षकों ने भी दोनों मेधावी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके निरंतर सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ने की कामना की। विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लोग अश्वनी और प्रखर की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

### एएसपी ने विवेचना रजिस्टर का किया निरीक्षण

सोनभद्र। पुलिस लाईन चुर्क स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा जनपद के समस्त विवेचकों के विवेचना रजिस्टर का निरीक्षण व बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में जनपद के समस्त बीट कर्मियों के बीट बुक का निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण के दौरान बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में



नियमित रूप से भ्रमण करते हुये बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/छेड़खानी/महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निदेर्शों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा बीट कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा प्रकाश में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया।

संक्षेप

## गेहूं खरीद की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**कुशीनगर।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी नरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) कुशीनगर, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता, कुशीनगर, जिला प्रबन्धक-पी०सी०एफ० व पी०सी०यू०, सचिव मण्डी कसया, कुशीनगर तथा भा०खा०नि० के अधिकारी उपस्थित थे।जिलाधिकारी द्वारा किसान पंजीकरण एवं गेहूं खरीद परिलेख का अवलोकन किया गया, जिसके पाया कि कुल अबतक कुल 3628 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया तथा जनपद कुशीनगर में स्थापित कुल 84 क्रय केन्द्रों में से अबतक 80 क्रय केन्द्रों पर खरीद प्रारम्भ हुई है, जनपद में अबतक कुल 363 किसानों से 1006.74 मी0टन गेहूं की खरीद की गयी है। डीएम द्वारा समस्त क्रय एजेन्सियों के जिला प्रबन्धकों एवं सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक सहकारिता, कुशीनगर व मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि वे वृहद रूप से किसानों से सम्पर्क करें तथा प्रतिदिन प्रति केन्द्र न्यूनतम 50 कुंतल गेहूं की खरीद प्रत्येक केन्द्र पर प्रयास करें। खाद बीज लेने वाले किसानों से सम्पर्क करें तथा एमएसपी पर गेहूं खरीद करें।किसी भी दशा में किसी भी केन्द्र पर शून्य खरीद न हो। मण्डी सचिव को निर्देश दिये गये कि अवैध गेहे संचरण एवं भण्डारण पर कठोर कार्यवाही की जाय। देय मण्डी शुल्क व दण्डात्मक शुल्क की वसूली कड़ाई से की जाय।पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# पति की हत्या कर फेंका शव, पासपोर्ट ने खोला राज

जिला संवाददाता

**देवरिया।** भांजे के प्रेम में पागल रजिया ने प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी।यही नहीं पत्नी उसके शरीर पर तब तक वार करती रही जब तक उसे अपने पति के मरने का पूरा यकीन नहीं हो गया।हत्या करने के बाद पत्नी ने पति के शव को ट्रॉली बैग में भरकर प्रेमी और उसके दोस्त से ठिकाने भी लगवाया।इस दौरान वह लगातार घर से लोकेशन भी लेती रही। मृतक नौशाद दुबई में नौकरी करता था।कुछ दिन पहले ही वह घर लौटा था और 2

**● प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर चापड़ से पति की हत्या**

दिन बाद ही फिर विदेश जाने वाला था। जानकारी के मुताबिक पत्नी को पति नौशाद पसंद नहीं था। पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि घटना में शामिल महिला का प्रेमी व उसका साथी फरार है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने घटना के बारे में जानकारी दी।ट्रॉली बैग में बरामद हुआ था नौशाद का शव जिले के तरकुलवां थाना क्षेत्र के पकड़ी पटखौली गांव के पास रविवार को एक ट्राली बैग में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। बैग में मिले पासपोर्ट के आधार पर शव की शिनाख्त देवरिया जिले के मइल थाना क्षेत्र भटौली गांव निवासी नौशाद पुत्र मन्नू अहमद के रूप में हुई। नौशाद दुबई में नौकरी करता था और 15 दिन पहले ही वह घर आया था।जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को नौशाद की हत्या के मामले में उसकी पत्नी पर शक हुआ।मृतक की पत्नी के बारे में गहराई से जांच पड़ताल के बाद जो कहानी सामने आई उसे जानकर पुलिस भी सन्न रह गई। पुलिस के मुताबिक नौशाद की पत्नी रजिया ने ही प्रेमी के साथ मिलकर अवैध संबंध में बाधक बन रहे अपने पति की हत्या कर दी।रजिया का भांजे से हो गया अवैध संबंध जिले के मईल थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी मन्नू अहमद का बेटा नौशाद दुबई में नौकरी करता था। 2015 में उसका निकाह रजिया सुल्तान उर्फ शबा के साथ हुआ।बताया जाता है कि शादी के बाद से ही रजिया को नौशाद पसंद नहीं था। शादी के बाद नौशाद दुबई कमाने चला गया। घर पर रजिया अपनी इकलौती बेटी के साथ रहती थी।क्योंकि नौशाद की मां की मौत हो चुकी थी और पिता उसके अन्य भाइयों के साथ अलग मकान में रहते थे। नौशाद की अनुपस्थिति में उसका भांजा रोमान उसके घर आने जाने लगा।इसी दौरान रोमान का अपनी मामी रजिया के साथ अवैध संबंध हो गया।

### पत्नी ने बनाया हत्या का प्लान

अपने भांजे के साथ पत्नी के अवैध संबंध की जानकारी जब नौशाद को हुई तो उसने रजिया को समझा बुझा कर सही रास्ते पर लाने की कोशिश की।बताया जाता है कि लगभग वर्ष 2 साल पहले नौशाद ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया था, जिसको लेकर पंचायत हुई।पंचायत में लोगों ने रोमान का उसके घर आने की सख्त हिदायत दी और नौशाद को रजिया के साथ रहने के लिए समझा बुझाकर राजी कर लिया।पंचो की बात मानकर नौशाद ने पत्नी को फिर स्वीकार कर लिया और



कुछ दिनों बाद दुबई चला गया। 15 दिन पूर्व और दुबई से कमकर घर लौटा तो रजिया और रोमन को मिलने में परेशानी होने लगी। ऐसे में रजिया ने प्रेमी रोमान के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने का प्लान बनाया।

पत्नी ने ही पति पर किया पहला वार रोमान ने मईल थाना क्षेत्र के बिसौली माफी गांव निवासी अपने दोस्त हिमांशु को भी नौशाद की हत्या करने के लिए तैयार किया।

पुलिस के मुताबिक बीते शनिवार की रात को रजिया ने अपने पति के खाने में नशीली दवा मिला दी।जिससे वह नशे में बेसुध होकर सो गया।प्लान के मुताबिक नौशाद के सो जाने पर रोमान अपने दोस्त हिमांशु के साथ नौशाद के घर पहुंचा। जहां रजिया, रोमान और हिमांशु ने चापड़ से नौशाद की हत्या कर दी। नौशाद के शव पर पहला वार उसकी पत्नी रजिया ने ही किया था।यही नहीं रजिया पति के शव पर तब तक प्रहार करती रही।जब तक कि उसे उसके मर जाने का पूरी तरह यकीन नहीं हो गया। मामा के शव को ठिकाने लगा दिया नौशाद की हत्या करने के बाद उसके शव को एक बैग में भरकर रोमान और हिमांशु बोलेरो गाड़ी से लगभग 60 किलोमीटर तरकुलवा थाना क्षेत्र के पकड़ी पटखौली गांव के पास सुनसान जगह देखकर खेत में फेंक दिया।इस दौरान नौशाद की पत्नी रजिया सुल्तान घर से ही लोकेशन लेती रही।नौशाद के शव को ठिकाने लगाने के बाद रोमान ने रजिया सुल्तान को बताया कि अब वह बेफिक्र हो जाए, क्योंकि नौशाद के शव को ठिकाने लगा दिया गया। पूरी तरह निश्चिंत होने के रजिया अपनी बेटी के साथ फिर आराम से सो गई।विदेश जाने वाला था नौशाद रजिया और रोमान ने नौशाद का कत्ल पूरी प्लानिंग के तहत किया था।पुलिस के मुताबिक नौशाद 2 दिन बाद ही विदेश जाने वाला था। ऐसे में रजिया और उसके प्रेमी ने दो दिन पहले घटना को अंजाम दिया। उनका मानना था कि उसकी हत्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाएगा।लोग यही समझेंगे कि नौशाद विदेश चला गया। पासपोर्ट से खुला हत्या का राज पुलिस के मुताबिक हत्या करने के बाद आरोपियों ने जिस बैग में नौशाद का शव रखा उसका सामान निकाल कर पूरी तरह खाली किया।

हालांकि जल्दबाजी में नौशाद का पासपोर्ट बैग में ही छूट गया। पासपोर्ट के आधार पर ही पुलिस हत्यारोपियों तक पहुंच गई। पुलिस ने पत्नी रजिया सुल्तान को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल अन्य दो आरोपी रोमान और हिमांशु फरार है, उनकी गिरफ्तारी के लिए देवरिया पुलिस टीम लगा दी गई है।

## आग लगने अरहर की टाल जलकर राख किसान की मेहनत,पूंजी बर्बाद

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार के छपरा टोला निवासी बजरंग बली तिवारी के अरहर के खेत मे लगी आग से फसल जलकर राख हो गयी ।किसान के वर्षभर के कमाई पर फिरा पानी ।बताया गया है कि बजरंगबली तिवारी की तैयार अरहर की फसल कीकटाई करके मडाई के लिए खेत मे रखा गया था परन्तु मडाई पहले ही सोमवार के दोपहर बाद अचानक लगी भीसण आग से किसान की गाढी कमाई घु घुकर सामने ही जलकर राख हो गयी ।आग बुझाने के सारे प्रयास विफल हो गये ।लगभग एक बीघा अरहर की फसल जल गयी ।एक बीघा अरहर की फसल कटाई के बाद मडाई की तैयारी चल रही थी ।इसी बीच कोई व्यक्ति अपने खेत के रवी के फसल की कटाई के बाद खेत मे बचे डण्ठल को चलाने के लिए खेत मे आग लगा दी हवा तेज होने के कारण अरहर के खेत को भी आग अपने चपेट मे ले लिया । और ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद भी आग बेकाबू हो गयी ।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से राजस्व टीम से क्षति का आकलन कराकर क्षतिपूर्ति दिये जाने की माँग किया है

## स्पार्क से कार में लगी आग, जलकर राख



**कुशीनगर।** जिले के कसया कस्बे के कसाड़ा चौक से एयरपोर्ट जाने वाले सड़क पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया, जब एक कार में स्पार्क से आग लग गई।सूचना पर पहुंची फायर सर्विस की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, तबतक कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई थी।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर कस्बे के गांधी चौक पर जमा की समस्या को लेकर कार चालक एयरपोर्ट के रास्ते आ रहा था, कार में चार लोग सवार थे, जैसे ही वह कसाड़ा चौक के समीप पहुंचा, अचानक कार में स्पार्क होकर आग लग गई, चालक सहित चारों लोग कार से बाहर निकल गए, और मिट्टी आदि से आग बुझने लगाए, लेकिन आग बढ़ती ही जा रही थी, कुछ ही देर में कार धू-धू कर जलने लगी।कार को धू-धू के जलता देख राहगीरों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया, सूचना पर पहुंची फायर सर्विस की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन तबतक कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई।बताया जाता है कि कसया थाना क्षेत्र के बैरिया निवासी सुरेश तिवारी की महिंद्रा यूवी 300 कार थी, जो कसया कस्बे से लौटकर बैरिया जा रही थी।

## एक साथ निकले 6 शव तो हर किसी के मुंह से निकला - हे भगवान यह क्या किया

**कुशीनगर।** बारात में शामिल होने के लिए दिल्ली से आए इसके चचेरे भाई योगेंद्र मद्धेशिया, छोटा भाई हरेंद्र मद्धेशिया, रंजीत मद्धेशिया, मुकेश मद्धेशिया, राजकिशोर, कार चालक ओम प्रकाश, कुसमहा गांव के धुरचिया टोला निवासी भीम यादव, योगेंद्र मद्धेशिया के बहनोई बजरंगी, बारात में जाने के लिए देर रात को घर से ओमप्रकाश के कार से निकले थे। शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बरातियों की गाड़ी रविवार की रात पेड़ से टकरा गई।इसमें दूल्हे के तीन चचेरे भाईयों समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोग

**● छोटी गंडक नदी के रगरगंज घाट पर एक ही चिता पर सभी शवों का किया गया अंतिम संस्कार**

जीवन और मौत से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में जूझ रहे हैं ।सोमवार को दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव दरवाजे पर पहुंचा तो रिश्तेदारों और गांव वालों की भीड़ जुट गई, महिलाएं चीखने लगी, अंतिम संस्कार से पहले दरवाजे से शव को अलग-अलग बयान पर लेकर गए छोटी गंडक नदी के रगरगंज घाट पर पहुंचे, जहां एक ही चिता पर सभी शव को जलाया गया, चिता में आग लगने के बाद घाट पर मौजूद लोगों की आंखें भर आई और परिवार के सदस्य दहाड़े मारने लगे। चरगंवा से सभी शव निकली तो रगरगंज घाट पर एक हजार से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ गई, कई थानों की पुलिस भी घर से लेकर घाट तक तैनात रही। घाट पर जो दृश्य था, उसे देख वहां मौजूद लोगों के मुंह से सिर्फ एक ही बात निकल रहा था ॅहे भगवान यह क्या किए।

## युवक की सड़क हादसे में मौत

सीतापुर।सकरन इलाके में भांजे के तिलक समारोह में अपने बेटे के साथ बाइक से जा रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई उनकी मौत की खबर पाकर परिवार में कोहराम मच गया। कस्बा सकरन निवासी शिक्षक व श्री रामचन्द्र जी ट्रस्ट यज्ञ समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगौती प्रसाद यादव के छोटे पुत्र दीपू यादव (32) रविवार को अपने पुत्र अंकुश (10) को साथ लेकर हरगांव थाना क्षेत्र के गुरधपा गांव को अपने भांजे के तिलक समारोह में बाइक से जा रहे थे साम करीब 6-30 बजे लहरपुर हरगांव मार्ग पर रानीफार्म मुद्रासन के पास उनकी बाइक अचानक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई ।

## विकास कार्यो मे भारी अनियमितता मिलने पर डीपीआरओ ने प्रधान को लगाई फटकार



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील के ग्राम सभा नौगावां मे सोमवार को मण्डल आयुक्त गोरखपुर के आदेश पर सीडीओ द्वारा नामित जांच अधिकारी डीपीआरओ कुशीनगर आलोक प्रियदर्शी पहुंचे। डीपीआरओ ने पूरे गांव मे घूम कर और घर-घर जाकर विकास कार्यों का जांच किया ।विकास कार्यों मे भारी अनियमितता मिलने पर प्रधान शैलेष जायसवाल को फटकार भी लगाया। डीपीआरओ ने जांच मे कोई भी कार्य कार्ययोजना के अनुसार न पाकर भड़क गये। ओमप्रकाश के घर से बाड़ी नदी तक भूमिगत नाली का जांच किया जो अभी आधा कार्य ही हुआ था और भूगतान पूरा हो गया था।पानी टंकी में मिट्टी कार्य के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान से पुछा गया तो उन्होंने ने बताया कि पानी टंकी के बाउंड्री के अन्दर और बाहर दोनों जगह मिट्टी कार्य का कार्य हुआ है। भूगतान भी हो गया है।

जबकी अधिशासी अधिकारी जल निगम द्वारा लिखित साक्ष्य दिया गया है कि यहां का मिट्टी कार्य हमारे संस्था द्वारा कराया गया है ।इसी प्रकार अहमद के घर से राहुल के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य मौके पर नहीं मिला और कागज मे हो गया है, भूगतान भी हो गया है। अहमद के घर से मेहंदी के घर तक और सुल्तान के खेत से मनी के खेत तक नाली निर्माण का भूगतान हो गया है और कार्य नही हुआ था। जटहा बाबा के स्थान पर अमृत सरोवर व पोखरा खुदाई एक ही जमीन पर कर दिया गया है। बीस वर्ष पहले से ईट भठ्ठे का गड्ढा था, जिसपर पोखरे के नाम पर भूगतान हो गया है, जबकि खतौनी मे यह जमीन देव स्थान के नाम से दर्ज है। अमृत सरोवर के नाम पर भी भूगतान हो गया है लेकिन मौके पर कुछ भी नही हुआ था। इस अवसर पर प्रभारी एडीओ पंचायत कसया नीरज चतुवेर्दी, ग्राम पंचायत सचिव पवन गुप्ता, ग्राम प्रधान शैलैष जायसवाल, शिकायतकर्ता रामप्रसाद पाल, राजबहादुर राव, डा० सलमान अंसारी ग्रा०पं०सदस्य, चन्द्रभान पाल, ओमप्रकाश चौहान, रियासत अली ग्रा०पं०सदस्य,संजीव गुप्ता ग्रा०पं०सदस्य, गोपाल पाल, वजीर अंसारी, नन्द किशोर गोंड, मस्तराज गोंड, पंचायत मित्र राजकुमार, अहमद ग्रा०पं०सदस्य मिन्टू, सुर्यबली चौहान, इस्माईल, महेंद्र गोंड, योगेन्द्र गोंड आदि ग्रामिण उपस्थित थे।

## एपी महाविद्यालय में चोरी, 6.5 लाख व चार लैपटॉप चुरा ले गए चोर

**कुशीनगर।** जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित एपी महाविद्यालय के प्रबंधक कक्ष का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने बीतीरात 6.5 लाख नगद तथा चार लेपटॉप चुरा ले गए।सुबह चोरी की सूचना मिलने के बाद प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया है ।पुलिस को दिये तहरीर में प्रबंधक मंसूर आलम अंसारी ने कहा है कि सोमवार की परीक्षा कराने के लिए रविवार को महाविद्यालय का कार्यालय खुला था और तैयारी करने के बाद शाम को कार्यालय बंद कर सभी लोग घर चले गए।बीतीरात को अज्ञात चोरो ने महाविद्यालय में घूस कर प्रबंधक कक्ष में रखे दो अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें करीब 6.5 लाख तथा चार लैपटॉप चुरा ले गए।इस संबंध में थानाध्यक्ष कुबेरस्थान स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में अभियोग पंजीकृत हो गया है।कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## चोरों ने नकदी व जेवर समेत करीब दो लाख की संपत्ति की पार

**सीतापुर।** बंद पड़े घर से चोरों ने एक लाख की नकदी व जेवर समेत करीब दो लाख की संपत्ति चोरी कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल करते हुए केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी। महमूदाबाद के बीबीपुर मोहल्ले में रह रही कंचन सिंह पत्नी अभिमन्यु सिंह परिवार में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 17 अप्रैल को अपने पैतृक गांव रामपुरकलां के सूरजनपुर को घर में ताला बंद कर गई थीं।21 अप्रैल की सुबह वापस आने पर देखा मेन गेट का ताला व कुंडा टूटा पड़ा था।अंदर कमरे का ताला भी टूटा पड़ा था। कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़ एक लाख रुपए की नकदी, दो सोने की चैन व एक अंगूठी समेत करीब दो लाख की संपत्ति चोरों ने चोरी कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की।एसएसआई अरविंद कटियार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

## नलकूप कनेक्शन में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर एसी कार्यालय पर भाकियू करेगी किसान पंचायत

जिला संवाददाता

देवरिया ।भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई की मासिक बैठक सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही के अध्यक्षता में हुई। बैठक में आने वाले दिनों में भीषण गर्मी में मोटर से सिंचाई करने पर जोर दिया गया।

भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि पूरे जनपद के सभी 33/11 केवीए विद्युत उप केंद्रों से जुड़े बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा नलकूप कनेक्शन के नाम पर भारी मात्रा में धन उगाही की जा रही हैं जिससे किसानों में आक्रोश है ।श्री शाही ने कहा कि किसानों के एक नलकूप कनेक्शन का सात हजार से लेकर दस हजार रुपए विद्युत कर्मियों द्वारा मांगा जा रहा हैं।जो दे रहा हैं उसका कनेक्शन आसानी से हो जा रहा हैं और जो रुपए नहीं दे रहा हैं उसका रिपोर्ट नहीं लगाया जा रहा हैं।मण्डल संयोजक शहीद ख्वाजा मंसूरी ने कहा कि खेती में लागत बढ़ती जा रही हैं जिससे खेती घाटे का सौदा होता जा रहा हैं।लागत कम करने के लिए सरकार ने नलकूप फ्री सिंचाई योजना पिछले साल लांच की ।मगर यह योजना बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण के भ्रष्टाचार के कारण धरातल पर नहीं दिखाई दे रहा हैं। भाकियू जिला महासचिव धनंजय सिंह ने कहा कि आज स्थिति यह है कि कोई भी ऐसा गांव नहीं है जहां कम से कम 10 मोटर न हो मगर 7 हजार से 10 हजार रुपए न देने के कारण कनेक्शन नहीं हो पा रहा हैं। भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता किसानों के इस गंभीर समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर किसान पंचायत करने की तैयारी में जुटे हुए है। भाकियू जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि दिनांक 23 अप्रैल दिन बुधवार को भाकियू के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिलाधिकारी एवा अधीक्षण अभियंता को पत्रक दिया जाएगा। बैठक में भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयकरण शाह जिला उपाध्यक्ष पंचानंद मिश्रा,जिला सलाहकार मदन चौहान जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह जिला मंत्री प्रभु दयाल सिंह शिवाजी चौहान सुरेन्द्र चौहान गोविंद गुप्ता सत्याग्रह सरोज रामकिशुन चौहान रामाश्रय यादव दिग्विजय नारायण कुशवाहा रामाशीष जायसवाल शेषनाथ सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को किया जागरूक



**सीतापुर।** विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों ने पूरे गांव की गलियों में जाकर नामंकन कराए जाने व सभी को शिक्षा से जोड़ने का महत्त्व बताया। साथ मे अध्यापक भी मौजूद रहे।विद्यालय की विभिन्न सुविधाओं के बारे में लोगों को बताया।सकरन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्ली के विद्यार्थियों व अध्यापकों ने माइक, साउंड व ढोल नगाड़ों के साथ गली मोहल्लों में जाकर अभिभावकों व बच्चों को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत लोगो को जागरूक कराया।स्कूल में बुनियादी व मॉडर्न शिक्षा को लेकर विभिन्न प्रकार के संसाधन उपलब्ध हैं। विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत आता है।बच्चों ने एक स्वर में स्कूल चलने को प्रेरित किया।विद्यालय में समय समय पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम कराए जाते हैं, इसमे सर्वोत्तम कार्य के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है।विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता अच्छी होने के कारण 7 बच्चों का चयन राजकीय आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय में हुआ है, 5 बच्चियां व 2 बच्चे शामिल हैं। विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, खेलकूद के विभिन्न उपकरण मौजूद हैं।अध्यापकों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहती है।स्कूल चलो अभियान की रैली में इ प्रधानाध्यापक रामानुज अवस्थी, सहायक अध्यापक पुष्कर, अनुदेशक वंदना यादव व अध्ययनरत बच्चे उपस्थित रहे।इ प्रधानाध्यापक रामानुज अवस्थी ने बताया कि सभी अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चे को शिक्षा से वंचित न रखें।अपने बच्चों को विद्यालय जरुर भेजें।

## कर्नाटक के दिव्यांग ने 59 देशों की यात्रा कर फैलाई जागरूकता

**सीतापुर।** सपनों की कोई सीमा नहीं होती, यह साबित कर दिखाया है कर्नाटक के दिव्यांग समाजसेवी बी.वी. नारायणा ने।मोटर चालित ट्राई साइकिल पर सवार होकर उन्होंने अब तक 96,000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है और 59 देशों का भ्रमण कर चुके हैं। उनका एक ही उद्देश्य है कि

**● जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया उनका आत्मीय स्वागत**

समाज को दिव्यांगता, सड़क सुरक्षा, रक्तदान, अंगदान और जागरूकता के महत्व को समझाना। सोमवार को नारायणा अयोध्या से होते हुए सीतापुर पहुंचे, जहां जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने उनका आत्मीय स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से उनके लिए भोजन, विश्राम व आवास की उचित व्यवस्था की गई। जिलाधिकारी ने उनके अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नारायणा जैसे प्रेरणादायक व्यक्तित्व समाज को नई दिशा दे सकते हैं। नारायणा ने बताया कि यह यात्रा उन्होंने महज भ्रमण के लिए नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश देने के उद्देश्य से शुरू की थी। वे स्वयं दिव्यांग हैं, लेकिन





उन्होंने अपनी शारीरिक स्थिति को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। 18 वर्ष की आयु में उन्होंने यह यात्रा आरंभ की और 1978 से 1980 तक का पहला विश्व भ्रमण पूरा किया।अब तक वे गल्फ देशों, अफ्रीका, नॉर्थ अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड और अन्य कई देशों की यात्रा कर चुके हैं।

### बचपन से बचाव तक-हर मोड़ पर संदेश

नारायणा का कहना है कि यदि समाज सजग हो जाए तो कई प्रकार की दिव्यांगता को रोका जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिए कि बच्चों को समय पर पोलियो ड्रॉप्स दी जाएं, विवाह से पूर्व रक्त समूह की जांच अवश्य कराई जाए, बच्चों को कम उम्र में वाहन न दें, नशे की स्थिति में वाहन चलाने से बचें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।

### दिव्यांगों को भी आत्मनिर्भर बनना होगा

उन्होंने यह भी अपील की कि जो लोग पहले से दिव्यांग हैं, वे गुणवत्ता पूर्ण उपकरणों का ही प्रयोग करें और अनावश्यक सरकारी छूटों की अपेक्षा न करें।आत्मनिर्भरता ही सच्चे सम्मान की राह है।

### सीमित शिक्षा, असीम प्रेरणा

सिर्फ कक्षा 10 तक पढ़ाई करने वाले नारायणा ने यह सिद्ध कर दिया है कि सेवा, समर्पण और संकल्प के आगे शैक्षणिक डिग्रियां भी छोटी पड़ जाती हैं।वे कहते हैं, ॣमैं चाहता था कि कोई और बच्चा अपंग न हो, इसी सोच ने मुझे दुनिया में संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।अब मेरा सपना धीरे-धीरे पूरा हो रहा है।

### एक ट्राई साइकिल, एक सपना, और अनगिनत संदेश

बी.वी. नारायणा की यह यात्रा पहियों पर चलती एक क्रांति है, जो हर उस व्यक्ति को झकझोरती है।

## 3 बैटरी चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा बैटरी चोरी करने वाले तीन अभियुक्तगणों को दो बैटरी सहित गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना रसूलपुर पर पंजीकृत चोरी के मुकदमे में शाकिर पुत्र मौहम्मद शमीम निवासी मौहल्ला अशरफगंज थाना रसूलपुर को एक अवैध चाकू कोतवाली इटावा एवं शिवम कुमार पुत्र प्रदीप कुमार निवासी सैलई की पुलिया प्रताप नगर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को नई बस्ती खंजापुर भट्टा के पास है।

## ई रिक्शा चालक यूनियन ने किया बैठक का आयोजन

**लहरपुर/सीतापुर।** सेवा ई रिक्शा चालक यूनियन लखनऊ मंडल की एक बैठक नगर के मोहल्ला विकास नगर में यूनियन के महामंत्री अजीत वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में संगठन को गति देने के उद्देश्य से महामंत्री अजीत वर्मा ने आकाश निषाद को जिलाअध्यक्ष ,विकास भारती को जिलाउपाध्यक्ष , रामानुज को जिला सचिव का दायित्व सौंपा, उन्होंने बताया कि रिक्शा चालकों की हर समस्या के निदान के लिए संगठन कृत संकल्प है उन्होंने मनोनीत जिला अध्यक्ष आकाश निषाद से एक सप्ताह के अंदर जिले की पूरी कार्यकारिणी गठित करने का आग्रह किया जिससे संगठन को और अधिक संगठित किया जा सके। इस अवसर पर ई-रिक्शा संचालन के समय रिक्शा चालकों के समक्ष आने वाली समस्याओं पर भी विचार किया गया।

आकाश निषाद को सेवा ई रिक्शा चालक यूनियन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

## कार चालक का संतुलन बिगड़ा,चार लोग घायल

**सीतापुर।** रामकोट थाना इलाके में बिहार से उत्तराखंड जा रहे एक परिवार की कार नेशनल हाईवे पर पलट गई।जिससे कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा रामकोट थाना क्षेत्र के कटीली इलाके में हुआ जब कार चालक ने बाइक सवार को बचाने की कोशिश की।जानकारी के अनुसार रामकोट इलाके में विजय नामक व्यक्ति अपने परिवार के साथ कार से बिहार से उत्तराखंड की ओर जा रहा था।जैसे ही उनकी कार सीतापुर के कटीली क्षेत्र से गुजर रही थी, अचानक सामने से आ रही एक बाइक को बचाने की कोशिश में कार चालक का संतुलन बिगड़ गया।तेज रफ्तार कार सीधे डिवाइडर से टकराई और सड़क पर पलट गई ।हादसे के समय कार में विजय के अलावा उनकी पत्नी प्रमिला, बेटी मनीष और बेटा अमन कुमार मौजूद थे।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के पलटते ही चारों लोग कार के अंदर ही फंस गए। आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।सूत्रों के मुताबिक, घायल विजय, उनकी पत्नी प्रमिला और बेटी मनीष की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# महिलाओं की भागीदारी

यह देश, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद सकारात्मक है कि धीरे-धीरे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना, शैक्षिक संस्थाओं में अधिक से अधिक लड़कियों का नामांकन, पंचायतों में आधे से अधिक पदों पर महिलाओं का काबिज होना, जैसे तथ्य बताते हैं कि जेंडर जस्टिस के लिए बीते दो-तीन दशकों में किये गये प्रयास अब सार्थक हो रहे हैं और यह दिखने भी लगा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की नई रिपोर्ट 'वीमेन एण्ड मेन इन इंडिया 2024' उत्साहवर्धक प्रगति के साथ ही अभी भी बरकरार चुनौतियों की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अहम निष्कर्षों में से एक यह भी है कि देश की श्रम शक्ति, शासन और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। ध्यान देने वाली बात है कि महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 2017-18 के 23.2 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 41.7 फीसदी हो गई। यह बड़ी उपलब्धि है। मगर पुरुषों की 77.2 फीसदी भागीदारी से काफी कम है और विश्व बैंक के अनुसार दुनिया भर में महिलाओं के 50 फीसदी



भागीदारी के औसत से बहुत कम है। इससे पता चलता है कि न केवल अवसरों में अंतर है बल्कि व्यवस्थागत हालात भी ऐसे हैं जो महिलाओं को हतोत्साहित करते हैं। किंतु उत्साहित करने वाली बात यह है कि ग्रामीण और शहरी दोनों ही इलाकों में वेतन के बीच अंतर लगातार कम हो रहा है। जुलाई से सितंबर 2023 और अप्रैल से जून 2024 के बीच शहरी महिलाओं के वेतन में सबसे ज्यादा 5.2 फीसदी इजाफा देखा गया। फिर भी इस बदलाव के साथ-साथ एक अन्य महत्वपूर्ण रुझान देखने को मिला और वह है मुफ्त के घरेलू कामों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना। समय के इस्तेमाल से जुड़े टाइम यूज सर्वे के मुताबिक 'परिवार के सदस्यों के लिए बिना वेतन घरेलू काम' की अवधि महिलाओं के लिए 236 मिनट है, जबकि पुरुष रोजाना इसमें औसतन 24 मिनट ही देते हैं। इससे दोहरे बोझ की बात पता चलती है। महिलाएं कमाने बाहर भी जा रही हैं और घर के भीतर पूरा काम भी संभाल रही हैं। इससे श्रम शक्ति में भागीदारी की महिलाओं की क्षमता कम हो जाती है और दिखाती है कि सामाजिक मानक घरेलू श्रम की कद्र नहीं करते। यह रिपोर्ट विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवाओं के क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले प्रतिष्ठानों की संख्या में इजाफा बताती है। यह न केवल महिलाओं में बढ़ती उद्यमिता की भावना को दर्शाता है बल्कि पता चलता है कि उपक्रमों के स्वामित्व में स्त्रियों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। महिलाओं का वित्तीय समावेशन भी बढ़ा है मगर आधार कम है। मार्च 2024 में सभी बैंक खातों में महिलाओं के स्वामित्व वाले खाते 39.2 फीसदी थे और कुल जमा में महिलाओं की हिस्सेदारी 39.7 फीसदी था। पूंजी बाजारों तक पहुंच का भी विस्तार हुआ है और महिलाओं के डीमैट खाते 2021 से 2024 के बीच तीन गुना बढ़े हैं। निर्णय लेने वाले पदों पर रिपोर्ट मिले-जुले नतीजे दिखाती हैं। पंचायती राज संस्थानों में स्त्री-पुरुष संख्या लगभग बराबर है मगर लोक सभा में महिलाओं की संख्या घटी है। चुनावी राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर जोर के बावजूद 18वीं लोक सभा में कुल निर्वाचित सदस्यों में केवल 13.6 फीसदी महिलाएं हैं। यह चिंताजनक है क्योंकि सर्वोच्च विधायी स्तर पर महिलाओं का समुचित प्रतिनिधित्व आवश्यक है। व्यापक सुरक्षा चिंताएं, सामाजिक धारणाएं और पारिवारिक बाधाएं अब भी महिलाओं की भागीदारी की राह रोक रही हैं। इन्हें हल करने के लिए सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार करना होगा और व्यापक जागरूकता अभियान के साथ स्त्रियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ानी होगी। जहां तक राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात है, तो इस गैप को पूरा करने के लिए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है और सांविधानिक प्रावधान से 2029 के लोकसभा चुनाव में कम से कम 180 सांसद महिलाएं होगी। इसी तरह विधानसभाओं और कार्यपालिका में भी भागीदारी बढ़ेगी और समग्र रूप से जेंडर जस्टिस का सपना पूरा होगा।

## विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

–हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

# देश को हैरान करती है ममता की सियासत



वीना सुखीजा



मुर्शिदाबाद में दंगों के बाद शांति कायम करने की जगह इमामों की बैठक बुलाना, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महज भाजपा के खिलाफ नफरतभरी राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं थी, यह एक तरह से बहुसंख्यक हिंदुओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी प्रतिक्रिया थी। भला कोई कैसे यह स्वीकार कर सकता है कि जब अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय इस कदर डरा हो कि घरों से भागकर स्कूलों और अस्पतालों में शरण लिए हुए हो, उस समय ममता बनर्जी शांति कायम करने के लिए उनके बीच जाने की बजाय इमामों के साथ विचार-विमर्श करें? उनके एक मंत्री ने तो मीडिया द्वारा अल्पसंख्यकों के गांवों से पलायन पर यह तक कह दिया कि पलायन कोई प्रदेश से बाहर थोड़े हुआ है।

आखिरकार मुर्शिदाबाद के कुछ गांवों से लोग पश्चिम बंगाल में ही तो दूसरी जगह गये हैं। मुर्शिदाबाद में जो कुछ हुआ है, उसकी अब धीरे धीरे परतें खुलकर सामने आ रही हैं और उनका खुलासा न सिर्फ लोगों को दहशत से भर रहा है बल्कि यह सोचने पर भी मजबूर कर रहा है कि ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए किस हद तक राज्य की कानून और व्यवस्था से जोखिम का खिलवाड़ कर सकती हैं? ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में पिछले 14 सालों से मुख्यमंत्री हैं, इसके बाद भी वह दंगों के लिए अमूर्त रूप से केंद्र सरकार और बांग्लादेश की तरफ अंगुली उठाती हैं, जबकि जिस भी मीडिया ने मौके से ईमानदार रिपोर्टिंग की है, वह हालात देखकर हतप्रभ रह गया कि किस तरह यह दंगा सरकार और प्रशासन की न सिर्फ लापरवाही बल्कि अप्रत्यक्ष निष्क्रियता का नतीजा थी। मगर बंगाल में टीएमसी की सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे साजिश बताने में लगी रहीं। जबकि अगर प्रशासन ईमानदार और संवेदशील होता तो दंगे हर हालात में रोके जा सकते थे। यह तो शुक्र मनाइये कि दंगे सिर्फ एक सीमित इलाके तक ही सिमटे रहे वर्ना जिस तरह से दंगाईयों ने बेफ्रिक होकर चुन चुनकर अल्पसंख्यक हिंदुओं के घरों को जलाया और न सिर्फ धारदार हथियार से की गई हत्याओं को फिल्माया गया बल्कि उसे बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में भी वायरल किया गया, जो एक तरह दहशत को बड़े पैमाने पर फैलाने की कोशिश थी। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर मौके का दौरा करके जिस मनःस्थिति में पहुंच गईं, वैसा बहुत कम होता है। जब मीडिया के लोगों ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा से पीड़ित महिलाओं से मिलने के बाद उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उनके जुबान से कोई शब्द नहीं निकला, बाद में वह बोलीं कि 'मैंने मुर्शिदाबाद में पीड़ित महिलाओं की जो स्थिति देखी है, वह परेशान करने वाली है। मेरे लिए उनकी प्रतिक्रिया को शब्द देना मुश्किल है, मैंने अपने जीवन में इतना दर्द पहले कभी नहीं देखा और जो कुछ देखा है, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, मैं निःशब्द हूं।' मुर्शिदाबाद में राजनीतिक रूप से सिर्फ तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की ही मौजूदगी है। इसके बावजूद ममता बनर्जी पूरी कोशिश कर रही हैं कि दंगे की साजिश का आरोप भाजपा या केंद्र सरकार पर मढ़ दिया जाए। जब इस पर उनका दावा कुछ कमजोर लगने लगा तो उन्होंने बांग्लादेशी कट्टरपंथी संगठनों और बीएसएफ की तरफ अंगुली उठाने की कोशिश की। जबकि वह खुद मौके पर जाकर शांति कायम करने की कोशिश नहीं की। बार बार सिर्फ यही कहती रहीं कि मैं और मेरा राज्य वक्फ कानून को नहीं मानता।

> मुर्शिदाबाद में राजनीतिक रूप से सिर्फ तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की ही मौजूदगी है। इसके बावजूद ममता बनर्जी पूरी कोशिश कर रही हैं कि दंगे की साजिश का आरोप भाजपा या केंद्र सरकार पर मढ़ दिया जाये।

**चिंतन**

यह कैसी दलील है? जब कोई कानून संसद में पास होता है और राष्ट्रपति उस पर हस्तक्षर कर देते हैं तो किसी राज्य को न चाहते हुए भी यह हक कौन देता है कि वह उस कानून को नहीं मानेगा और सार्वजनिक रूप से यह कहना कि वह इस कानून को नहीं मानती, क्या यह दंगाईयों को उकसाने जैसा नहीं था? वास्तव में मुर्शिदाबाद में जो कुछ हुआ, वह दंगा नहीं बल्कि एक समुदाय द्वारा पूरी तैयारी के साथ दूसरे समुदाय के जनसंघार की कोशिश थी। अगर ऐसा न होकर यह स्वाभाविक दंगा होता तो दोनों तरफ से दंगें की कोशिशें होतीं। ऐसा नहीं हो सकता कि एक ही समुदाय की सौ फीसदी दुकानें जलायी जाएं, एक ही समुदाय को सौ फीसदी घरों से भगाने और पलायन करने के लिए मजबूर किया जाए, फिर भी पुलिस यह कहे कि वह पूरी ताकत से पुलिस बल का इस्तेमाल नहीं करेगी बल्कि न्यूनतम बल का प्रयोग किया जायेगा। आखिर आप किसे संदेश दे रहे थे, यह दंगाईयों को प्रोत्साहित करने जैसा था? जब पुलिस प्रशासन को धीमी गति से चलने के लिए निर्देश देता है तो पुलिस वाहन टूट जाते हैं, अधिकारी घायल हो जाते हैं। अगर वास्तव में मुर्शिदाबाद के दंगों पर पुलिस और प्रशासन ने ईमानदारी से दृढ़ता दिखायी होती तो यह स्थिति ही नहीं बनती।

यह तो देश का सौभाग्य कहिए कि हिंसा मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों तक ही सीमित रही, पुलिस के न्यूनतम बल के इस्तेमाल के बावजूद तीन चार दिनों में दंगे नियंत्रित हो गये वर्ना ऐसी राजनीतिक और सामरिक विफलता शायद ही पहले किसी राज्य के इतिहास का हिस्सा बनी हो। जबकि पुलिस के पास न सिर्फ सतर्क रहने की वजह थी बल्कि पूरा समय था। देश में दंगों के अनुकूल माहौल था और पहले से ही आशंका थी कि शुक्रवार की नमाज के बाद एक उत्तेजित समुदाय हिंसा की हरकतों पर उतारू हो सकता है। बावूजद इसके बंगाल में और उसमें भी उस मुर्शिदाबाद में जिसे लेकर सबसे ज्यादा आशंका थी, पुलिस किसी अदृश्य इशारे की बिना पर अगर निष्क्रिय नहीं भी रही तो भी उसका निष्क्रिय जैसा व्यवहार रहा। नतीजा यह निकला कि थोड़े से लोगों ने भी कई गांवों के अल्पसंख्यकों को वहां से भागने के लिए मजबूर कर दिया। अगर देश के दूसरे हिस्सों की तरह वक्फ कानून बनने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस और प्रशासन मुस्तैद होते, तो जैसे देश के दूसरे हिस्से में दंगे नहीं हुए, वैसे ही बंगाल में भी दंगा नहीं होता। अगर ममता बनर्जी यह कहती हैं कि उनकी सरकार को ऐसी किसी साजिश की आशंका नहीं थी, तो फिर उनका खुफिया विभाग क्या कर रहा था? जब पूरे देश में सनसनी थी कि 11,12 अप्रैल 2025 को प्रतिक्रिया के नाम पर कई जगह पर दंगे हो सकते है और पुलिस के मुस्तैदी के चलते ये नहीं हुए तो फिर ममता बनर्जी की सरकार को आखिर क्यों ऐसा लग रहा था कि कुछ नहीं होगा?

जब किसी वक्त विशेष में माहौल तनावभरा हो तो उसे नियंत्रित करना आसान होता है। 1992 में बाबरी मस्जिद मुद्दे पर पूरे देश में तनाव था और 6 दिसंबर के बाद पूरे देश को हाई अलर्ट पर रखा गया था, तब भी कोलकाता के हावडा इलाके में बेहद तनावपूर्ण स्थितियां थी, लेकिन तत्कालीन वामपंथी सरकार ने ऐसे मौके पर राजनीति नहीं की बल्कि हर हालात में कानून और व्यवस्था को बनाये रखने की कोशिश की। नतीजतन दंगे होने से बचे गये। लेकिन ममता बनर्जी एक साल बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों में भला मुस्लिम मतदाताओं को नाराज करने की जहमत कैसे उठा सकती थीं? इसलिए उन्होंने न केवल वक्फ कानून के बाद पूरे देश में हो गई तनावपूर्ण स्थिति से कोई संज्ञान नहीं लिया बल्कि पुलिस प्रशासन ने तो अपनी तरफ से यह संदेश देने की भी कोशिश की कि दंगे होने पर पुलिस न्यूनतम बल का इस्तेमाल करेगी। ये सारी स्थितियां इस बात का सबूत हैं कि मुर्शिदाबाद के दंगों को न तो ईमानदारी से नियंत्रित किया गया और न कोई ऐसी मंशा जतायी गई? यह स्थिति भयावह है। ममता बनर्जी बंगाल विधानसभा पर कब्जा बनाये रखने के लिए जिस तरह की सियासी हरकतें कर रही हैं, उससे देश का लोकतंत्र उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

## सोशल मीडिया

जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुन: आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने को लेकर राज्यों व केंद्र के बीच विवाद से देशहित प्रभावित होना स्वाभाविक है। मायावती.



आज छावनी परिषद लखनऊ के विस्थापित 17 परिवारों प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा आवंटित फ्लैट की चाबी प्रदान की। राजनाथ सिंह.



इटावा लायन सफारी से यह खुशखबरी आयी है कि शेरनी रूपा ने तीन स्वस्थ शावकों जन्म दिया है, आशा है समर्पित स्टाफ उनकी अच्छे से देखभाल करेगा, सबको बधाई! अखिलेश यादव.



# संगत का असर

**अंतर्दृष्टि**

हरेक मनुष्य पर उसके सामाजिक वातावरण का प्रभाव अवश्य पड़ता है। बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये।

दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वैष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# मनुष्य के दुखों की शुरुआत

**व्यंग्यलोक**

वैसे तो मनुष्य के दुःखद अध्याय की शुरूआत उसके किसी एक अदद औरत के पति बनने के साथ ही शुरूहो जाती है, परन्तु किसी कमाऊ पत्नी का पति होना तो घोर विपत्ति का कारण हो जाता है और चाहते हुए भी आदमी उस असम्मानजनक हालात से उबर नहीं पाता है। मुझे पत्नी मिली और वह भी कमाऊ। मैं जिन दिनों चोले-पाजामे पर झोला लटकाये, दाढ़ी बढ़ाये, अपने जीवन को संवेदनशील काव्य के जरिये ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सक्रिय था, उन्हीं दिनों मेरे जीवन में एक कमाऊ बीवी का अशुभ आगमन हुआ और तब से मेरे व्यक्तिगत तमाम मसले बद से बदतर होते जा रहे हैं। कई बार जब आज भी सोचता हूँ कि यकायक मेरे शान्त जीवन में यह भूचाल क्योंकर आया? मैंने अपनी कमाऊ बीवी के सामने अपने कवि को मान्यता दिलाने के लिए लाख सिर पीटा, परन्तु उसने मुझे कभी मान्यता नहीं दी और हर बार जैसे मैं बड़ी बेवकूफी भरी बात कर रहा हूँ, हँसकर टाल दिया। मुझे तो अनेक बार ऐसा भी लगा कि मेरा कवि होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है उसके लिए। सनकी और अर्द्धविक्षिप्त समय पर उसने फकत अपने भाग्य की विडम्बना ही माना है मुझे, पति बनने के बाद अल्पावधि में वह मुझे दो मासूम थमाकर और भी निष्क्रिय हो गयी। मैं गृहस्थी की गाड़ी में पिल गया। बच्चों को नहलाना-धुलाना, खिलाना-पिलाना अथवा स्कूल छोड़ आना, यही कार्य मेरी दिनचर्या के मुख्य भाग बनकर रह गये। इन स्थितियों से मुक्ति पाने को लाख छटपटाया, परन्तु कमाऊ बीवी ने कभी नहीं चाहा कि मेरी औकात इससे हटकर बने। अनेक बार मैंने उसके समक्ष नौकरी का प्रस्ताव रखा तो उसने मेरी दिनचर्या के काम बताकर चुप करा दिया। मैंने तर्क भी दिया कि मेरे अस्तित्व इस तरह के कार्यो के लिए नहीं है। मैं एक संवेदनशील साहित्यकार हूँ। मेरा धर्म सृजन है। मेरा इस तरह गृहस्थी के काम-धाम में पिल जाने से साहित्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। परन्तु उसके कानों पर जूँ नहीं रेंगी। उसने सृजन के नाम पर दोनों सन्तानें दिखा दीं और नौकरी के नाम पर घर की सार-सम्भाल बता दी। मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि मेरे साहित्यकार का हश्र एक दिन ऐसा होगा। ईमानदारी से कहता हूँ उसके जीवन में दो पल भी मेरे लिए नहीं बचे हैं। यही क्या सारी बातों की विपदाओं के साथ उपदेशों की घुट्टी पृथक से पीनी पड़ती है। नल आ गया था और आप पानी भी नहीं भर सके। बैठे-बैठे सब्जी-मण्डी से ताजी सब्जियाँ ही खरीद लाते। एक बार की घटना और सुनाऊँ। मैंने कविता लिखी और प्रथम श्रोता व पाठक की हैसियत से उसे सुनाना चाहा तो उसने कानों में उँगली डालकर तौबा कर ली, कहा-'माफ करिये, कविता से मुझे परहेज है। हाजमा खराब हो जाता है तथा अन्य कई ट्रबल्स खड़ी हो जाती हैं।



पूरन सरमा

# चिलचिलाती गर्मी में सुपर ड्रिंक है 'नारियल पानी'



खान-पान

यूं तो नारियल पानी कभी भी पीना फायदेमंद होता है, लेकिन चिल चिलाती गर्मियों में सुबह सुबह पीया गया एक ग्लास नारियल पानी हमें न केवल दिनभर हाइड्रेट रखता है बल्कि एनर्जी से भी लबालब रखता है। इसीलिये इसे सेहत का सुपर ड्रिंक कहते हैं। आहार विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर आपको नारियल पानी को लेकर कोई व्यक्तिगत हेल्थ ईश्यू नहीं है तो गर्मियों में इससे बढ़िया सुबह का कोई दूसरा ड्रिंक हो ही नहीं सकता। अप्रैल, मई और जून के आग बरसते दिनों की शुरूआत नारियल पानी के साथ करते हैं, तो आप दिनभर एक्टिव और फिट रहेंगे, लू आपके नजदीक नहीं फटकेगी। क्योंकि नारियल एक ऐसा नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद करीब करीब सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**मिनिरल्स का खजाना**

नारियल पानी ताजा, टेस्टी और हाइड्रेटिंग होता है। इसमें विटामिंस, खनिज और इलेक्ट्रोलाइट्स पाए जाते हैं। आहार विशेषज्ञों के मुताबिक गर्मी के मौसम में नारियल पानी को समर ड्रिंक के तौर पर अपनाना एक बुद्धिमानी भरा फैसला है। क्योंकि इसमें सभी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम होते हैं, जो गर्मी में पसीने से खोए मिनरल्स को पूरा करते हैं।

**डिहाइड्रेशन से राहत**

नार्मल पानी के मुकाबले यह ज्यादा तेजी से हमारे शरीर को हाइड्रेट करता है। नारियल पानी हमें थकावट, चक्कर आने और लू लगने से बचाता है। यह लो कैलोरी और नो फैट ड्रिंक है यानी इसके पीने के बाद वजन नहीं बढ़ता। एक ग्लास नारियल पानी में सिर्फ 40-50 कैलोरी ही होती है।

**पेट के लिए अच्छा**

चिलचिलाती गर्मियों में नारियल पानी पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ शरीर को तुरंत ठंडक देता है, बल्कि पेट से जुड़ी कई तरह की समस्याओं में भी तुरंत राहत दिलाता है। मसलन पेट की जलन, अपच और एसिडिटी में इन दिनों नारियल पानी रामबाण है। चूंकि यह भारी नहीं होता, इसलिए इसे खाली पेट भी लिया जा सकता है। गर्मियों में जब भूख कम लगती है या पेट भारी भारी लगता है, तब इसका सेवन काफी राहत देता है। गर्मी में दूषित खाना खाने से अक्सर पेट खराब हो जाता है। ऐसे में नारियल पानी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखता है और दस्त या उल्टी के बाद कमजोरी से लड़ने में मदद करता है।

**क्या यह सबको सूट करता है?**

यह अधिकतर लोगों को सूट करता है। हालांकि यदि आप किडनी के मरीज हैं तो बिना डॉक्टर की सलाह के आधा गिलास भी कभी अपनी तरफ से न पीयें। इसी तरह यूं तो डायबिटिक पेशेंट्स को ताजा नारियल पानी ठीक रहता है, लेकिन सीमित मात्रा में।

**कब पीना ज्यादा फायदेमंद?**

गर्मियों में सुबह खाली पेट नारियल पानी पीना सबसे ज्यादा फायदेमंद है। तेज धूप से कहीं लौटने के बाद के बाद यदि थकान और कमजोरी महसूस हो रही हो उस समय भी नारियल पानी पीना बहुत फायदेमंद है। यदि सिर में हल्का सिरदर्द या थकान महसूस हो रही है उस समय भी नारियल पानी पीना फायदेमंद है। भोजन के बाद नारियल पानी पीना हो तो कम से कम 1 घंटे बाद का अंतराल रखें।

**क्या हर जगह मिलेगा?**

पानी वाले कच्चे नारियल हाल के सालों में देश के हर शहर में मिलने लगे हैं। यही नहीं अब तो हर मौसम में इसकी शहरों में आसानी से उपलब्धता है। दक्षिण भारत के कोस्टल इलाकों (केरल, तमिलनाडु, गोवा, ओडिशा, वेस्ट बंगाल) में नारियल पानी बेहद आसानी से और सस्ते में मिल जाता है। उत्तर भारत के शहरी क्षेत्रों (दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, भोपाल) गर्मियों में ठेले या दुकानों पर 40-60 में एक नारियल आसानी से मिल जाता है, लेकिन कभी कभी कीमत थोड़ी ज्यादा होती है। लेकिन अगर नारियल पानी न उपलब्ध हो तो चिलचिलाती गर्मियों में इन दिनों इसका सहज विकल्प क्या हो सकते हैं? अगर नारियल पानी बहुत महंगा है या उपलब्ध नहीं है, तो ये विकल्प ट्राय करें-

1. बेल का शरबत, गर्मी से राहत देने वाला देसी सुपरड्रिंक।
2. आम पन्ना, कच्चे आम से बना, इलेक्ट्रोलाइट्स और विटामिन से भरपूर।
3. छाछ/मट्ठा, पेट को ठंडा रखने वाला, प्रोबायोटिक युक्त देसी ड्रिंक।
4. नींबू पानी, काला नमक सबसे सस्ता, तेज असर वाला समर ड्रिंक।
5. तरबूज का रस, प्राकृतिक मिठास और डिहाइड्रेशन दूर करने वाला।

नारियल पानी को समर ड्रिंक बनाना शरीर व स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि हर किसी के लिए हमेशा सस्ता या सुलभ हो। लेकिन कई देसी विकल्प भी मौजूद हैं, जो जेब पर हल्के भी हैं और शरीर को गर्मी से बचाते भी हैं। **राज कुमार.**

## आपकी बात

### स्वास्थ्य सेवा को सुधारें

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते। इससे प्राइवेट अस्पताल का कामकाज बढ़ता है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

### अवैध घुसपैठ चिंताजनक

देश में अवैध घुसपैठ बहुत ही खतरनाक है और यह देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। गत महीने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले से समझा जा सकता है कि किस तरह अवैध घुसपैठिए समाज के लिए संकट खड़ा कर रहे हैं। अभी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई उसमें अवैध घुसपैठियों का हाथ बताया जा रहा है। देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा बहुत ही गंभीर है। बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बाकायदा राज्य के गृह विभाग को एक पत्र लिखा गया है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा राज्यों की सीमाओं पर अवैध घुसपैठियों की धरपकड़ अचानक बढ़ गई है और उन्हें वापस बांग्लादेश में खदेड़ा जा रहा है। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसके बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ तलाशी अभियान बढ़ गए हैं। अलबत्ता बांग्लादेश वापस भेजने की कोई खबर नहीं आई है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के गली-मुहल्लों में बांग्लादेशी दशकों से सक्रिय हैं। वे जीवन और समाज का हिस्सा बने हैं। वे रिक्शा चलाते हैं। उनकी औरतें घरों में काम करती हैं। इलाके के ढाबों और दुकानों पर बांग्लादेशी मजदूरी करते हैं। वे सहकारी सोसायटी के फ्लैटों में निर्माण, मरम्मत, बढ़ई, प्लंबर और एयर कंडीशनर मैकेनिक के तौर पर खुलेआम, सालों से काम कर रहे हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज हैं। वे प्रधानमंत्री की मुफ्त अनाज योजना का भी लाभ उठा रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के चुनावी लाभार्थी समूह में भी शामिल हैं और कानूनन वे भारतीय बन गये हैं। उनकी पुश्तैनी जड़ें अधिकतर बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों से जुड़ी हैं। ऐसे में किसे घुसपैठिया करार देंगे और किस पर अवैध प्रवासी का संदेह कर कानूनी कार्रवाई करेंगे? दरअसल बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम राज्यों की सीमाएं लगती हैं और यहीं से घुसपैठ होती है। इसलिए सीमाओं को चाक-चौबंद बनाकर घुसपैठ रोकनी चाहिए।

**चन्द्र प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## गड्ढे में डूबकर बच्ची की मौत

**बांदा।** केन नदी में अवैध खनन के चलते बने गड्ढे में 7 वर्षीय बच्ची की डूबकर मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब चक चटगन गांव की रहने वाली खुशबू पुत्री रमईया निषाद मवेशियों को पानी पिलाने केन नदी गयी थी। नदी में नहाते समय उसका पैर फिसल गया जिससे वह मोरम खनन के बने गहरे गढ्ढे में डूब गई। पास में खड़े चचेरे भाई मुकेश ने शोर मचाया। आवाज सुनकर खुशबू की बड़ी मां संपत और खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े लगभग 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद खुशबू को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन उसे फौरन जिला अस्पताल ले गये लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के चचेरे भाई मदन कुमार ने बताया कि मरौली खंड 5 में मोरम माफियाओं के भारी खनन के चलते जेसीबी से गहरे गढ्ढे खोदे गये हैं। इन गढ्ढों में लबालब पानी भरा रहता है और इनकी वास्तविक गहराई का अंदाजा किसी को नही लग पाता है। बताते चलें कि मरौली खंड 5 बालू खदान में रसूक के चलते बड़े पैमाने पर दिन-रात हैवी मशीनों से अवैध खनन चल रहा है। यहां पहले भी कई लोगों की गहरे गढ्ढों में जान जा चुकी है। लेकिन खनिज और जिला प्रशासन इस खदान पर कार्रवाई करने से बचता रहा है।

## गलियों की सफाई कराने की ईओ से मांग की

**टूंडला।** सामाजिक संस्था आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन ने नगर की गलियों में सफाई कराए जाने हेतु पालिका ईओ को पत्र सौंप कर मांग की है।

नगर के एम पी रोड स्थिति आयुषी पार्लर वाली बंद गली है,जहां से जनहित में मात्र 5 रुपए में गुरु नानक रसोई का भोजन बनकर जाता है,उस गली की नालिया गंदगी से जाम पड़ी है गली के लोगों ने सामाजिक संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता बीएस बेदी को समस्या का समाधान करवाने को कहा जिस पर बीएस बेदी ने नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी को पत्र सौंप नालियों की सफाई करवाने का अनुरोध किया जिस पर अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने बेदी को पूर्ण आश्वासन दिया कि जल्द ही नगर की नालियों की सफाई करा दी जाएगी।

इस ओर कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी गली के रहने वाले डॉ सुनील कुमार सिंह चौहान का कहना है गली में दो दो हफ्ते बीत जाते है लेकिन कोई भी सफाई कर्मचारी जल्दी नहीं आता जिसके चलते नालियों में कचरा जमा हो जाता है।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, भेजा जेल



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** पुलिस ने चार दिन पूर्व नहटौर रोड पर गांव बढ़ापुर निवासी बाइक सवार एक दंपत्ति से लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने पकडे गए बदमाशों का चालान कर उन्हे जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम बढापुर सीकरी निवासी निवासी चेतंन सिंह अपनी पत्नी काजल के साथ 17 अप्रैल 25 को नहटौर रोड से नजीबाबाद जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आकर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक पर बैठी महिला का पर्स व मोबाइल लूटते हुए फरार हो गए थे। बाइक सवार दंपति ने घटना की सूचना पुलिस को दी। किरतपुर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पीडित महिला से जानकारी हांसिल की। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पर्स में 10 हजार रुपए थे जिसे अज्ञात चार बदमाश लूट कर फरार हो गए है। थाना प्रभारी ने घटना को चुनौती के रुप में लिया और द्वारा पुलिस टीम बनाकर घटना का खुलासा करने के लिए बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस व स्वाट टीम ने घटना में शामिल विशाल पुत्र लल्लू निवासी गांव गुर्जरपुरा थाना कोतवाली शहर, निखिल पुत्र राजीव व सागर पुत्र राकेश निवासी गांव नांगल जट थाना हलदौर को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से लूट गया मोबाइल और 6590 रुपए की नकदी और एक बिना नम्बर प्लेट कि बाइक बरामद की है। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में स्वाट टीम प्रभारी सचिन मलिक, सर्विलांस प्रभारी विकास कुमार, उपनिरीक्षक ललित कुमार, रोबिन कुमार, सन्नीराज, अनुराग, सोनू सहगल, गौरव आदि शामिल रहे। थाना प्रभारी का कहना है कि शेष आरोपी अमन पुत्र चेतराम निवासी गांव मिल्क गंगोड़ा थाना हल्दौर की गिरफ्तारी भी शीघ्र कर ली जाएगी।

## दलित युवक के घर फायरिंग, केस दर्ज

**आगरा।** एत्मादपुर के गांव बंगारा में रविवार रात जातीय तनाव की स्थिति बन गई। ठाकुर समुदाय के कुछ लोगों ने एक दलित युवक के घर पर फायरिंग कर दी। रात 9:30 बजे की इस घटना में गोली छत पर रखी पानी की टंकी में लगी, जिससे वह फट गई। पीड़ित पंकज कुमार ने बताया कि शाम को जब वह शौच के लिए जा रहे थे, तब करण सिंह का रिश्तेदार सिंपी, रोहित, शिव सिंह और चार अन्य लोगों ने उन्हें रोका। उन्होंने पंकज से नगला तल्फी के पीड़ित परिवार के घर जाने का कारण पूछा और धमकी दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी पीयूष कांत राय और इंस्पेक्टर विजय विक्रम सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से कारतूस बरामद किए हैं। पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह तनाव 16 अप्रैल की घटना से जुड़ा है। उस दिन नगला तल्फी में एक दलित परिवार की बेटी की शादी थी। वृंदावन से आई बारात पर डीजे की आवाज को लेकर हमला किया गया था। दूल्हे को घोड़ी से उतारकर पीटा गया था। इस घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। रविवार को भीम आर्मी के पदाधिकारी भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों में ताश खेलने को लेकर भी विवाद हुआ था।

# कारागार मंत्री ने किया बिजनौर जेल के इतिहास पर लिखी पुस्तक का विमोचन



**बिजनौर।** केबिनेट मंत्री कारागार दारा सिंह चैहान द्वारा जेल के बाहर बंदियों द्वारा उत्पादित सामग्री कैंटीन का फीता काटकर उद्घाटन किया और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि तथा जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कारागार मंत्री दारा सिंह चैहान ने अपने संबोधन में जिला एवं जेल प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा जेल एवं कैदियों के नैतिक मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यकर्मों को धरातल पर उतार कर मूर्त रूप प्रदान किया गया है निश्चित रूप से यह कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रशंसनीय है। उन्होंने कहां कि राज्य सरकार द्वारा जेल में रह रहे कैदियों के शैक्षिक एवं आर्थिक विकास के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान की जाएगी तथा वर्तमान में कौशल विकास विभाग के सौजन्य से हुनरमंद कैदियों को उनकी पसंद के अनुसार कार्य उपलब्ध कराकर उनका आर्थिक विकास तथा इसी के साथ उनको नैतिक शिक्षा भी प्रदान की जा रही है ताकि सभी कैदी जेल से बाहर आकर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें और अपना एवं अपने परिवार का आर्थिक विकास कर सकें। उन्होंने बंदियों का आह्वान करते हुए कहा कि जेल में रहकर वह आत्म चिंतन करें और अपनी बुराइयों को अच्छाइयों में बदलने का निरंतर रूप से प्रयास करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि महिलाओं के शैक्षिक एवं आर्थिक विकास के लिए भी प्रयत्न करें। उन्होंने बच्चों की रुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार के खिलौने तथा एलईडी की व्यवस्था करें तथा आजीविका मिशन कार्यक्रम से समाजस्य स्थापित कर महिलाओं के समूह बना कर उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। इसी के साथ उन्होंने महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों की उचित शिक्षा का प्रबंध करने और उनके लिए खिलौने एवं एलईडी की व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया। कारागार मंत्री ने जेल अधीक्षक अदिति श्रीवास्तव द्वारा बिजनौर जेल के इतिहास पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया। जेल मंत्री द्वारा जेल के बाहर बनाई गई बंदियों द्वारा उत्पादित सामग्री की कैंटीन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जेल में आयोजित कार्यक्रम में बंदियों द्वारा देश प्रेम पर आधारित गीत एवं नाट्य कार्यक्रम का शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसको मंत्री द्वारा बहुत सराहा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, जेल अधीक्षक अदिति श्रीवास्तव, जेलर रविंद्र नाथ सिंह, जेल चिकित्सक गोपाल चन्द वर्मा, डिप्टी जेलर अरविन्द कुमार, लक्ष्मी देवी, कलावती, सुरेन्द्र सिंह सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा।

# प्राथमिकता पर खोले जायें महिला समूहों के खाते



**बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा ने बैंक प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की। मुख्यमंत्री युवा उद्यम सहित ऋण योजनाओं और एनआरएलएम समूहों के क्रेडिट लिंकेज आवेदनों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आत्मनिर्भरता का जरिया बने ।

स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खाते खोलने को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत बैंको में लम्बित आवेदनों की समीक्षा करते हुए बैंक प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदन पत्रों का गहनता से परीक्षण करते हुए आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण कराने में सहयोग कर शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही करें। उन्होंने पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश बैंक प्रतिनिधियों को दिये।

उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को सीएसआर फण्ड से शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए बच्चों के हितों में कार्य किये जाने हेतु सहयोग प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में सामान्य प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, लीड बैंक मैनेजर एवं सम्बन्धित योजनाओं के अधिकारी तथा बैंकर्स मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ महुआ, नरैनी का चुनाव हुआ निर्विरोध



**बांदा।** टीचर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की महुआ ब्लाक इकाई का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद पर शीतल प्रसाद यादव तथा मंत्री पद पर शिवदत्त त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष पद के लिए राजा भईया सिंह कुशवाहा ने नामांकन किया। इनके विरूद्ध किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नही किया इससे सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गये।

निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला महामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने प्रमाण पत्र दिए, बुद्धराज वर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय लामा ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इसी प्रकार उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ क्षेत्र नरैनी का चुनाव हुआ इसमें जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ केतराम पाल जिला कोषाध्यक्ष की अध्यक्षता में संतोष कुमार तिवारी अध्यक्ष क्षेत्र कमासिन, मनोज कुमार श्रीवास अध्यक्ष क्षेत्र बिसंडा के निर्देशन पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के चुनाव में तीन शिक्षकों ने ही नामांकन किया। इनमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमवारा के शिक्षक मोहम्मद खालिद खान ने अध्यक्ष पद पर, शत्रुघन वीर सहायक शिक्षक नहरी, मंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार सहायक अध्यापक बड़ैछा ने नामांकन भरा। अन्य के नामांकन नही करने से तीनों पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इस दौरान प्रीती गुप्ता, अंजू चैरसिया, सपना नामदेव, सत्यपाल सिंह, राजकुमारी, संतोष वर्मा, राजबहादुर, उमानाथ पांडेय, कुशल, राकेश यादव, चंद्रशेखर सिंह, रामनाथ सिंह, राजा नाती, यशोवर्मन, करूणाशंकर, अखिलेश यादव, आदित्य तिवारी व बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## पुलिस ने चार वांछित आरोपी किए गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों व वारंटियों के विरूद्ध धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात के नेतृत्व में धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित आरोपियों रामनरेश पुत्र राजू वर्मा, गोविंद पुत्र बउवा वर्मा, दिनेश पुत्र रामकृपाल, सुशील कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अरविंद कुमार, कां0 अभिषेक मिश्रा, अरविंद कुमार व दीपक पटेल रहे। बताते चलें कि एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले में वांछित अपराधियों व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते यह कार्रवाई की गयी है।

## नवाब टैंक में मिला अज्ञात शव

**बांदा।** शहर के नरैनी रोड स्थित नवाब टैंक में एक व्यक्ति का शव तैरता मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसआई का कहना है कि शव पानी में काफी समय से तैर रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। बताया कि वह हत्या, आत्महत्या अथवा हादसे के एंगल से जांच कर रहे हैं। नवाब टैंक के आस-पास के निवासियों में घटना से भय का माहौल हैं।

## कुपोषित बच्चों को बांटी आहार टोकरी



**बांदा।** पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गर्भवती व धात्री एवं कुपोषित बच्चों को संतुलित आहार टोकरी का वितरण हुआ। बुंदेलखंड आशमा फाउंडेशन ने शहर के आंगनबाड़ी केंद्र गुलाब बाग, अलीगंज में संतुलित आहार टोक ?ी का निःशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में गर्भवती, धात्री एवं कुपोषित बच्चे मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. नसीम खान नरैनी सिटी हॉस्पिटल ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया। फाउंडेशन ने बताया कि आहार टोकरी में श्रीअन्न मिलेट्स-कोदो, रागी, कुटकी, काकुन, सांवा, मूंगफली, भुने चने, नेचुरल शहद, कठिया गेंहू का दलिया वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, आशमा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशमा खातून, कोषाध्यक्ष निहाल अहमद, वकार, शरीफ बक्स, डायरेक्टर मोहम्मद असलम खान, ऊषा सिंह मौजूद रहीं।

## अज्ञात बदमाश बैंक की मिनी शाखा संचालक से 10 हजार की नगदी लेकर फरार

नगीना, बिजनौर। बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने सर्व यूपी ग्रामीण बैंक की मिनी शाखा के संचालक से दस हजार रुपए की नगदी छीनकर फरार हो गए। पीड़ित शाखा संचालक अक्षय सैनी ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम बिंजाहेडी निवासी चंद्रपाल सैनी का पुत्र अक्षय सैनी अपने ही मकान में सर्व यूपी ग्रामीण बैंक नगीना की मिनी शाखा का संचालन करता है। रविवार के दोपहर लगभग 1 बजेएक बाइक पर तीन युवक आए और शाखा संचालक अक्षय सैनी से बोले कि हमें 10 हजार रू नगद की जरूरत है, हम अपने मोबाइल से आपके मोबाइल पर 10 हजार रू ट्रांसफर कर देंगे, आप हमें 10 हजार रू नकद दे दो। अक्षय सैनी ने उनकी इस बात पर विश्वास करते हुए 10 हजार रुपए निकाले वैसे ही उन्होंने 10 हजार रू की नकदी छीनली ओर बाइक पर सवार होकर भाग गये। मिनी शाखा संचालक ने तमाम शोर मचाया लेकिन वह हाथ नहीं आए। घटना के बाद मिनी शाखा संचालक अक्षय सैनी ने पुलिस को सूचना दी।

# सिविल सेवा क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित हुई डीएम मोनिका रानी




जिला संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं से असंतृप्त व्यक्तियों को संतृप्तिकरण, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समुदाय की सहभागिता के साथ अभिनव पहल के तौर पर जिले में संचालित किये गये श्सेवा से संतृप्तिकरण अभियानश के उत्कृष्ट कार्यान्वयन, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा आकांक्षी जनपद बहराइच के चतुर्मुखी विकास के लिए निर्धारित सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने के लिए कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार, भारत सरकार द्वारा लोक प्रशासन में उत्ष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार दिया जाता है। प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना वर्ष 2023 के अन्तर्गत जिले के समग्र विकास श्रेणी के अन्तर्गत जनपद बहराइच के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भारत सरकार की 12 महत्वाकांक्षी योजनाओं यथा हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी, मिशन इन्द्रधनुष, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना, मुद्रा ऋण योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के सभी पहलुओं को समग्र रूप से शामिल करते हुए उनके संतृप्तीकरण के दृष्टिकोण से उत्पादन चरण, गुणवत्ता नियन्त्रण, शासन एवं परिणामों की मात्रात्मक तुलना, क्षमता एवं कौशल विकास, निर्माण तंत्र एवं पारदर्शिता बढाने की प्रणाली के साथ गुणवत्तापूर्वक नियन्त्रण तन्त्र, जनभागीदारी एवं योजना के माध्यम से जनमानस में लाये गये व्यवहार परिवर्तन एवं फीडबैक तन्त्र के आधार पर प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 की जिले की समग्र विकास श्रेणी में जिलाधिकारी मोनिका रानी को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों हेतु 17वें लोक सेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

- सिविल सर्विस डे पर जनपद बहराइच को अपने सर्वांगीण विकास हेतु प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानितहुई जिलाधिकारी मोनिका रानी
- वर्ष 2023 में पीएम पुरस्कार के लिए प्रदेश का अकेला जनपद है बहराइच

प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार का चयन की बात की जाए तो यह 05 जटिल प्रक्रियाओं यथा प्रथम चरण में मंत्रालय / विभागों के पूर्व निर्धारित सकेंताकों के आधार पर आवेदन के पश्चात जनपदो द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा का मिलान सम्बन्धित विभागों के राष्ट्रीय पोर्टल पर उपलब्ध डाटा से किया जाता है, जिसके पश्चात अतिरिक्त सचिव स्तर के अधिकारियों की स्क्रीनिंग समिति द्वारा किये जाने के उपरान्त द्वितीय चरण में भारत सरकार द्वारा शार्टलिस्ट किये गये जनपदों में लाभार्थी / हितधारको से दूरभाष के माध्यम से प्राप्त फीडबैंक के आधार पर पुनः शार्टलिस्ट करती है।

तृतीय चरण में केन्द्र सरकार के अधिकारियों द्वारा स्थलीय भ्रमण कर किये गये नवाचारों का स्थलीय अध्ययन करती है। चैथे चरण में कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में इम्पावर्ड समिति के सम्मुख सम्बन्धित जिलाधिकारियों द्वारा प्रस्तुततीकरण के उपरान्त कैबिनेट की अनुमति के पश्चात देश के मा. प्रधानमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त चयनित जिलों की सूची को अन्तिम रूप दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देश भर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को मान्यता देने तथा पुरस्कृत करने के लिए भारत सरकार द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की स्थापना की गई है।

अवार्ड की विशेषता यह है कि देश के 750 से अधिक जनपदों में से ह्यह्यजिले के समग्र विकास की श्रेणी के लिए 10 जनपद चयनित किये गये हैं। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किये गये देश के 10 जनपदों में प्रदेश का अकेला जनपद बहराइच है जिसे वर्ष 2023 हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त होने पर जिले के जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्रदान किये गये मार्गदर्शन, अधीनस्थ अधिकारियों के भागीरथ प्रयासों, जनपदवासियों के सहयोग तथा मीडिया प्रतिनिधियों के उत्साहवर्धन के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ह्यप्रधानमंत्री पुरस्कार 2023ह्ल आकांक्षी जनपदवासियों को समर्पित किया है।

# आगरा में कन्वेंशन सेंटर को मिली नई दिशाः अटलपुरम में बनेगा आधुनिक अधिवेशन स्थल

**आगरा।** आगरा में बहुप्रतीक्षित कन्वेंशन सेंटर की योजना अब नया मोड़ ले चुकी है। वर्षों से इनर रिंग रोड के किनारे जिस अधिवेशन केंद्र की परिकल्पना की जा रही थी, अब वह ग्वालियर रोड स्थित अटलपुरम टाउनशिप में आकार लेगा। आगरा विकास प्राधिकरण ने भूमि विवादों और मुआवजा अड़चनों के कारण पुरानी योजना से हटकर नई दिशा में यह कदम उठाया है। कन्वेंशन सेंटर की नई लोकेशन यह दिखाती है कि योजनाएं केवल कागजों पर नहीं, जमीनी हकीकतों पर टिकती हैं। अटलपुरम में इसकी स्थापना से आगरा न केवल उत्तर भारत का सांस्कृतिक केंद्र बनेगा, बल्कि कॉर्पोरेट और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए भी पसंदीदा ठिकाना बन सकता है। रायपुर और रहनकलां गांवों में अधिग्रहित भूमि को लेकर किसान मुआवजे के मुद्दे पर लामबंद हो गए थे। किसानों की यह मांग थी कि उन्हें वर्तमान सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाए। मुआवजा वितरण में देरी ने प्राधिकरण की बड़ी योजनाओं, जैसे ग्रेटर आगरा और कन्वेंशन सेंटर की रफ्तार थाम दी थी। अब आगरा विकास प्राधिकरण की निगाहें ग्वालियर रोड पर स्थित अटलपुरम टाउनशिप पर टिकी हैं। लगभग 138.53 हेक्टेयर में प्रस्तावित इस योजना को मास्टर प्लान-2031 के तहत विकसित किया जाना है। अटलपुरम में कन्वेंशन सेंटर के साथ आवासीय और व्यावसायिक विकास की भी योजना है, जिससे यह क्षेत्र आगरा का नया हॉटस्पॉट बन सकता है। अब ग्वालियर रोड पर अटलपुरम टाउनशिप में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर में 3000-5000 सीटों वाला विशाल ऑडिटोरियम, वीआईपी लॉन्ज, ग्रीन रूम, मल्टीलेवल पार्किंग का भी प्रावधान होगा। इसके अलावा प्रदर्शनी हॉल, फूड कोर्ट, मीडिया सेंटर, आधुनिक ध्वनि और दृश्य प्रणाली तथा छोटे हॉल भी बनेंगे, जिनमें 200 से 500 लोगों की बैठक क्षमता होगी। एडीए इसी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर आकार देना चाहता है। ताजमहल होने के बावजूद आगरा में अब तक कोई वर्ल्ड-क्लास अधिवेशन केंद्र नहीं है। लखनऊ, नोएडा, जयपुर जैसे शहर इससे कहीं आगे हैं। इसके बनने से स्थानीय हस्तशिल्प, पर्यटन, शिक्षा और व्यापार के आयोजन को बड़ा मंच मिलेगा। आगरा में बेहतर कनेक्टिविटी के कारण आयोजन सुगमता से हो सकेंगे। विवाद रहित क्षेत्र में बनाने से योजना तेजी से पूरी हो सकेगी।

## धीरेंद्र कुमार बाल्मीकि का आगमन आज

बहराइच। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी.एम. अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति, भारत सरकार श्री धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 22 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे निरीक्षण भवन लो.नि.वि. बहराइच पहुंचकर डी.पी.आर.ओ. के साथ वार्ता करेंगे। जिला विकास अधिकारी, डीपीआरओ, जिला समाज कल्याण विकास, लोक निर्माण, विद्युत व सिडकों, जल निगम के अधि.अभि., डीएसओ, सचिव मण्डी के साथ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के सम्बन्ध में तथा अधि.अधि. नगर पालिका व नगर पंचायत के साथ एम.एस. एक्ट 2013 का जनपद में पालन कराने के सम्बन्ध में बैठक।

## न्यायालय सूचना

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, द्वितीय आगरा।**
**इजराय वाद संख्या 10/2025**
**मूल परिवाद सं.- 181/2023**
**मीना गौतम**
**बनाम**
**हरी ओम दीक्षित आदि।**

**कारण बताओ नोटिस**

1- हरि ओम दीक्षित निवासी ई-3-1801 किल्यू कक्टरी सेक्टर 120, नोयडा थाना किल्यू कन्ट्री स्टेशन, ग्रेटर नोयडा हाल निवासी- डायरेक्टर गायत्री यूरा एपेक्स ए-टावर फ्लैट नं.- 201, जी.एच.-11 सेक्टर ग्रेटर नोयडा (वेस्ट) उ.प्र.

2- कल्यानी स्ट्रेक्चर एण्ड हाउसिंग प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री हरीओम दीक्षित पता 9/52, 98 ओल्ड सलीमपुर गॉधीनगर नई दिल्ली-110031 हाल नि.- गायत्री हास्पीटेलिटी व रिलकन लि. 9/5298, ओल्ड सीलमपुर, गॉधीनगर, दिल्ली-110031

चूँकि इस आयोग में एक मूल वाद संख्या 181/2023 दिनांक 14-06-2024 आपके विरूद्ध स्वीकार कर मिर्णीत किया गया था, जिसका अनुपालन आपने आज तक नहीं किया है और चूँकि परिवादिया द्वारा इस आयोग के समक्ष एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है कि निर्णय दिनांक 14-06-2024 का अनुपालन न करने के कारण आपके विरूद धारा 71 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत वसूली की कार्यवाही की जाये।

लिहाजा आप दिनांक 26-04-2025 को प्रातः 10.00 बजे आयोग के समक्ष उपस्थित होकर कारण बतायें कि क्यों न आपके विरूद्ध निर्णय दिनांक 14-06-2024 के अनुपालन में असफल रहने के कारण धारा 71 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत वसूली का कार्यवाही की जाये।

**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय आगरा।**

## संक्षेप

### हायर इंडिया ने की ग्रेविटी सीरीज लॉन्च

नई दिल्ली। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने एयर कंडीशनर की बहुप्रतीक्षित ग्रेविटी सीरीज का अनावरण किया है। फैब्रिक फि निश वाले भारत के एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर के रूप में, ये फैब्रिक फि निश वाले अभिनव एसी इंटेलिजेंट कूलिंग तकनीक को सहजता से एकीकृत करते हैं, जो आधुनिक घरों की जलवायु समाधानों के लिए नए मानक स्थापित करते हैं। ग्रेविटी सीरीज सात शानदार रंगों में उपलब्ध है- मॉर्निंग मिस्ट, मून स्टोन ग्रे, मिडनाइट ड्रीम, गैलेक्सी स्लेट, एक्वा ब्लू, कॉटन कैंडी और व्हाइट- जो समकालीन घरों के इंटीरियर में प्रीमियम टच जोड़ते हुए बेजोड़ कूलिंग करते हैं।हायर इंडिया में, हम ऐसे उत्पाद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो नवाचार को जीवनशैली के साथ सहजता से एकीकृत करते हैं। नई सीरीज इस विजन का प्रतिबिंब है कि एक ऐसा एयर कंडीशनर जो जितना स्टाइलिश है उतना ही इंटेलिजेंट भी है। भारत का एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल वाला यह सीरीज ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत आराम को नए मायने बताती है।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 60 स्टाइलस स्मार्टफोन

नई दिल्ली। एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित एज 60 सीरीज में सबसे क्रिएटिव और एआई-संचालित नया स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 स्टाइलस को लॉन्च किया है। यह अपनी श्रेणी का पहला स्मार्टफोन है जिसमें इनबिल्ट स्टायलस दिया गया है। यह उन क्रिएटर्स, मल्टीटास्कर्स और विचारकों के लिए डिजाइन किया गया है जो चलते-फिरते सटीकता, नियंत्रण और उत्पादकता की तलाश करते हैं। स्केचिंग से लेकर एआई टूल्स जैसे स्केच टूइमेज और हैंडराइटिंग-टू-टेक्स्ट कन्वर्जन तक, एज 60 स्टाइलस रचनात्मकता और कार्यक्षमता को एक नई ऊँचाई पर ले जाता है। इसमें अपने सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50एमपी सोनी एलवाईटीआईए 700सी कैमरा, शानदार 6.7 इंच 1.5के सुपर एचडी पोलेड फ्लैट डिस्प्ले, डॉल्बी ऑटम्स के साथ स्टीरियो स्पीकर, और पैंटोन-क्यूरेटेड वेगन लेदर फिनिश में बना एक स्लिम, मजबूत डिजाइन दिया गया है जो आईपा68 और एमआईएल-810एच मिलिट्री ग्रेड प्रोटेक्शन के साथ आता है।

### डर्मीकूल प्रिक्ली हीट टैल्क लगायेगा ओवरहेड ट्रैफिक सिग्नल शेड्स

कानपुर। डर्मीकूल प्रिक्ली हीट पाउडर घमौरियों के लिए डमोटोलॉजिस्ट द्वारा अनुमोदित एक समाधान है और इसमें नीम और तुलसी का डबल पावर है। इस साल की गर्मियों के लिए ब्राण्ड ने कानपुर में एक शानदार पहल की शुरूआत की है। इस पहल के जरिये पूरे शहर के प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल्स पर अस्थायी शेड्स लगाया गया है। इससे पैदल यात्री मतलब खरीदारी करने और आफिस जाने वाले लोग, विद्यार्थी, साइकिल, टू-व्हीलर और कार चालकों को गर्मी से राहत मिलेगी। एक महीने के लिए लगाए गए इन टेम्परारी शेड्स से लोगों को कुछ दिनों के लिए ही सही पर थोड़ी राहत मिलेगी। इन शेड्स से सूरज की सीधी रौशनी आँखों में भी नहीं पड़ती है और ड्राइवरों को और भी साफ दिखता है जिससे संभवत एक सुरक्षित ट्रैफिक परिस्थिति भी तैयार होती है।

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख नये सदस्य जोड़े

नयी दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े। सोमवार को जारी ताजा पेरोल आंकड़ों के अनुसार, यह आंकड़ा पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 3.99 प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी, 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य बनाए। मंत्रालय ने कहा कि नए सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभ के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल जागरूकता कार्यक्रमों के कारण है। उल्लेखनीय है कि नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है। फरवरी, 2025 में जोड़े गए नए सदस्यों में उनकी हिस्सेदारी 4.27 लाख या 57.71 प्रतिशत है। इससे पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर व्यक्ति युवा हैं। इसके अलावा, फरवरी, 2025 में 18-25 आयु वर्ग के कुल सदस्यों की संख्या में लगभग 6.78 लाख की वृद्धि हुई, जो सालाना आधार पर 3.01 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 13.18 लाख सदस्य, जो पहले ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर निकल गए थे, फरवरी में फिर इसमें शामिल हो गए।

# सेंसेक्स में 855 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,100 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के साथ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,000 अंक के ऊपर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1081.85 अंक तक चढ़ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,125.55 अंक पर बंद हुआ। पांच दिनों की तेजी में सेंसेक्स 5,561.35 अंक यानी सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा है, जबकि निफ्टी 1,726.40 अंक चढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल को जवाबी शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में जितना नुकसान हुआ था, उसकी पूरी भरपाई अब हो चुकी है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और नेस्ले शामिल हैं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के शेयर में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इसका कारण बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 18,835 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब दो प्रतिशत मजबूत हुआ। इससे बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.20 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 1.67 प्रतिशत की तेजी आई। बाजार पर तेजड़ियो हावी रहे, जिससे निफ्टी पिछले तीन महीने से अधिक समय में तीसरे प्रयास में 24,000 अंक के पार पहुंच गया और बैंक निफ्टी नई उंचाई पर पहुंच गया। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना बाजार धारणा को मजबूत कर रहा है। विश्लेषकों के अनुसार, बैंकों में संपत्ति गुणवत्ता में सुधार और कर्ज में अच्छी वृद्धि से बैंक शेयरों के प्रति निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,667.94 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# रुपया 25 पैसे बढ़कर 85.13 प्रति डॉलर पर



मुंबई। डॉलर इंडेक्स में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में उछाल के बीच सोमवार को रुपये में लगातार पांचवें सत्र में तेजी जारी रही और यह 25 पैसे की बढ़त के साथ 85.13 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर इंडेक्स 99 अंक के स्तर से नीचे टूटता हुआ अपने तीन साल के सबसे निचले स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा, विदेशी कोषों का निवेश प्रवाह बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी रुपये को फायदा पहुंचाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.15 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चतम स्तर 85.03 और निम्नतम स्तर 85.19 के बीच घूमने के बाद कारोबार के अंत में 85.13 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 25 पैसे की बढ़त है। बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे बढ़कर 85.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। गुड फ्राइडे के कारण शुक्रवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद था। पांच कारोबारी सत्रों में रुपये ने नौ अप्रैल को डॉलर के मुकाबले 86.68 के बंद स्तर से 155 पैसे की बढ़त दर्ज की है। हमें उम्मीद है कि कमजोर डॉलर और व्यापार शुल्क चिंताओं में कमी आने के कारण रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। वैश्विक जोखिम उठाने की क्षमता में सुधार और ताजा विदेशी निवेश भी रुपये को समर्थन दे सकता है। हालांकि, आयातकों द्वारा डॉलर की खरीद, तेज बढ़त को रोक सकती है। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 84.80 से 85.35 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती मापने वाला- डॉलर इंडेक्स 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.10 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी डॉलर लगातार दबाव का सामना कर रहा है। डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) इस साल अब तक नौ प्रतिशत से अधिक नीचे है। विशेषज्ञों ने कहा कि यह बढ़ती उम्मीदों को दर्शाता है कि फेडरल रिजर्व को अंततः बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। वैश्विक तेल मानक माने जाने वाले, ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.80 प्रतिशत गिरकर 66.06 डॉलर प्रति बैरल रह गया। घरेलू शेयर बाजार में, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक चढ़कर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 273.90 अंक बढ़कर 24,125.55 अंक पर पहुंच गया।

# निवेशकों की संपत्ति 32 लाख करोड़ रुपये बढ़ी




नयी दिल्ली। शेयर बाजार में पिछले पांच दिन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी से सोमवार तक निवेशकों की संपत्ति 32 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है। इस दौरान विदेशी कोषों की लिवाली और व्यापक तेजी से कारोबारी भावनाएं मजबूत हुईं।

सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक या 1.09 प्रतिशत उछलकर 79,408.50 पर बंद हुआ। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स 5,561.35 अंक या 7.53 प्रतिशत बढ़ा है। इन पांच कारोबारी दिनों में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 32,03,295.8 करोड़ बढ़कर 4,25,85,629.02 करोड़ रुपये (5,000 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। बाजार में तेज शुरुआत हुई और पूरे दिन बढ़त जारी रही। सप्ताहांत में बैंकों की मजबूत आय ने कारोबारी धारणा को मजबूत किया। इसे सकारात्मक घरेलू संकेतों का लाभ भी मिला। कंपनियों के तिमाही नतीजों को लेकर उत्साह है, क्योंकि दिग्गज बैंकों ने सकारात्मक टिप्पणियों के साथ अनुमान से काफी बेहतर नतीजे पेश किये हैं।

# सोना 1650 रुपये की छलांग के साथ एक लाख रुपये के पास और चांदी भी मजबूत



नयी दिल्ली। कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं के चलते मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1650 रुपये की तेजी आई, जिससे इसका भाव एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को इसका मूल्य 20 रुपये घटकर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1600 रुपये उछलकर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह मामूली गिरावट के साथ 97,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमत पिछले वर्ष 31 दिसंबर से अबतक 20,850 रुपये या 26.41 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम बढ़ चुकी हैं। चांदी की कीमतें भी 500 रुपये चढ़कर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। पिछले सत्र में चांदी 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर सपाट बंद हुई थी। इस साल, व्यापार तनाव, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और कमजोर डॉलर के कारण सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया है। अब तक सोने में 25 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा दो अप्रैल को शुल्क की घोषणा के बाद से छह प्रतिशत की बढ़ोतरी भी शामिल है।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 प्रतिशत बढ़ा था।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 3.4 प्रतिशत के मुकाबले थोड़ी अधिक है। मार्च में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली उत्पादन में क्रमशः 1.6 प्रतिशत, 0.2 प्रतिशत, 7.1 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की हल्की वृद्धि हुई। उर्वरक उत्पादन मार्च में 8.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 1.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सीमेंट उत्पादन बीते महीने 11.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बुनियादी उद्योगों...कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली... की वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 4.4 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 7.6 प्रतिशत थी। आठ बुनियादी उद्योगों की औद्योगिक वृद्धि को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# चीन ने उसकी कीमत पर अमेरिका से व्यापार समझौते करने वाले देशों को जवाबी कार्रवाई की धमकी दी



बीजिंग। चीन ने सोमवार को धमकी दी कि वह चीनी हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने की कोशिश करने वाले देशों पर जवाबी कार्रवाई करेगा।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह टिप्पणी उन रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए की, जिनमें कहा गया था कि अमेरिका, शुल्क छूट के बदले में चीन के साथ व्यापार संबंधों को सीमित करने के लिए अन्य देशों पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। प्रवक्ता ने बयान में कहा कि चीन, अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों के बीच चीनी हितों की कीमत पर किए जाने वाले किसी भी समझौते का दृढ़ता से विरोध करता है। बयान में कहा गया, यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो चीन इसे स्वीकार नहीं करेगा और दृढ़तापूर्वक इसके अनुरूप जवाबी कदम उठाएगा। इसमें कहा गया है कि चीन को समाधान करने का अधिकार है और अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा करने की क्षमता भी है। प्रवक्ता ने कहा कि तथाकथित जवाब की आड़ में, अमेरिका हाल ही में अपने सभी व्यापारिक साझेदारों पर मनमाने ढंग से शुल्क लगा रहा है, तथा उन पर तथाकथित जवाबी शुल्क वार्ता में शामिल होने के लिए दबाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मूलतः प्रतिक्रिया के बैनर का इस्तेमाल आधिपत्यवादी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था एवं व्यापार के क्षेत्र में एकतरफा धौंस जमाने के बहाने के रूप में किया जा रहा है। चीन का यह कड़ा रुख उन रिपोर्ट के बीच आया है जिनमें कहा गया है कि कई देश, जिनके खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क लगाए थे, अब आकर्षक अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से अपने निर्यात को बहाल करने के लिए उसके साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करना चाह रहे हैं। पिछले सप्ताह कहा था कि अमेरिका शुल्क वार्ता का उपयोग करके दर्जनों देशों पर दबाव बनाने की योजना बना रहा है ताकि वे चीन के साथ व्यापार पर नए अवरोध लगा सकें। जापान और आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) सहित कई देशों का चीन और अमेरिका दोनों के साथ लाभदायक व्यापार है।

# चमड़ा, जूता निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। देश के चमड़ा, गैर-चमड़ा जूते और उत्पादों का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 5.7 अरब डॉलर का हो गया। चालू वित्त वर्ष में निर्यात 6.5 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। निर्यातकों के निकाय सीएलई ने सोमवार को यह जानकारी दी है।

चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने कहा कि विकसित और विकासशील दोनों देशों ओर से मांग कहीं बेहतर है। सीएलई के कार्यकारी निदेशक आर सेल्वम ने कहा, 2024-25 में, हमने, वाणिज्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को एक अरब डॉलर अधिक के साथ पार कर लिया है और इस प्रवृत्ति को देखते हुए, हमारा निर्यात 2025-26 में 6.5 अरब डॉलर के स्तर को लांघ जाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद यह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्य- अमेरिका और ब्रिटेन दोनों में निर्यात अच्छा चल रहा है।

## पीओसिटी ग्रुप के चेयरमैन सौरभ गर्ग को सीएम ने किया सम्मानित



## पेज एक का शेष

### नहीं रहे

राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, करुणा, न्याय और शांति की वैश्विक आवाज पोप फांसिस के निधन पर गहरा दुख हुआ। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि वह कमजोर वर्ग के लोगों की मजबूत आवाज थे और चर्च में महत्वपूर्ण सुधार लेकर आए।

फ्रांसिस के निधन के बाद अब सप्ताह भर चलने वाली वह प्रक्रिया शुरू हो गई, जिसमें लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। सबसे पहले, सेंट मार्टा चैपल में वेटिकन के अधिकारी और फिर सेंट पीटर्स में आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कार्डिनल जियोवनी बैटिस्टा रे द्वारा उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और नये पोप को चुनने के लिए एक बैठक होगी। पोप के निधन की घोषणा के बाद, पूरे रोम में चर्च के टावर के घंटे बजने लगे। कार्डिनल केविन फेरेल ने फ्रांसिस के निधन की घोषणा डोमस सेंट मार्टा के चैपल से की, जहां फ्रांसिस रहते थे। कार्डिनल फेरेल वेटिकन के कैमरलेंगो हैं। कैमरलेंगो की पदवी उन कार्डिनल या उच्चस्तरीय पादरी को दी जाती है जो पोप के निधन या उनके इस्तीफे की घोषणा के लिए अधिकृत होते हैं। फेरेल ने घोषणा की रोम के बिशप, पोप फ्रांसिस आज सुबह 7.35 बजे (प्रभु) यीशु के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन प्रभु यीशु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित रहा।

उन्होंने कहा उन्होंने (पोप ने) हमें निष्ठा, साहस और सार्वभौम प्रेम के ईसोपदेश के मूल्यों के साथ जीना सिखाया, विशेष रूप से सबसे गरीब और हाशिए पर मौजूद लोगों के लिए। फ्रांसिस के सबसे विश्वस्त सहयोगियों में शामिल फेरेल ने कहा कि प्रभु यीशु के सच्चे शिष्य के रूप में अपार कृतज्ञता के साथ, हम पोप फ्रांसिस की आत्मा को ईश्वर के असीम, दयालु प्रेम को सौंपते हैं। पोप फ्रांसिस ने पिछले साल कई रीति-रिवाजों में संशोधन किया था। उन्होंने अंतिम संस्कार की रस्मों को सरल बनाया ताकि वेटिकन के बाहर दफनाने की अनुमति दी जा सके। इन सुधारों की व्याख्या करते हुए, आर्चबिशप डिएगो रवेली ने कहा कि इसका उद्देश्य इस बात पर और अधिक जोर देना है कि पोप का अंतिम संस्कार एक पादरी और प्रभु यीशु के अनुयायी के रूप में हो, न कि इस दुनिया के किसी शक्तिशाली व्यक्ति के रूप में। अंतिम संस्कार की रस्मों में किये गए बदलाव के बाद अब पोप के पार्थिव शरीर को साइप्रस, सीसे और ओक से बने पारंपरिक ताबूत में रखने की आवश्यकता नहीं है। अब, पोप के पार्थिव शरीर को लकड़ी के ताबूत में रखा जाता है, जिसके अंदर जस्ते की एक परत होती है।

### मिशनरी-वामपंथी

हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक भारत आदिकाल से एक सांस्कृतिक इकाई रहा है और धार्मिक यात्राओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा सका। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में भी ऐसी ही एकता को पुनः स्थापित करने का कार्य पांच साल पहले प्रारंभ हुआ। सीएम योगी ने कहा, कि आपको आश्चर्य होगा कि 1947 में देश को आजादी मिली, लेकिन 2017 से पहले तक इन गांवों के लोगों को न वोटिंग का अधिकार था, न राशन कार्ड। न बिजली, न सड़क और न स्वास्थ्य की कोई सुविधा। वन विभाग और पुलिसकर्मी इनका शोषण करते थे। उन्होंने आगे बताया कि जब 2017 में भाजपा की सरकार आई, तब जाकर इन गांवों को राजस्व ग्राम की मान्यता मिली और धीरे-धीरे सभी योजनाएं लागू की गईं।

सीएम योगी ने ऐतिहासिक तथ्य साझा करते हुए बताया कि थारू जनजाति के लोग अंग्रेजों द्वारा तराई के जंगलों में बसाए गए। उन्हें कहा गया था कि जंगल में रहो, कोई वेतन नहीं मिलेगा। वे झोपड़ियों में रहे, शोषण सहा। जब आजादी मिली तब भी सरकारों ने आंखें मूंदें रखीं। सीएम ने बताया कि इन लोगों ने मतदान करना शुरू किया। 2022 और 2024 के चुनाव में भी हजारों लोग पहली बार वोटर बने। अब हर गांव में सड़क है, हर घर में बिजली है, सभी को मकान मिले हैं। आंगनबाड़ी केंद्र खुले हैं, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र बन रहे हैं। राशन, आयुष्मान योजना, पेंशन समेत हर सुविधा इन तक पहुंच चुकी है। सीएम योगी ने कहा, कि हमें आभार प्रकट करना चाहिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का, नानाजी देशमुख जी और अपने पूज्य गुरुदेव महंत अवैद्यनाथ का। उन्होंने बच्चों के लिए छात्रावास और स्कूल की व्यवस्था कराई।

### एक हजार

जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सामूहिक प्रयास एवं दृढ़ संकल्प के महत्व को रेखांकित किया और सभी से इस साझा दृष्टिकोण की दिशा में हर दिन और हर पल अथक परिश्रम करने का आग्रह किया। मोदी ने वैश्विक स्तर पर हो रहे त्वरित बदलावों का उल्लेख करते हुए हर दो से तीन साल में गैजेट के तेजी से बदल जाने को रेखांकित किया और इस बात का जिक्र किया कि बच्चे इन परिवर्तनों के बीच कैसे बड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत की नौकरशाही, कामकाज के तरीके और नीति निर्माण की प्रक्रिया पुराने ढर्रेपर नहीं चल सकती। मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज- युवा, किसान एवं महिलाएं- और इसके सपने अभूतपूर्व उंचाइयों पर पहुंच रहे है। उन्होंने कहा इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों के लिए ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, खेलों के क्षेत्र में प्रगति और अंतरिक्ष अन्वेषण में उपलब्धियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को रेखांकित किया। उन्होंने हर क्षेत्र में भारत का परचम लहराने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने भारत को शीघ्र अति शीघ्र विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सिविल सेवकों की बड़ी जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सिविल सेवा दिवस का विषय भारत का समग्र विकास है जो देश के लोगों के प्रति एक प्रतिबद्धता एवं वादा है। मोदी ने कहा कि भारत के समग्र विकास का तात्पर्य है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं लोगों तक कितनी गहराई से पहुंचती हैं और उनका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत धीमी गति के परिवर्तन से आगे बढ़कर अब प्रभावशाली बदलाव देख रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश का शासन मॉडल अब अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रित है तथा सरकार एवं आम नागरिकों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी एवं नयी प्रक्रियाओं का लाभ उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा भारत शासन, पारदर्शिता और नवोन्मेष में नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा भारत अब न केवल अपने विकास के लिए बल्कि शासन, पारदर्शिता और नवोन्मेष के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने के लिए भी जाना जाता है। मोदी ने भारत की जी-20 अध्यक्षता को इन प्रगतियों का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बताया और कहा कि जी-20 के इतिहास में पहली बार 60 से अधिक शहरों में 200 से अधिक बैठक आयोजित की गईं। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के दृष्टिकोण ने इस आयोजन को जन आंदोलन में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा विश्व ने भारत के नेतृत्व को स्वीकार किया है। भारत सिर्फ भाग नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है।

### पीएम मोदी ने

मोदी ने वेंस को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह इस वर्ष के अंत में उनकी भारत यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

फरवरी में वाशिंगटन डीसी में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बातचीत के बाद, दोनों पक्षों ने घोषणा की थी कि वे 2025 तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के बारे में चर्चा करेंगे। आज की मुलाकात के बाद, प्रधानमंत्री मोदी वेंस, उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा चिलुकुरी तथा उपराष्ट्रपति के साथ आए वरिष्ठ अमेरिकी सरकारी अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के लिए रात्रिभोज आयोजित करेंगे। वेंस और उनका परिवार पिछले सप्ताह इटली की यात्रा करने के बाद चार दिन की भारत की यात्रा पर आज सुबह दिल्ली पहुंचे। वह 2013 में जो बाइडेन की भारत की यात्रा के बाद पिछले 12 वर्षों में यहां आने वाले पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैं। वेंस की यह पहली भारत यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत समेत लगभग 60 देशों के खिलाफ व्यापक शुल्क व्यवस्था लगाने और फिर उसे स्थगित करने के कुछ सप्ताह बाद हो रही है। भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क और बाजार पहुंच समेत विभिन्न मुद्दों के समाधान की उम्मीद है। वेंस और उनका परिवार जयपुर और आगरा भी जायेंगे। पिछले महीने, अमेरिकी सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने भारत का दौरा किया था और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के संबंध में भारतीय वार्ताकारों के साथ बातचीत की थी।

### एक करोड़ के

और महेश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विवेक पर एक करोड़ रुपए, अरविंद यादव पर 25 लाख रुपए और साहेबराम मांझी पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा के विभिन्न मामलों में उनके खिलाफ मामले दर्ज थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति माओवादी संगठन की निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है। अधिकारियों ने बताया कि इस मुठभेड़ में किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है। झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने कहा, इस मुठभेड़ के साथ ही उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में माओवादी दस्तों का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा, पूरे राज्य से माओवादियों का लगभग सफाया हो चुका है। वे केवल चाईबासा क्षेत्र में बचे हैं। हम सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और झारखंड सशस्त्र पुलिस सहित अपने सभी बलों को सारंडा क्षेत्र में स्थानांतरित कर रहे हैं।

### हमपर संसदीय

राज्य में सशस्त्रा अर्धसैनिक बलों को तैनात करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने याचिका पर केंद्र, पश्चिम बंगाल और निर्वाचन आयोग को नोटिस भी जारी किया था। हाल में शीर्ष अदालत में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गईं, जिनमें नए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की घटनाओं की अदालत की निगरानी में जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया।

### होमस्टे चलाने

ने होमस्टे योजना की शुरूआत की थी। आज राज्य के दूरदराज गांवों में होमस्टे योजना अपनी एक अलग पहचान बना रही है। राज्य के पांच हजार से अधिक परिवारों ने इस योजना से जुड़कर अपने घरों के द्वार पर्यटकों के लिए खोले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवथा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। एक जनपद, दो उत्पाद योजना के माध्यम से लोगों की आजीविका वृद्धि की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए राज्य में हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की शुरूआत की गयी है। स्टेट मिलेट मिशन से राज्य के मिलेट को देश में अलग पहचान भी मिल रही है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह संवाद कार्यक्रम हमारे ग्रामीण पर्यटन की दिशा में एक नई सफलता का कदम जोड़ेगा। यह कार्यक्रम केवल एक संवाद ही नहीं, बल्कि हमारे गांवों की आत्मा को वैश्विक पहचान देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के विकास के मॉडल का भी एक मजबूत आधार है।




# गुजरात ने कोलकाता को दिया 199 रन का लक्ष्य

## आईपीएल 2025 : शुभमन ने 90, सुदर्शन ने 52 रन बनाये, वैभव, हर्षित और रसेल को 1-1 विकेट

एजेंसी



कोलकाता। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 39वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 199 रन का टारगेट दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडिय में केकेआर ने बॉलिंग चुनी। जीटी ने 3 विकेट खोकर 198 रन बनाए। शुभमन गिल ने 90 और साई सुदर्शन ने 52 रन बनाए। कोलकाता से वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा और आंद्रे रसेल ने 1-1 विकेट लिया। गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 198 रन बनाए। टीम से जोस बटलर 41 और शाहरुख खान 11 रन बनाकर नॉटआउट रहे। शुभमन गिल ने 90 और साई सुदर्शन ने 52 रन बनाए। कोलकाता से वैभव अरोड़ा, आंद्रे रसेल और हर्षित राणा ने 1-1 विकेट लिया। 19वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया।

हर्षित राणा ने ओवर की तीसरी बॉल ऑफ स्टंप के बाहर स्लोअर फेंकी। राहुल तेवतिया ने शॉट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। 18वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की पांचवीं बॉल वैभव अरोड़ा ने लो फुल टॉस फेंकी। शुभमन गिल ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन डीप मिड विकेट पर रिंकू सिंह के हाथों कैच हो गए। शुभमन ने 90 रन बनाए। 11वें ओवर में गुजरात के दूसरे ओपनर साई सुदर्शन ने भी फिफ्टी लगा दी। सुदर्शन ने ओवर की आखिरी गेंद पर हर्षित राणा के खिलाफ 2 रन लिए और 33 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। सुदर्शन 13वें ओवर में आउट भी हो गए, उन्हें आंद्रे रसेल ने ओवर की दूसरी बॉल पर कॉट बिहाइंड कराया। उन्होंने 52 रन बनाए। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने 11वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। उन्होंने ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा के खिलाफ सिंगल लिया और 34 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली।

इसी ओवर में शुभमन और साई सुदर्शन ने सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर ली। पावरप्ले का अगला ही ओवर मोईन अली फेंकने आए। उनके खिलाफ गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने 17 रन बना लिए। ओवर में 1 छक्का और 2 चौके लगे। इसी ओवर में गुजरात की फिफ्टी भी पूरी हो गई। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के 6 ओवर में कोई विकेट नहीं गंवाया। टीम से शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने मिलकर पावरप्ले में 45 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात टाइटंस से शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। टीम ने पहले ओवर में 4 रन बनाए। कोलकाता से वैभव अरोड़ा ने शुरूआत की। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। टीम में रहमानुल्लाह गुरबाज और मोईन अली को मौका मिला।

**आईपीएल में घरेलू मैदान पर खेलने का कोई खास फायदा नहीं है, दिल्ली के स्पिनर विपराज ने कहा**

लखनऊ । दिल्ली कैपिटल्स के युवा ऑलराउंडर विपराज निगम का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में टीमों को घरेलू मैदान पर खेलने का ज्यादा फायदा नहीं मिलता।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चेन्नई सुपरकिंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स जैसी टीमों को मौजूदा सत्र में घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने में मुश्किल हो रही है। विपराज ने लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ दिल्ली के मैच की पूर्व संध्या पर कहा आईपीएल में घरेलू परिस्थितियां बहुत फायदेमंद नहीं होती, लेकिन हां, आपको अंदाजा होता है कि किन चीजों पर विचार करना है। टीम के लिए ज्यादा फायदा नहीं है। उन्होंने कहा आप मौसम, मैदान के आकार आदि से परिचित हैं लेकिन सभी टीमों की तैयारी एक जैसी होती है। उत्तर प्रदेश के इस 20 वर्षीय लेग स्पिनर को लखनऊमें खेलने के अपने पिछले अनुभव पर भरोसा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश टी20 लीग के दौरान सुपर जाइंटस के खिलाफ मुकाबले में यहां खेला था।

विपराज ने कहा यूपी टी20 लीग यहीं हुई थी इसलिए हमने यहां टी20 मैच खेले हैं। समीर और मुझे मैदान का अंदाजा है इसलिए हम उसी प्रक्रिया का पालन करने की कोशिश करेंगे जो हमने यूपी टी20 में की थी।

गेंद के साथ दिल्ली कैपिटल्स के ढांचे में खुद को एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने वाले विपराज ने अपनी दोहरी जिम्मेदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा मैं खुद को एक ऑलराउंडर मानता हूं। मुझे गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी योगदान देना है। परिवार और घरेलू दर्शकों के सामने खेलने पर विपराज ने कहा, हां, सभी मैच में बहुत दबाव और घबराहट होती है। जब आप अपने परिवार और कोच के सामने खेलते हैं तो यह और भी बढ़ जाती है। विपराज ने दिल्ली की टीम के सीनियर खिलाड़ियों को खुद को स्थापित करने में मदद करने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मुझे प्रत्येक मैच में सीनियर खिलाड़ियों से सलाह मिलती है। हमें सीनियर खिलाड़ियों से कुछ मदद मिलती है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो पिछले साल लखनऊमें थे और इस साल भी यहां हैं। हम अपनी टीम बैठक में उन पहलुओं पर बात करते हैं और उसके अनुसार योजना बनाते हैं।

# बीसीसीआई की शीर्ष श्रेणी में रोहित, विराट बरकरार



नयी दिल्ली। भारत के टेस्ट और एक दिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सोमवार को जारी की गई अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष श्रेणी में बरकरार रखा गया है जबकि श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने इस सूची में वापसी की है। बीसीसीआई ने इस बार 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है। इनमें रोहित और कोहली के साथ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी ए प्लस श्रेणी में रखा गया है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस सात करोड रुपए है। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के नायक अय्यर की अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में वापसी हुई है। उन्हें ग्रुप बी में शामिल किया गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस तीन करोड़ रुपये है।

पिछले सत्र में कथित तौर पर आईपीएल के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण अय्यर को बाहर कर दिया गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी इसी कारण से सूची से हटा दिया गया था। उनकी अब श्रेणी सी में वापसी हुई है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस एक करोड़ रुपये है। ज्षभ पंत, जिन्हें 2023-24 सत्र के दौरान ग्रुप बी में खिसका दिया गया था, उन्हें सन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के स्थान पर ए श्रेणी में वापस रखा गया है। श्रेणी ए में सालाना पांच करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। श्रेणी सी में खिलाड़ियों की अधिकतम संख्या, कुल मिलाकर 19 है, जिसमें हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा और नितीश कुमार रेड्डी के रूप में चार नए खिलाड़ी शामिल हैं। एक बड़ा नाम जो सूची में जगह नहीं बना पाया वह मुंबई का ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर है जिन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेला था। तेज गेंदबाज आवेश खान, विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत और जितेश शर्मा को सूची से बाहर कर दिया गया है। सी श्रेणीः रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

**खुद की क्षमता पर संदेह करना आसान है, लेकिन मैं ऐसा नहीं करता: रोहित शर्मा**

मुंबई। स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि लंबे समय तक खराब दौर से गुजरने के बावजूद उन्होंने अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं किया तथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगाए गए अपने अर्धशतक को खुद के कौशल पर भरोसा दिखाने का परिणाम बताया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोहित ने 45 गेंद पर नाबाद 76 रन बनाए जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल हैं। मुंबई इंडियंस ने उनकी इस शानदार पारी की मदद से यह मैच नौ विकेट से जीता। रोहित का आईपीएल के वर्तमान सत्र का यह पहला अर्धशतक है। इससे पहले वह पिछले मैचों में 0, 8. 13, 17, 18 और 26 रन ही बना पाए थे। रोहित ने मैच के बाद कहा लंबे समय तक रन नहीं बन पाने के बाद खुद की क्षमता पर संदेह करना और अलग तरीके अपनाना आसान होता है। मेरे लिए अच्छी तरह से अभ्यास करना और गेंद को अच्छी तरह से हिट करना महत्वपूर्ण था। जब आपकी मानसिकता स्पष्ट होती है तो फिर ऐसी चीजें हो सकती हैं। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान ने कहा कि अगर आप खुद की क्षमता पर संदेह करने लग जाते हो तो फिर दबाव बढ़ सकता है।

संक्षेप

## एशियाई चैंपियनशिप : भारतीय की जीत का सिलसिला जारी

अम्मान (जॉर्डन)। भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ (एसजीएफआई) के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया।

## अगले साल के लिए ग्यारह खिलाड़ी तैयार करेंगे: धोनी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं तथा उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया। धोनी ने संकेत दिया कि खिलाड़ी अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पा रहे हैं लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि वह अगले साल के लिए कोर ग्रुप की पहचान करने के करीब हैं। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा, हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, हम बहुत अधिक खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। हमारे लिए अभी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो हमारा ध्यान अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करना और फिर दमदार वापसी करने पर होगा।

## गिल के लिए दबाव में प्रदर्शन करने सबसे अच्छा मौका : राशिद खान

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है और गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में शुभमन गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने के लिए साहसिक निर्णय लेने का शानदार मौका है। गुजरात टाइटन्स में गिल की अगुआई में खेलने वाले राशिद ने अपने कप्तान की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें एक महान कप्तान बनने के सभी गुण हैं।

# भारतीय महिला टीम पांच मैचों की श्रृंखला के लिए रवाना

एजेंसी



बेंगलुरु। सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। श्रृंखला 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी।

इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। भारत प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को नीदरलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। टेटे ने टीम की रवानगी से पहले कहा हमने बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में वास्तव में कड़ी मेहनत की है और हर कोई इस चुनौती का सामना करने को लेकर उत्साहित है। ऑस्ट्रेलिया ए और ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ खेलने से हमें अपनी रणनीतियों को परखने और एक टीम के रूप में मजबूत बनने का मौका मिलेगा।

**अमेरिका के स्टार एथलीट मोसेस भारत की राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी से हैरान**

मैड्रिड। अमेरिकी एथलेटिक्स के दिग्गज एडविन मोसेस ने भारत की 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि यह तय करने की जरूरत है कि केवल आयोजन के लिए ऐसा किया जा रहा है या फिर इसका उद्देश्य खेलों का विकास करना है। भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दिलचस्पी की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा कर दी है। यही नहीं भारत अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को आशय पत्र सौंपने के बाद 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने की दौड़ में भी शामिल है। भारत पुरुष फुटबॉल में 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाले सात देशों में भी शामिल है।

एक ऐसा खेल जो देश में प्रदर्शन और प्रशासन दोनों के मामले में खराब स्थिति में है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य मोसेस से जब पूछा गया कि क्या राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी से बेहतर खिलाड़ी ढूंढने में मदद मिल सकती है, उन्होंने पीटीआई से कहा यह इस बात पर निर्भर करता है कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए क्या दृष्टिकोण है। क्या यह सिर्फ भारत में एक आयोजन करना है, या वास्तव में खेलों का विकास करना है? यह बड़ा सवाल होगा। उन्होंने कहा आप राष्ट्रमंडल खेल या किसी अन्य बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं। इसे बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा सकता है और इसमें सरकार भी शामिल हो सकती है। ऐसे लोग जिनका खेलों से कोई लेना देना नहीं होता है लेकिन वह सबसे आगे की पंक्ति में बैठते हैं। आप इससे बचना चाहते हैं लेकिन आमतौर पर ऐसा ही होता है। मोसेस को यह समझ में नहीं आ रहा था कि एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में अच्छे खिलाड़ी क्यों तैयार नहीं हो पा रहे हैं।

## आरिफ ने क्लाउडस्पिटल शतरंज टूर्नामेंट जीता

लखनऊ। वरिष्ठ कोच और शहर के अनुभवी खिलाड़ी आरिफ अली ने प्रथम क्लाउडस्पिटल शतरंज ओपन टूर्नामेंट टाईब्रेक स्कोर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जीत लिया। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूर्नामेंट में उन्होंने लखनऊ चेस सेंटर के एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी सईद अहमद के साथ 6-6 अंक अंक साझा किए। इसके बाद टाईब्रेक स्कोर के चलते सईद अहमद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, इस वर्ग में कोचों का दिन रहा जिसमें पवन बाथम ने पांच अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर शहर के उभरते हुए खिलाड़ी लक्ष्य निगम ने आरिफ को हराकर एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। लक्ष्य ने भी 5 अंक हासिल किए लेकिन टाईब्रेक के चलते चौथे स्थान पर रहे। वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में कपिल कुमार खरे और सकीलुद्दीन 4-4 अंक के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। आरपी गुप्ता, मोहम्मद इरफान और केके केशरवानी की तिकड़ी को 3-3 अंकों के साथ संयुक्त दूसरा स्थान मिला। जूनियर अंडर-16 श्रेणी में आर्यमन सिंह और आकि ब जलील ने 5.5-5.5 अंक हासिल करते हुए संयुक्त पहला स्थान प्राप्त किया। बेस्ट अनरेटेड श्रेणी में आरव गर्ग, निखर सक्सेना और नरेंद्र किशोर विजेता रहे।

# नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता अब बेंगलुरु में

एजेंसी



नयी दिल्ली। नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरू के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा जिसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया है जिन्होंने अभी तक भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। चोपड़ा ने वर्चुअल मीडिया बातचीत में पत्रकारों से कहा, मैंने अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है जिसने भी अपने कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के स्थल का नाम बदल दिया है। चोपड़ा ने कहा मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रसारण के लिए 600 लक्स (प्रकाश की तीव्रता का माप) की रोशनी चाहती थी लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा इसलिए इस साल हमने प्रतियोगिता को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मैंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से बात की है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के हर पहलू का ध्यान रखने केलिए हमारे पास जेएसडब्ल्यू की टीम है। मुझे लगता है कि बेंगलुरु में शाम का मौसम इस टूर्नामेंट, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए परफेक्ट होगा। उन्होंने कहा हमारी कोशिश प्रशंसकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव और विदेशी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ आतिथ्य प्रदान करना है। इस टूर्नामेंट का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। चोपड़ा ने कहा मैं इस टूर्नामेंट के आयोजन में काफी जुड़ा हुआ हू। लंबे समय से मेरा सपना भारत में इस तरह का टूर्नामेंट आयोजित करना रहा है। अब इसका आयोजित होना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है। हरियाणा के खंडरा गांव का यह एथलीट तोक्यो ओलंपिक में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता बने और पेरिस में उन्होंने रजत पदक जीता। उन्होंने कहा मैं बहुत उत्साहित हूं। मैंने देश के लिए ओलंपिक और अन्य पदक जीते हैं।

## हैंडबॉल में उत्तर प्रदेश ने दिखाया जीत का दम

लखनऊ। आईपीएल की तर्ज पर पहली बार हैंडबॉल चैंपियनशिप में चीयरलीडर्स की चमक और भव्य उद्घाटन समारोह के साथ अम्बेडकरनगर में शुरू हुई 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए लगातार दो जीत के साथ नॉकआउट दौर में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। चैंपियनशिप के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश ने अपने दूसरे लीग मुकाबले में मध्य प्रदेश को एकतरफा अंदाज में 33-17 से शिकस्त दी। मुकाबले में मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 10 गोल दागे। शुभम और शुभम चौहान ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए 9-9 गोल किए, जबकि डेविड और मनीष यादव ने 4-4 बार गेंद को नेट में पहुंचाया। मध्यांतर तक उत्तर प्रदेश की टीम 14-5 की मजबूत बढ़त बना चुकी थी। इससे पूर्व अपने पहले लीग मैच में उत्तर प्रदेश ने कर्नाटक को 30-15 से हराया था। उस मुकाबले में भी यूपी की टीम ने आक्रामक शुरूआत की और हॉफ टाइम तक 20-6 की निर्णायक बढ़त ले ली थी। मनीष यादव और डेविड ने इस मैच में 7-7 गोल किए, जबकि शुभम ने 6, सोनू चौहान ने 3 और मयंक व रजनीश ने 2-2 गोल दागे। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और खेल को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से पहली बार चैंपियनशिप में चीयरलीडर्स का प्रयोग किया गया है, जिसने आयोजन को अलग ही ऊर्जा दी है।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स व दिल्ली का मुकाबला आज

एजेंसी



लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊसुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है।

दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी। दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर अभी तक बहुत गौर नहीं किया गया है क्योंकि उसकी टीम ने सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और केएल राहुल की मौजूदगी वाले मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन लखनऊकी टीम में दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल गेंदबाज हैं जिनके सामने दिल्ली के बल्लेबाजों को संभलकर खेलना होगा। आवेश खान की डेथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के कारण लखनऊने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को दो रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उसकी टीम का मनोबल बढा होगा। इससे उसकी टीम ने दिखा दिया कि वह किसी भी परिस्थिति में जीत दर्ज कर सकती है। इसके विपरीत लखनऊकी टीम के पास मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन माक्ररम के रूप में शीर्ष क्रम में तीन धाकड़ बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक अपने अच्छे प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। दिल्ली और लखनऊ अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके 10-10 अंक हासिल कर चुके हैं लेकिन दोनों टीमों के कप्तानों का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है।

ज्षभ पंत का रन बनाने के लिए संघर्ष करना लखनऊके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने अभी तक आठ मैच में केवल 106 रन बनाए हैं जिसमें 63 रन की एक पारी भी शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 98 है जो चिंता का विषय है। दिल्ली के खिलाफ पंत को मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, विपराज निगम और मुकेश कुमार की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई से निपटना होगा। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल भी अभी तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 159 के स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए हैं लेकिन उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय है। वह अभी तक सात मैच में केवल एक विकेट ले पाए हैं और उनका इकोनॉमी रेट 9.36 है। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

## कीचड़ भरे मलबे के कारण सफाई और मरम्मत में लग सकते हैं छह दिन



रामबन (जम्मू-कश्मीर)। भूस्खलन से प्रभावित जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजमार्ग से मलबा हटा कर यातायात के लिए उसकी बहाली में लगभग छह दिन लग सकते हैं। रविवार को भारी बारिश होने और बादल फटने से रामबन जिले में अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और कीचड़ भरे मलबे के कारण यह सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 250 किलोमीटर लंबा राजमार्ग बंद हो गया था।

यह राजमार्ग कश्मीर को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला, हर मौसम में खुला रहने वाला एकमात्र रास्ता है। इस आपदा में दो नाबालिग भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोगों को बचाया गया। आपदा में कई सड़कों और आवासीय इमारतों सहित अवसंरचना को नुकसान पहुंचा और कई वाहन मलबे में दब गए। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पुरुषोत्तम कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, सीरी और मारूग के बीच चार किलोमीटर के हिस्से में कुछ जगहों पर तो 20 फुट से अधिक उंचा मलबा जमा हो गया है जिससे स्थिति चुनौतीपूर्ण हो गई है। हमारी भारी मशीनें भी मलबे में दब गई हैं। उन्होंने बताया कि अपने सीमित संसाधनों के बावजूद प्राधिकरण ने निजी ठेकेदारों से मशीनें मंगवाकर प्रभावित स्थानों पर बहाली कार्य में लगाया है। कुमार ने कहा कि मौसम में सुधार हुआ है और यदि सब कुछ अनुकूल रहा तो राजमार्ग को पांच से छह दिन में फिर से यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंथियाल और केला मोड़ के पास राजमार्ग को काफी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, भूस्खलन से प्रभावित जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से वहां फंसे हुए कई यात्री पैदल ही अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखे। राजस्थान के निवासी देवीलाल ने बताया, सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह से नष्ट हो गई है। स्थिति बहुत खराब है। वह कश्मीर के बडगाम जिले के मागम क्षेत्र से घर लौट रहे थे। जमना नाम की एक महिला अपने कंधे पर एक छोटे बच्चे को लेकर संभल-संभल कर चल रही थी। उसने बताया कि अभी भी पहाड़ियों से पत्थर और चट्टानें गिर रही हैं और स्थिति डरा देने वाली है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो दिनों से खाना नहीं खाया है। विवाह के पारंपरिक परिधान में नजर आ रहे ज़हीर अहमद और ज़हीरा बानो को अपने नए जीवन की ओर एक सुगम यात्रा की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें चेनानी से रामबन तक पैदल चलना पड़ा। यह थका देने वाला था, लेकिन एक तरह से इसने दिन को और खास बना दिया। लेकिन मैं नहीं चाहता कि किसी और को ऐसा अनुभव हो।

# वेंस के बच्चों ने पारंपरिक भारतीय परिधान में लोगों का दिल जीता



नयी दिल्ली। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ भारत यात्रा पर आए उनके तीन बच्चे विशेष रूप से चुने गए पारंपरिक भारतीय परिधान में थे जिसने लोगों का दिल जीत लिया।

सोमवार को दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद ही उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। वेंस का आठ वर्षीय बेटा इवान और पांच वर्षीय बेटा विवेक सफेद पायजामा के साथ पीले और भूरे रंग का कुर्ता पहने हुए थे जबकि उनकी तीन वर्षीय बेटी मीराबेल चैती हरे रंग का अनारकली सूट और जैकेट पहनी हुई थी। विमान से उतरते ही उनके तीनों बच्चे इस यात्रा को कवर करने वाले फोटोग्राफरों के बीच लोकप्रिय हो गए तथा उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती रहीं। वेंस और उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा सोमवार को सुबह दिल्ली पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वेंस सफेद शर्ट और लाल टाई के साथ नेवी ब्लू बिजनेस सूट पहने हुए थे तो वहीं उनकी पत्नी सफेद ब्लेजर के साथ लाल रंग की लंबी पोशाक में थीं। वेंस परिवार अक्षरधाम मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने मंदिर के भव्य अग्रभाग के बाहर तस्वीरों के लिए पोज दिए। वेंस और उनका परिवार अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान जयपुर और आगरा जाएगा। सोमवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वेंस के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। वेंस के साथ वरिष्ठ अमेरिकी सरकारी अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। वेंस एक विशेष विमान से जयपुर पहुंचेंगे और रामबाग पैलेस होटल में ठहरेंगे।

संक्षेप

## पत्नी और उसके प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार

मानपुर। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में पुलिस ने एक युवक की हत्या के मामले में उसकी पत्नी, पत्नी के कथित प्रेमी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मोहला थाना क्षेत्र के उरझे गांव निवासी संजीव मांझी (35) की हत्या के आरोप में मांझी की पत्नी यशोदा (33), यशोदा के कथित प्रेमी युगल कुंजाम (19) और धर्मेंद्र मंडावी (24) नाम के एक अन्य व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को बिरझूटोला गांव के रहने वाले रोहित सलामे के खेत में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद पुलिस का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और मृतक की शिनाख्त के लिए ग्रामीणों से पूछताछ की। अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान अकबर सिंह नाम के एक ग्रामीण ने बताया कि शव उसके दामाद संजू उर्फ संजीव कुमार मांझी का है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिससे पता चला कि संजीव की गला घोंटकर हत्या की गई थी। अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ की।

## रणदीप हुड्डा ने की नरेन्द्र मोदी से भेंट

नयी दिल्ली। अभिनेता रणदीप हुड्डा का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात बड़े सम्मान एवं सौभाग्य की बात है। हाल में जाट फिल्म में नजर आए रणदीप हुड्डा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रधानमंत्री के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। इस मौके पर रणदीप हुड्डा की मां आशा हुड्डा और बहन अंजलि हुड्डा भी मौजूद थीं। रणदीप हुड्डा (48) ने लिखा है, भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात थी। हमारे महान देश के भविष्य पर उनकी अंतर्दृष्टि, ज्ञान और विचार हमेशा प्रेरणास्पद हैं।

# नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी



नयी दिल्ली। झारखंड में सुरक्षा बलों द्वारा आठ नक्सलियों को ढेर किए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। झारखंड के बोकारो जिले में सोमवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए।

जिनमें से एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए जारी अभियान में आज सुरक्षाबलों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें से विवेक का नाम का एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था जबकि दो कुख्यात नक्सली भी मारे गए हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षाबलों की सराहना करें। अधिकारियों ने बताया कि 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन और राज्य पुलिस के अभियान में आठ नक्सली मारे गए और एक एके राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल , आठ देसी बंदूक एवं एक पिस्तौल बरामद की गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में उग्रवादी संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति का सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं।

# धोखाधड़ी के शिकार लोगों को 15000 करोड़ की संपत्ति लौटायेगी ईडी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति चिह्नित की है जिसे चालू वित्त वर्ष के दौरान देशभर में रियल एस्टेट, पोंजी और अन्य धोखाधड़ी के शिकार लोगों को लौटाया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दस्तावेजों से पता चला है कि इस संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन विरोधी कानून के तहत उपलब्ध संपत्तियों की वापसी के इस प्रावधान को पिछले साल से जोरशोर से लागू करना शुरू कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय अपराध में ठगी के शिकार हुए वैध मालिकों और सही दावेदारों को उनका हक वापस मिले।

रिकार्ड के अनुसार, अब तक इस प्रावधान के तहत कुल 31,951 करोड़ रुपये की संपत्ति संबंधित वैध मालिकों और सही दावेदारों को लौटायी जा चुकी है। इसमें से 15,201.65 करोड़ रुपये की संपत्ति 2019-21 के बीच भगोड़े आर्थिक अपराधियों-- विजय माल्या और नीरव मोदी से संबंधित तीन धनशोधन मामलों तथा नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) मामले में ठगी के शिकार लोगों को लौटायी गयी गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष जून में ईडी निदेशक राहुल नवीन ने धनशोधन के उन सभी मामलों की व्यापक समीक्षा की थी, जहां धोखाधड़ी के शिकार लोगों को उनकी संपत्ति लौटाई जा सकती है तथा निदेशालय ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया (ठगी के शिकार लोगों को संपत्ति लौटाने की प्रक्रिया) शुरू करने के वास्ते जो आवेदन दायर किए, उनमें उसने 32 मामलों में अदालती आदेश हासिल किये हैं। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2024 से अप्रैल 2025 तक ईडी ने 15,261.15 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2024-25) और चालू वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान ।,488 करोड़ रुपये की संपत्ति बहाल की। अधिकारियों ने कहा कि ईडी प्रमुख ने हाल में एजेंसी के सभी क्षेत्रों (क्षेत्रीय कार्यालयों) को वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति की बहाली के लिए चिह्नित मामलों पर सक्रिय रूप से काम करने के निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक जांच अधिकारियों और उनके पर्यवेक्षी अधिकारियों को अधिकृत अदालत के सामने विशेष आवेदन दायर करने और अंतिम आदेश जारी होने तक उसे आगे बढ़ाने को कहा गया है। जहां प्रतिपूर्ति की जा सकती है, उन और मामलों पर काम किया जा रहा है। धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की मौजूदा योजना के तहत, किसी मामले में सुनवाई पूरा होने से पहले ही सक्षम न्यायालय द्वारा निर्दोष निवेशकों की संपत्ति को वापस करने की प्रक्रिया का आदेश दिया जा सकता है। इसके लिए ईडी को अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल करने की आवश्यकता है।

# चुनाव विभाग की तरह काम कर रहा है ईडी



भुवनेश्वर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मामले का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव विभाग की तरह काम कर रहा है। ईडी ने हाल में नेशनल हेराल्ड मामले के सिलसिले में धन शोधन के आरोप में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

बघेल ने प्रेस वार्ता में कहा कि जब भी कांग्रेस देश और देश के लोगों के हित में जाति आधारित जनगणना और जनसंख्या के अनुसार आरक्षण जैसे बड़े मुद्दे उठाती है, तो भाजपा सरकार पार्टी को बदनाम करने के लिए झूठे और अवास्तविक आरोपों के साथ कांग्रेस पर हमला करना शुरू कर देती है। बघेल ने कहा कि इसका एक स्पष्ट उदाहरण नेशनल हेराल्ड मामला है। इस मामले में 2012 में निर्वाचन आयोग के समक्ष एक याचिका दायर की गई थी, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया था। फिर भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रवर्तन निदेशालय का रुख किया, जिसने भी 2015 में मामला बंद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन ईडी प्रमुख को हटाए जाने के बाद केंद्रीय एजेंसी ने उसी मामले में एक नयी प्राथमिकी दर्ज की और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी से लंबी पूछताछ की गई। भाजपा के चुनाव विभाग के रूप में काम कर रहे ईडी ने अदालत द्वारा दी गई समयसीमा के आखिरी दिन आरोपपत्र दाखिल किया।

# कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल के बयान का बचाव किया

भोपाल। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा ने सोमवार को पार्टी नेता राहुल गांधी का बचाव किया।

जिन्हें अमेरिका में निर्वाचन आयोग के बारे में उनकी कथित टिप्पणी के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशद्रोही करार दिया है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी पर पलटवार करते हुए शैलजा ने आरोप लगाया कि विदेशी धरती पर देश को बदनाम और विपक्षी दलों की आलोचना करने का काम सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। राजधानी भोपाल स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए शैलजा ने कहा कि राहुल गांधी पर आरोप लगाना और उन्हें देशद्रोही बताना भाजपा की पुरानी आदत है। उन्होंने कहा कि मैं याद दिलाना चाहूंगी कि सबसे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बातें बाहर कहना शुरू कीं। उन्होंने विदेश में देश के अंदर की राजनीतिक बातें कहीं, विपक्ष को हमेशा अपमानित किया। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हुई। अमेरिका का दौरा कर रहे राहुल ने एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग ने समझौता कर लिया है और प्रणाली में कुछ गड़बड़ है।

इंटरटेनमेंट...

# हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने पर रश्मि ने लगाई फटकार



**मुंबई**। उर्वशी रौतेला का हालिया बयान विवादों में आ गया है। उन्होंने दावा किया था कि उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम के पास उनके नाम पर एक मंदिर बना है। इस पर स्थानीय पुजारियों और लोगों ने आपत्ति जताते हुए इसे भ्रामक और गलत जानकारी करार दिया। उर्वशी रौतेला के बयान पर टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा 'यह दुख की बात है

**धर्म के नाम पर खेल बंद करो**

कि लोग ऐसे बकवास पर कोई एक्शन नहीं लेते भारत में हिन्दू धर्म का मजाक बनता जा रहा है। वैसे, वह बार-बार अपने जवाब में राजनीतिक रूप से सही थीं। उन्होंने आगे कहा भारत का नाम लेकर ऐसे बेकार बातों को बढ़ावा देना दुखद है कृपया धर्म के नाम पर खेल मत खेलो। रश्मि का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उर्वशी ने बातचीत में कहा कि बद्रीनाथ मंदिर से एक किलोमीटर दूर उनके नाम पर एक मंदिर बना है, जिसे उन्होंने 108 शक्तिपीठों में से एक बताया। बद्रीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी भुवन नौटियाल ने कहा कि मां उर्वशी मंदिर पहले से मौजूद है और उसका संबंध भगवान शिव से है, न कि उर्वशी रौतेला से।

वहीं ब्रह्मकपाल तीर्थ पुरोहित समाज ने इस बयान को हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया और मांग की कि उर्वशी को माफी मांगनी चाहिए। पूरा मामला फिलहाल सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है।

उर्वशी रौतेला ने हाल ही में एक इंटरव्यू में दावा किया था कि उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर के पास उनका मंदिर है। जब उनसे पूछा गया कि क्या मंदिर में उनकी पूजा होती है, तो उन्होंने कहा जाहिर है मंदिर में पूजा ही होती है।

# कार्तिक आर्यन नहीं, सुशांत करने वाले थे 'चंदू चैंपियन'



**मुंबई**। कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन साल 2024 में रिलीज हुई थी। लेकिन इस फिल्म को कार्तिक से पहले दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत करने वाले थे। इस बात का खुलासा खुद फिल्म में काम कर चुके एक्टर भुवन अरोड़ा ने किया है।

हिंदी रश से बातचीत में एक्टर भुवन अरोड़ा ने कहा, 'मैंने चंदू चैंपियन नाम की एक फिल्म की थी। पहले इस फिल्म को सुशांत सिंह राजपूत करने वाले थे। फिल्म की कहानी के राइट्स भी उन्हीं के पास थे। उन्होंने ये राइट्स मुरलीकांत पेटकर जी से लिए होंगे। खुद मुरलीकांत सर ने भी अपने एक इंटरव्यू में इसका जिक्र किया था। एक्टर ने आगे कहा 'मैं एक बार एयरपोर्ट पर सुशांत से मिला था, तब उन्होंने मुझे बताया था कि वह एक पैरालंपिक स्विमर पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। हम दोनों को ही एक्टिंग बहुत पसंद थी और हम अक्सर इसके बारे में बात करते थे। हमने इस फिल्म को लेकर भी बातचीत की थी। हालांकि, फिर मेरे दिमाग से इस फिल्म का ख्याल निकल गया था। लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई, तब मैंने मुरलीकांत सर का इंटरव्यू देखा, जिसमें उन्होंने बताया कि ये फिल्म पहले सुशांत करने वाले थे।

# अनुराग कश्यप के खिलाफ इंदौर में भी शिकायत दर्ज



मुंबई। एक्टर-डायरेक्टर अनुराग कश्यप फिल्म फुले का सपोर्ट करने को लेकर विवादों में है।

अनुराग के खिलाफ पहले मुंबई और अब इंदौर में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। डायरेक्टर पर आरोप है कि उनके आपत्तिजनक बयानों से ब्राह्मण समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसके चलते उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही है। अनुराग कश्यप पर शनिवार 19 अप्रैल को मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में शिकायत दर्ज की गई। एमजी रोड पीएस प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने न्यूज एजेंसी अठक को बताया, 'अनूप शुक्ला ने अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। क्योंकि उन्होंने ब्राह्मण समुदाय की सामाजिक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जांच चल रही है। दरअसल, फिल्म की रिलीज टालने को लेकर अनुराग कश्यप भड़क गए थे।

# धनुष की फिल्म के सेट पर लगी भीषण आग



**मुंबई**। साउथ सुपरस्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म इडली कडाई के सेट पर भीषण आग लग गई है। आग से सेट जलकर राख हो चुका है। हालांकि रिपोर्ट्स की मानें तो इससे किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आ सका है। फिल्म इडली कडाई की शूटिंग बीते कुछ समय से तमिलनाडु के थेनी जिले के

**शूटिंग रुकी, आग पर काबू**

पास स्थित अंदीपट्टी गांव में चल रही थी। शूटिंग के लिए गांव में सड़क, घरों और दुकानों का बड़ा सेट तैयार किया गया था। इस सेट पर कुछ दिनों के लिए शूटिंग रोककर दूसरे सेट पर की जा रही थी। इस लोकेशन पर जल्द ही दोबारा शूटिंग शुरू की जाने वाली थी, हालांकि इससे पहले ही सेट आग की चपेट में आ गया है। हाल ही में आई द ब्लेज की रिपोर्ट के अनुसार, सेट को बनाने में ज्वलनशील मटेरियल का इस्तेमाल किया गया था। ऐसे में तेज हवाओं के चलते आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग देखकर अंदीपट्टी अग्निशमन विभाग को सूचना दी।

करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक सेट पूरी तरह जल चुका था। बताते चलें कि फिल्म इडली कडाई में लीड रोल निभाने के साथ-साथ धनुष ने ही इसे डायरेक्ट और को-प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म को इसी साल 1 अक्टूबर को रिलीज करने के लिए शेड्यूल किया गया है। फिल्म में धनुष के साथ साउथ एक्ट्रेस निथ्या मेनन लीड रोल में हैं।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com